सूर्योदय 6:53 सूर्यास्त 6:17

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.0 न्यू | 19.0 अधि |
| धर्मशाला | 11.0 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,276 |
| निफ्टी | 25,483 |
| सोना | 1,59,008 |
| चांदी | 2,65,417 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 26 फरवरी 2026 | 15 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 60, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### नहीं बदलेगा 'यादव जी की लव स्टोरी' का नाम

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 'घूसखोर पंडित' के बाद फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' अपने टाइटल को लेकर विवादों में आ गई है। विश्व यादव परिषद के प्रमुख ने फिल्म पर बैन लगाने या फिल्म का टाइटल बदलने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसमें एक हिंदू लड़की एक मुस्लिम लड़के से शादी करती है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि नाम यादव समुदाय को गलत तरीके से नहीं दिखाता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने कहा 'रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री को देखा और पाया कि शिकायत यह है कि फिल्म का नाम यादव कम्युनिटी को समाज में गलत तरीके से दिखाता है। इसलिए, इसका नाम बदला जाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### अरुणाचल की महिलाओं पर कमेंट करने वाला दंपती काबू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश की 3 महिलाओं पर नस्लीय टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली पुलिस ने आरोपी रूबी जैन और उसके पति हर्ष सिंह को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने कपल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा है। इससे पहले मंगलवार को हर्ष सिंह ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा कि हम शर्मिंदा हैं। ये सब कुछ हीट ऑफ द मोमेंट में हो गया। हर्ष ने कहा कि मामले में हम दिल्ली पुलिस का पूरी तरह से सहयोग कर रहे हैं।

### वरमाला के दौरान युवक ने दुल्हन को मारी गोली

**एजेंसी, बक्सर।** बिहार के बक्सर में वरमाला के दौरान स्टेज पर दुल्हन को उसके प्रेमी ने गोली मारी और वहां से फरार हो गया। दुल्हन को सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी गंभीर हालत देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया गया है। यहां उसका ऑपरेशन किया जाएगा। घटना मंगलवार रात की है। दुल्हन ने बताया कि उसे दीनबंधु ने गोली मारी है। घटना मुफस्सिल थाना इलाके के नगर चौसा पंचायत के मल्लाह टोला की है। परिवार का कहना है कि युवक उनकी बेटी से एकतरफा प्यार करता है। (अनंत ज्ञान)

### इंडिगो फ्लाइट में चार घंटे फंसे रहे 200 यात्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।** चेन्नई से सिंगापुर जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 1025 24 फरवरी को तकनीकी कारणों से करीब 5 घंटे लेट हो गई। इससे विमान में बैठे 200 से ज्यादा यात्री रनवे पर फंसे रहे। उन्होंने जानकारी के अभाव और एयर कंडीशनिंग की समस्या को लेकर भी नाराजगी जताई। घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में यात्री क्रू से टेक-ऑफ में देरी का कारण पूछते दिख रहे हैं। एक यात्री ने आरोप लगाया कि विमान के अंदर एयर कंडीशनिंग बार-बार बंद हो रही है, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो रही है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- ठियोग में चिट्टे के खिलाफ उमड़ा जनसैलाब -पेज 2
- हिमाचल में फिर बजेगी सरकारी लॉटरी की घंटी -पेज 3
- वार्षिक परीक्षाओं को स्कूल बोर्ड ने दिया तैयारियों को अंतिम रूप -पेज 5
- निगरानी में होगी आटा पिसाई: एसपी कत्याल -पेज 11


# युकां नेताओं की गिरफ्तारी पर नौ घंटे ड्रामा

## एआई समिट में हंगामा करने के बाद रोहडू के होटल में छिपकर रह रहे थे तीन आरोपी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला/सोलन।** दिल्ली में हुए एआई समिट के दौरान हंगामा और प्रदर्शन करने के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर हिमाचल आई दिल्ली पुलिस को आखिर नौ घंटे के हाई प्रोफाइल ड्रामे के बाद कामयाबी मिली। बुधवार देर रात करीब 7:30 बजे हिमाचल और दिल्ली पुलिस के बीच पैदा हुआ गतिरोध उस वक्त खत्म हो गया, जब स्थानीय अदालत में पेश आरोपियों को फिर दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया गया।

इससे पहले दिल्ली पुलिस ने शिमला जिले के रोहड़ू से तड़के करीब 5 बजे युवा कांग्रेस के तीन नेताओं को गिरफ्तार किया था। जैसे ही सुबह 10 बजे दिल्ली पुलिस सोलन के धर्मपुर पहुंची तो वहां हिमाचल पुलिस ने नाका लगाकर उन्हें छुड़ा लिया। यही नहीं दिल्ली पुलिस के 12 से अधिक जवानों को भी हिरासत में लिया गया था। इसके बाद इन्हें शिमला के चक्कर कोर्ट में पेश किया गया था। हिमाचल पुलिस ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई को अवैध बताकर यह कार्रवाई की थी, क्योंकि प्रदेश पुलिस को तीन युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की कोई सूचना नहीं दी गई थी। इस घटनाक्रम के बाद हिमाचल और दिल्ली की पुलिस आमने-सामने आ गई थी। दोनों राज्यों की पुलिस अपने उच्च अधिकारियों से फोन पर संपर्क करते रही और मामले को सुलझाने की तरकीब निकालती रही।



### युकां के राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी अलोकतांत्रिक : विनय कुमार

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कहा है कि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों पर किया गया हमला है। उन्होंने इस कार्रवाई को शर्मनाक, अलोकतांत्रिक और तानाशाही प्रवृत्ति का उदाहरण बताया। विनय ने कहा कि युवा नेता को सिर्फ इसलिए गिरफ्तार करना कि उसने शांतिपूर्वक अपनी बात रखी, यह साबित करता है कि मोदी सरकार युवा शक्ति, सच बोलने वालों और सरकार से सवाल पूछने वालों से घबराने लगी है। उन्होंने कहा कि जो सरकार युवाओं की आवाज से डर जाए, वह कितनी कमजोर और असुरक्षित है, यह देश साफ देख रहा है। उन्होंने कहा कि देश में जो माहौल मोदी सरकार ने खड़ा किया है, उसमें हर असहमति को अपराध, हर विरोध को देशद्रोह बताने की कोशिश हो रही है। यह लोकतंत्र की जड़ें खोखली करने वाला खतरनाक कदम है। विनय कुमार ने कहा कि मोदी सरकार को याद रखना चाहिए कि देश संविधान से चलता है। किसी एक व्यक्ति के अहंकार, डर या मनमर्जी से नहीं।

### हिमाचल के नहीं हैं तीनों युवा कांग्रेस पदाधिकारी

**सूत्रों** के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई एआई समिट 2026 के दौरान टी-शर्ट उतारकर दिल्ली में प्रदर्शन मामले में की है। सूत्र बताते हैं कि जिन इंडियन यूथ कांग्रेस के अरबाज, सौरव और सिदार्थ को गिरफ्तार किया गया है, वे हिमाचल के नहीं, बल्कि दूसरे राज्यों के हैं। आरोप है कि तीनों प्रदर्शन में शामिल थे। बताया जा रहा है कि वे छुपने के लिए शिमला के रोहड़ू पहुंचे थे। इससे पहले दिल्ली पुलिस तड़के सुबह 3 गाड़ियों में रोहड़ू पहुंची थी।

# हाईकोर्ट पहुंचा भाजपा विधायक हंसराज पर दर्ज पोक्सो मामला

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** चंबा से जुड़े बहुचर्चित पोक्सो प्रकरण में नया मोड़ आ गया है। पीड़िता ने भाजपा विधायक हंस राज के विरुद्ध हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाते हुए आपराधिक विविध याचिका दायर की है। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार और अन्य संबंधित पक्षों को



**◆ प्रतिवादियों को नोटिस भेजे चार सप्ताह में मांगा जवाब**

नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह मामला एक्स बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य एवं अन्य शीर्षक से विचाराधीन है। याचिका में बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम के तहत दर्ज मामले की जांच पर न्यायिक निगरानी और आवश्यक दिशा-निर्देश देने की मांग की गई है। पीड़िता का आरोप है कि जांच प्रक्रिया के दौरान कई स्तरों पर अनियमितताएं हुईं और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए उच्च न्यायालय का हस्तक्षेप आवश्यक है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता बीएल सोनी और अधिवक्ता नितिन सोनी ने न्यायालय में पक्ष रखा।

उन्होंने पुष्टि की कि अदालत ने राज्य सहित संबंधित निजी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर दिया है। राज्य की ओर से पेश हुए विधि अधिकारी ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिस पर न्यायालय ने चार सप्ताह की अवधि प्रदान की है।

### विधायक को निचली अदालत ने दी है जमानत

**मामले** में निचली अदालत द्वारा विधायक को नियमित जमानत पहले ही प्रदान की जा चुकी है। हालांकि पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसे धमकियां दी गईं और जांच पर राजनीतिक प्रभाव डालने का प्रयास हुआ। अब उच्च न्यायालय द्वारा संज्ञान लेने और नोटिस जारी किए जाने से मामले की दिशा और गति पर व्यापक असर पड़ सकता है।

# मनाली में झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पोते की मौत

अनंत ज्ञान

**मनाली।** मनाली में घूमने आए झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पोते वीर सोरेन की मंगलवार को मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि 24 फरवरी की शाम को सिविल अस्पताल मनाली से थाने में सूचना मिली थी कि वीर सोरेन को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया है। शव का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा फोटोग्राफ लिए गए और निरीक्षण के दौरान शव पर किसी भी प्रकार के बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए।

**◆ 22 फरवरी को दोस्तों के साथ मनाली आया था घूमने**


वीर सोरेन अपने मित्रों के साथ 22 फरवरी को मनाली घूमने आया था और वे सभी सिमसा में एक निजी होटल में ठहरे हुए थे। 23 फरवरी को वीर और उनके दोस्त सोलंग वैली और हामटा पास के पास सेथन गांव घूमने गए थे और शाम को पुन: होटल में ठहरे थे। इस दौरान मंगलवार को दिन में वे सभी होम स्टे के आसपास घूमकर लगभग 12:30 बजे वापस लौटे तो वीर सोरेन सोया हुआ था। इस पर दोस्तों को उसने बताया कि उसके सिर में अत्यधिक दर्द हो रहा है और इस पर साथियों ने दवाई मंगवाकर उसे दी, जिसके बाद वह पुन: सो गया। लगभग 02:30 बजे कमरे से गिरने की आवाज आई और तो दोस्तों ने जाकर देखा तो वीर सोरेन बेड से नीचे गिरा हुआ था। आनन-फानन में दोस्त उसे गाड़ी में सिविल अस्पताल मनाली लाए। इस दौरान अस्पताल लाते समय उसके मुंह से झाग निकलना शुरू हो गया था। अस्पताल में चिकित्सकों ने काफी देर तक सीपीआर भी दी, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

वहीं, घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मनाली पहुंचे। उन्होंने शव का पोस्टमार्टम कराने से साफ इनकार कर दिया और शव को अपने साथ लेकर पैतृक स्थान के लिए रवाना हो गए।

# ठेकेदारों को 20 लाख रुपए तक के बिलों का होगा भुगतान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य के लोक निर्माण तथा जल शक्ति सहित विभिन्न विभागों से जुड़े ठेकेदारों के 20 लाख रुपए तक के सभी लंबित बिलों की अदायगी के निर्देश देने का बड़ा और अहम निर्णय लिया है। उन्होंने वित्त विभाग को स्पष्ट आदेश दिए हैं कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट न आए और छोटे ठेकेदारों को तत्काल राहत मिल सके। वित्त विभाग के अनुसार लगभग 225 करोड़ रुपए की बकाया राशि शीघ्र ही संबंधित ठेकेदारों को जारी की जाएगी। सरकार का मानना है कि लंबे समय से भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे छोटे और मध्यम श्रेणी के ठेकेदार आर्थिक दबाव से जूझ रहे थे, जिससे निर्माण कार्यों की गति भी प्रभावित हो रही थी। इस निर्णय से न केवल उनकी वित्तीय स्थिति सुदृढ़ होगी, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक संचार होगा। सरकार ने कहा कि है कि प्रदेश में चल रहे विकास कार्य सुचारु, निर्बाध और समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ें। लोक निर्माण, पेयजल और अन्य आधारभूत संरचना से जुड़े प्रकल्पों को गति देने के लिए यह कदम मील का पत्थर साबित हो सकता है। मुख्यमंत्री ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी जनहित और विकास को प्राथमिकता देते हुए ऐसे व्यावहारिक निर्णय लिए जाते रहेंगे।



### सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय का अश्लील कंटेंट दिखाने पर एक्शन

# पांच ओटीटी प्लेटफॉर्म ब्लॉक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मंगलवार देर शाम को 5 ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ( ओटीटी) को ब्लॉक कर दिया है। जिन प्लेटफॉर्म पर कार्रवाई हुई, उनमें मूडएक्सवीआईपी, कोयल प्लेप्रो, डिजी मूवीप्लेक्स, फील और जुगनू शामिल हैं। सरकार का कहना है कि इन प्लेटफॉर्म पर अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट दिखाया जा रहा था।

यह कंटेंट आईटी एक्ट 2000, आईटी नियम 2021, आईपीसी की धारा 292 और महिलाओं को गलत तरीक से दिखाने से जुड़े कानूनों का उल्लंघन करता पाया गया। यह पहली बार नहीं है जब सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक किया है। पिछले साल जुलाई में 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म बैन किए गए थे। एएलटीटी ऐप अप्रैल 2017 में फिल्म और टीवी प्रोड्यूसर एकता कपूर ने लॉन्च किया था।




उल्लू ऐप को आईआईटी कानपुर से ग्रेजुएट विभु अग्रवाल ने 2018 में बनाया था। इससे पहले मार्च 2024 में सरकार ने अश्लील कंटेंट को लेकर 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बैन लगाया था। साथ ही 19 वेबसाइट्स, 10 ऐप्स और 57 सोशल मीडिया हैंडल्स भी ब्लॉक कर दिए थे। (अनंत ज्ञान)

### ऑनलाइन कंटेंट को लेकर सरकार की गाइडलाइंस

**भारत** सरकार ने 2021 में 'द इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी रूल्स' बनाए थे। इसे 6 अप्रैल, 2023 को अपडेट किया गया। 30 पेज की गाइडलाइन में सोशल मीडिया, फिल्म और वेब सीरीज के लिए नियम बताए गए हैं। पेज नंबर-28 पर फिल्म, वेब सीरीज और एंटरटेनमेंट प्रोग्राम के लिए जनरल गाइडलाइंस है। इसमें टारगेट ऑडियंस के आधार पर कैटेगरी तय करना जरूरी है। ये चेतावनी देना भी जरूरी है कि आप क्या कंटेंट दिखा रहे हैं। गाइडलाइंस के मुताबिक, ओटीटी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर ग्रीवांस ऑफिसर रखने होंगे। कंटेंट कानून के हिसाब से होना चाहिए। उसमें सेक्स न हो, एंटी नेशनल न हो और बच्चों-महिलाओं को नुकसान पहुंचाने वाला न हो।

# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट्स रद्द, 5 लाख घर अंधेरे में डूबे

## 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार भी छप नहीं सका

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20% था।

यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ



हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई।

मंगलवार रात तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और ऑफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए। (अनंत ज्ञान)

# 'ज्यूडिशियल करप्शन' चैप्टर वाली किताब की बिक्री पर रोक

## सीजेआई सूर्यकांत बोले- किसी को न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं देंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की आपत्ति के बाद 'ज्यूडिशियल करप्शन' चैप्टर वाली एनसीआरटी किताब की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने इसकी पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि किताब से विवादित हिस्सा हटाया जा सकता है।

अब एनसीआरटी ने चैप्टर का सुझाव देने वाले एक्सपर्ट्स और इसे मंजूरी देने वाले अधिकारियों की इंटरनल मीटिंग बुलाई है। किताब को वेबसाइट से भी हटा लिया गया है। सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में यह मामला उठाया था। सिब्बल ने सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच को बताया कि क्लास 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। यह निंदनीय है।



सिंघवी ने कहा कि एनसीआरटी ने मान लिया है कि राजनीति, ब्यूरोक्रेसी और अन्य संस्थानों में भ्रष्टाचार है ही नहीं। इसपर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। यह एक सोची-समझी और गहरी साजिश लगती है। मुझे पता है इससे कैसे निपटना है। मैं यह केस खुद हैंडल करूंगा। (अनंत ज्ञान)

### इस क्लास की सोशल साइंस की बुक में था चैप्टर

**एनसीआरटी** ने 23 फरवरी को क्लास 8 की सोशल साइंस की नई टेक्स्ट बुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटी: इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडिशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है।

### समुदाय विशेष को टारगेट नहीं कर सकते बड़े नेता व अफसर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे नेता-अफसर किसी समुदाय को धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर निशाना नहीं बना सकते। ऐसा करना संविधान के खिलाफ है। किसी भी माध्यम से समुदाय को बदनाम नहीं करने दे सकते। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने आगामी नेटफ्लिक्स क्राइम थ्रिलर घूसखोर पंडत पर 19 फरवरी को सुनवाई की थी। ये टिप्पणियां जस्टिस भुइयां ने फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिका पर अपने अलग फैसले में कही थीं। कोर्ट के ऑर्डर की डिटेल कॉपी आने के बाद बुधवार को जानकारी सामने आई है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नौ साल बाद पहुंचे इसराइल



**एजेंसी, तेल अवीव**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को 2 दिन के इसराइल दौरे पर पहुंचे। वह 9 साल बाद इसराइल पहुंचे हैं। इससे पहले वह जुलाई 2017 में गए थे। इसराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और उनकी पत्नी सारा नेतन्याहू ने एयरपोर्ट पर मोदी को रिसीव किया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ पीएम का स्वागत किया गया। एयरपोर्ट पर ही पीए मोदी और नेतन्याहू ने राजधानी तेल अवीव में प्राइवेट बातचीत भी की। इसके बाद वे होटल के लिए रवाना हुए। होटल पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने पीएम मोदी का स्वागत किया। इस दौरान कलाकारों ने परफोर्मेंस भी दी। (अनंत ज्ञान)

**अनदेखी** चार दशक के बाद भी चिन्हित नहीं हुए नए पर्यटन स्थल, जो हैं, उनको विकसित करने में सरकारें नाकाम

# सरकार की नजर-ए-इनायत को तरस रहे मनाली के अनछुए पर्यटन स्थल

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। कोरोना व आपदा काल को छोड़ दें तो कुल्लू मनाली में पर्यटकों का आंकड़ा हर साल बढ़ रहा है लेकिन पर्यटन व्यवसाय अभी भी पुराने ढर्रे पर ही चला है।

पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटकों की संख्या में भले ही वृद्धि हुई है लेकिन मनाली में पर्यटकों का ठहराव लगातार कम होता जा रहा है। अधिकांश पर्यटक दो या तीन दिन से अधिक मनाली में नहीं रुकता है। जिस का प्रमुख कारण नए पर्यटक स्थलों की कमी है। चार दशकों के बाद भी मनाली में नए पर्यटक स्थल चिह्नित नहीं हो पाई है। ऐसा नहीं है कि मनाली में पर्यटक स्थलों की कमी है। कुदरत ने मनाली को बहुत कुछ दिया है बस राजनीतिक इच्छा शक्ति की कमी है। मनाली के अनछुए पर्यटन स्थल भृगु, दशौहर, हामटा, रानी सुई, चंद्रखणी, लमाढुग स्थान पर्यटन की दृष्टि से विकसित नहीं हो पाए हैं।

सड़क और अन्य सुविधाओं के अभाव में बहुत कम संख्या में ही सैलानी यहां आते हैं। हामटा में हालांकि सर्दियों में बर्फ रहती है, लेकिन यदि सड़क कुछ किलोमीटर आगे तक निकली जाए तो गर्मी में भी यहां बर्फ देखने को मिलेगी। इससे रोहतांग जाने वाले पर्यटक को एक अन्य स्थल मिल जाएगा। मनाली में इस बार आपदा के कारण भारी नुकसान हुआ है, जिससे पर्यटन कारोबार भी दो तीन-माह ठप रहा। दशहरा, दिवाली में कारोबार के गति पकड़ने की उम्मीद थी, लेकिन उम्मीद से कम ही पर्यटक पहुंचे। सच्चाई तो यह है कि मनाली के अनछुए पर्यटन स्थलों को विकसित करने में किसी भी सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। परिणामस्वरूप यातायात समस्या बढ़ने के साथ मनाली में पर्यटकों का ठहराव भी नहीं बढ़ पाया। पर्यटकों की पहली पसंद जहां रोहतांग दर्रा है।

### रोहतांग पास पर बढ़ रहा पर्यटकों का दवाब

**अनछुए** पर्यटन स्थल विकसित न होने से रोहतांग दर्रे पर पर्यटकों का दवाब बढ़ा है, जिसके बाद एनजीटी को हस्तक्षेप करना पड़ा। एनजीटी ने दर्रे में वाहनों की संख्या सीमित कर दी है। ऐसे में यदि पर्यटन नगरी मनाली में नए पर्यटन स्थलों को विकसित किया जाता है तो पर्यटन कारोबार को भी पंख लगेंगे। हालांकि अटल टनल भी पर्यटकों को आकर्षित कर रही है लेकिन इसी तरह और भी पर्यटन स्थल अगर हों तो मनाली के पर्यटन कारोबार को पंख लगेंगे।



### अन्य पर्यटन स्थल भी किए जाएं विकसित : मुकेश

**होटलियर** ऐसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश ठाकुर का कहना है कहा कि कुछ साल पहले ऐसोसिएशन ने सरकार से हामटा पास से आगे लगभग पांच किलोमीटर तक सड़क बनाने कि मांग की थी। इससे रोहतांग का पर्यटक बंट सकता है। वहीं, अन्य पर्यटन स्थलों को भी विकसित किया जाना चाहिए। अगर सरकार इस दिशा में कार्य करेगी तो मनाली के पर्यटन कारोबार और पंख लगेंगे।

अनंत ज्ञान स्पैशल

> **सरकार** हिमाचल के अन्य पर्यटन स्थलों की तरह मनाली के पर्यटन स्थलों को भी विकसित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है। अनछुए पर्यटन स्थलों के विकसित होने से मनाली में पर्यटन कारोबार बढ़ेगा, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।
>
> -भुवनेश्वर गौड़, विधायक मनाली विस क्षेत्र

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला पुलिस ने हेरोइन तस्करों पर कसा शिकंजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ अपनी शून्य सहनशीलता अभियान को तेज करते हुए चौपाल तहसील के संदीप कुमार उर्फ सैंडी को तीन महीने के लिए एहतियाती निरुद्ध किया। पुलिस अभिलेखों के अनुसार वह सदर और ढली थाना क्षेत्रों में कई हेरोइन मामलों में संलिप्त रहा, जिसमें 2.17 ग्राम से 26 ग्राम तक हेरोइन बरामद हुई। पिछले 28 दिनों में 22 आदतन और संगठित तस्करों को निरुद्ध किया जा चुका है। इसी क्रम में रामपुर में जांच के दौरान कुख्यात अंतरराज्यीय हेरोइन सप्लायर विजय बिहारी उर्फ डेविड को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। मोबाइल कॉल, व्हाट्सऐप और बैंक लेनदेन के विश्लेषण से पता चला कि यह खेप पंजाब से उसके नेटवर्क के माध्यम से आई थी। पुलिस डेविड के सहयोग से ड्रग सप्लाई श्रृंखला की आगे-पीछे की कड़ियों को जोड़कर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने में जुटी है।

### मार्केट फील्ड एजेंट पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 28 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जिला रोजगार कार्यालय शिमला द्वारा निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 28 फरवरी को प्रातः 11 बजे कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह साश्र्ठठत्कठर मःपजल स्स्मठल ज्स्लपल, यज़्बफ़्र मठक्लि ट पेलन के डलए मठक्ाल ट फफक्ड एजांट के ङ0 पदें के भरन। वतढ डजलठ रेजगठर कठयठललय डछठमलठ पडरपर मां अठयेडजत ब्ेगठ। इन पदों के लिए अभ्यर्थी का 12वीं अथवा स्नातक उत्तीर्ण होना तथा कंप्यूटर का सामान्य ज्ञान अनिवार्य रखा गया है। आयु सीमा 25 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है तथा पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक दस्तावेज एवं जीवनवृत्त सहित निर्धारित तिथि को समय पर उपस्थित होना होगा। अधिक जानकारी के लिए जारी दूरभाष क्रमांक 78078-36213 पर संपर्क किया जा सकता है।

### नशा तस्करों पर कड़ी निगरानी के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त शिमला की अध्यक्षता में बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय मासिक एनकॉर्ड समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नशे की बढ़ती समस्या पर गहन समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही शिमला को नशा-मुक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एनकॉर्ड समिति सामाजिक जागरूकता और कानूनी कार्रवाई, दोनों स्तरों पर कार्य कर रही है ताकि युवाओं को सुरक्षित और स्वस्थ जीवन की राह दिखाई जा सके। उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में समितियों का गठन शेष है, वहां शीघ्र गठन सुनिश्चित किया जाए तथा पंचायत चुनाव संपन्न होने तक अन्य हितधारकों के साथ समन्वय बैठकें जारी रखी जाएं। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि पुलिस नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कर रही है और संदिग्ध संपत्तियों की भी जांच की जा सकती है। उन्होंने प्रशासनिक टीमों को ऐसे मामलों में विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग को नशे की ओवरडोज से होने वाली मौतों में कमी लाने के लिए ठोस रणनीति अपनाने को कहा गया।

### 28 फरवरी तक बढ़ी ई-केवाईसी की अंतिम तिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों को बड़ी राहत देते हुए ई-केवाईसी सत्यापन की अंतिम तिथि 28 फरवरी तक कर दी है। विभागीय निर्देशों के अनुसार यह विस्तार उन लाभार्थियों को अंतिम अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है, जिनका सत्यापन अभी तक लंबित है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी संबंधित लाभार्थी विस्तारित अवधि के भीतर अपना ई-केवाईसी अनिवार्य रूप से पूर्ण कर लें, ताकि पेंशन निर्बाध रूप से जारी रह सके। विभाग ने चेतावनी दी है कि निर्धारित तिथि के बाद जिन लाभार्थियों का ई-केवाईसी नहीं होगा, उनके पेंशन खाते स्थायी रूप से बंद किए जा सकते हैं। ई-केवाईसी सत्यापन से जुड़ी किसी भी जानकारी या समस्या के समाधान के लिए लाभार्थियों को अपने नजदीकी जिला कल्याण अधिकारी, तहसील कल्याण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, परियोजना पर्यवेक्षक अथवा संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से तुरंत संपर्क करने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने सभी लाभार्थियों से समय रहते प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की।

### रामपुर विद्युत उपमंडल में 27 से बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** विद्युत उपमंडल रामपुर के उपभोक्ताओं को विभाग द्वारा सूचित किया गया है कि 27 फरवरी से 3 मार्च तक विद्युत कार्यालय से संबंधित सभी सेवाएं बंद रहेगी। उपमंडल अधिकारी (विद्युत) राजेश मुखिया ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड लिमिटेड द्वारा एसएपी-आईएसयू सॉफ्टवेयर इंफ्रास्ट्रक्चर के अपग्रेडेशन के कारण 27 फरवरी से 3 मार्च तक एस ए पी, आईएसयू/सी आर एम से संबंधित सभी सेवाएं जैसे मीटरिंग, बिलिंग, कलेक्शन, कंज्यूमर पोर्टल, मोबाइल एप्लीकेशन आदि सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेगी। इस दौरान ऑनलाइन बिल भुगतान, न्यू कनेक्शन, नाम परिवर्तन, शिकायत पंजीकरण सहित संबंधित सेवाएं उपलब्ध नहीं हो सकेंगी। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

### पदोन्नति वेतन वृद्धि पर हाईकोर्ट में टकराव

**आनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को पदोन्नति वेतन वृद्धि का लाभ देने संबंधी एकल न्यायाधीश के फैसले के विरुद्ध उच्च न्यायालय में अपील दायर की है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावलिया और न्यायाधीश बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने अपील पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए हैं। अदालत ने राज्य सरकार बनाम सूर्या प्रभा मामले में अपील दायर करने में हुई 176 दिनों की देरी को माफ कर दिया। हालांकि, खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश के निर्णय पर तत्काल कोई अंतिम रोक नहीं लगाई है। मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को निर्धारित की गई है। अब इस प्रकरण में उच्च न्यायालय के अंतिम निर्णय पर प्रदेश के अनेक कर्मचारियों की निगाहें टिकी हुई।

# ठियोग में चिट्टे के खिलाफ उमड़ा जनसैलाब

## बाजार बंद कर युवाओं ने बुलंद की आवाज, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी बने अभियान का हिस्सा

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जिला शिमला के ठियोग में उस समय जनसैलाब उमड़ पड़ा जब सैकड़ों लोग 'चिट्टा' जैसे घातक नशे के खिलाफ एक स्वर में सड़कों पर उतर आए। हाथों में तिरंगा, बैनर और चेतावनी भरे संदेशों वाली तख्तियां लिए महिलाओं, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब समाज इस जहर को और बर्दाश्त करने को तैयार नहीं है। 'युवा जागरूक मंच' के आह्वान पर निकली यह जागरूकता रैली केवल एक प्रदर्शन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को बचाने की पुकार बन गई। लोगों की आंखों में चिंता थी, लेकिन कदमों में दृढ़ता और आवाज में आक्रोश साफ झलक रहा था।



रैली में तिरंगा और संदेश पट्टिकाएं लेकर शामिल हुए लोग। अनंत ज्ञान

रैली की शुरुआत ठियोग के राजीव गांधी (पोटेटो ग्राउंड) खेल मैदान से हुई, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। वहां से यह जनसमूह नारे लगाते हुए शाली बाजार से होकर एसडीएम कार्यालय तक पहुंचा। रास्ते भर 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' और 'चिट्टा मुक्त ठियोग' जैसे नारों से वातावरण गूंजता रहा। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले कुछ समय में क्षेत्र के कई युवाओं की जान नशे की गिरफ्त में जाकर चली गई है, जबकि अनेक परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच गए हैं।

मंच के पदाधिकारी अरुण चंदेल और रोहित ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से गांव-गांव, घर-घर और दफ्तरों में जाकर लोगों को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और कानून में आवश्यक संशोधन की मांग उठाई। उनका कहना था कि यदि समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए तो हमारी अगली पीढ़ी अंधकार में धकेल दी जाएगी। रैली में क्षेत्र के महिला मंडल, युवक मंडल, सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोक कलाकारों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

### ठियोग व्यापार मंडल ने भी किया अभियान का खुला समर्थन

**ठियोग** व्यापार मंडल ने भी इस अभियान को खुला समर्थन देते हुए सुबह 11 बजे तक बाजार बंद रखा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजय ठाकुर ने इसे युवाओं की सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग को नशे के विरुद्ध आगे आना होगा। दो घंटे तक बंद रही दुकानों ने यह संदेश दिया कि ठियोग अब चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के लिए तैयार है।

मानसिक क्रूरता का मामला

# झूठी एफआईआर के बाद पति को मिला तलाक

- अदालत की सख्त टिप्पणी आरोपों में विरोधाभास पर उठे सवाल
- अलग रहने की व्यवस्था के बावजूद नहीं लौटी पत्नी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला में अतिरिक्त प्रधान परिवार न्यायालय ने एक अहम फैसले में कहा है कि वैवाहिक जीवन के दौरान बार-बार आपराधिक मुकदमे दर्ज कराना मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आ सकता है। ठियोग में कैंप कर रही अदालत ने कोटखाई उपमंडल के एक व्यक्ति की तलाक याचिका स्वीकार करते हुए माना कि पत्नी द्वारा लगाए गए आरोप प्रमाणित नहीं हो सके और उसके व्यवहार से पति को मानसिक उत्पीड़न झेलना पड़ा।

अदालत के समक्ष प्रस्तुत याचिका के अनुसार विवाह के बाद दंपति कुछ माह गांव में साथ रहे, लेकिन बाद में पत्नी ससुराल छोड़कर चली गई। वह इस शर्त पर लौटी कि पति संयुक्त परिवार से अलग रहे। पति ने अलग आवास की व्यवस्था भी की, किंतु कुछ समय बाद पत्नी फिर से चली गई। इस बीच पति को कारोबार में नुकसान और परिवार में शोक जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा, मगर पत्नी ने सहयोग करने के बजाय पुलिस में शिकायतें दर्ज कराईं।

न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि पत्नी ने दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के आरोप लगाए, जबकि साथ ही पति के साथ रहने की इच्छा भी जताई, जो परस्पर विरोधाभासी प्रतीत हुआ। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर माना कि पत्नी का पति के साथ स्थायी रूप से रहने का इरादा नहीं था। इन परिस्थितियों को मानसिक क्रूरता मानते हुए पति की तलाक याचिका मंजूर कर ली गई।

न्यायाधीश के निर्णय पर तत्काल कोई अंतिम रोक नहीं लगाई है। मामले की अगली सुनवाई 18 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

### आईटी शिक्षक के दो पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 27 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** एमएस एडवांस टेक्नोलॉजी कैंपस में आईटी शिक्षक के दो पदों को भरने के लिए 27 फरवरी को प्रातः 10 बजे से कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। यह साक्षात्कार संस्थान के मुख्य भवन के भूतल में संपन्न होगा। जिला रोजगार अधिकारी शिमला प्रवीन नगराईक ने बताया कि इन पदों के लिए पुरुष एवं महिला दोनों वर्गों के अभ्यर्थी पात्र होंगे। अभ्यर्थियों के पास ओ लेवल, ए लेवल, पीजीडीसीए, सीएसई, बीसीए या बीएससी (आईटी) में से कोई एक निर्धारित शैक्षणिक योग्यता होना अनिवार्य है तथा आयु सीमा 18 से 45 वर्ष तय की गई है। इच्छुक अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के दिन अपने सभी मूल प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र और अद्यतन जीवन-वृत्त सहित उपस्थित होना होगा। साथ ही अभ्यर्थी का नाम रोजगार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना आवश्यक है। जिनका पंजीकरण नहीं है, वे अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी संस्थान कार्यालय या दूरभाष संख्या 86298-46600, 85447-04446 तथा 82194-15673 पर संपर्क कर सकते हैं।

# जुब्बल-कोटखाई नावर में सड़े सेबों की हजारों बोरियां दबाने का मामला गरमाया

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई नावर क्षेत्र की कोटखाई तहसील के बाग डुमेहर पंचायत अंतर्गत कंवर बाग में सड़े सेबों की हजारों बोरियां जंगल क्षेत्र में दबाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।



सड़े सेबों की बोरियां के निरीक्षण के दौरान मौजूद लोग। अनंत ज्ञान

इस प्रकरण ने स्थानीय लोगों के बीच आक्रोश पैदा कर दिया है। क्षेत्र में फैली दुर्गंध और सड़न के कारण वातावरण बोझिल बना हुआ है, जिससे पर्यावरणीय असंतुलन की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह बड़े पैमाने पर जैविक अपशिष्ट को खुले क्षेत्र में दबाना प्राकृतिक संतुलन के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। मामले के उजागर होने के बाद प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

भाजपा नेता चेतन बरागटा ने मौके का दौरा कर स्थिति का निरीक्षण किया और इसे केवल लापरवाही नहीं, बल्कि प्रकृति और जनस्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ बताया। उन्होंने दावा किया कि स्थानीय निवासियों के अनुसार देवदार और काइल के लगभग 40 से 50 पेड़ों पर प्रतिकूल प्रभाव दिखाई दे रहा है तथा कुछ पेड़ सूखने की अवस्था में हैं। यदि यह स्थिति यथावत रही तो व्यापक पर्यावरणीय संकट उत्पन्न हो सकता है। बरागटा ने कहा कि जब वृक्षों पर ऐसा असर दिख रहा है तो आसपास रह रहे ग्रामीणों, विशेषकर बच्चों के स्वास्थ्य पर संभावित प्रभाव की गंभीरता सहज ही समझी जा सकती है।

विशेषज्ञों का मत है कि सड़ते फलों से एथिलीन, मीथेन और अमोनिया जैसी गैसों का उत्सर्जन होता है, जो वायु गुणवत्ता को प्रभावित कर सकती हैं। बरागटा ने मांग की है कि वन, कृषि और पर्यावरण विभाग संयुक्त वैज्ञानिक जांच कर रिपोर्ट सार्वजनिक करें, जल स्त्रोतों और भूजल के नमूने लिए जाएं तथा स्वास्थ्य विभाग क्षेत्र में तत्काल चिकित्सा शिविर लगाए। इस प्रकरण को लेकर बरागटा ने प्रदेश सरकार और शिक्षा मंत्री की भूमिका पर भी प्रश्नचिह्न लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी कि दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई और सड़े सेबों को वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप हटाने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ न हुई तो जनहित में आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### युवा कांग्रेस अध्यक्ष की गिरफ्तारी पर प्रदेश कांग्रेस ने संघर्ष का किया ऐलान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी को लोकतंत्र पर सीधा प्रहार करार देते हुए कहा कि यह कार्रवाई केवल एक व्यक्ति के विरुद्ध नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक अधिकारों के खिलाफ सुनियोजित कदम है।

उन्होंने इसे शर्मनाक और अलोकतांत्रिक बताते हुए आरोप लगाया कि केंद्र की सरकार शांतिपूर्ण विरोध और असहमति की आवाज से घबरा रही है। उनका कहना था कि किसी युवा नेता को अपनी बात रखने पर गिरफ्तार करना इस बात का संकेत है कि सत्ता सवालों से असुरक्षित महसूस कर रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हर नागरिक का अधिकार है, किंतु वर्तमान माहौल में असहमति को अपराध की तरह प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि इतिहास साक्षी है, जब-जब युवाओं और विपक्ष की आवाज दबाई गई, सत्ता अधिक समय तक टिक नहीं पाई। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस लोकतांत्रिक अधिकारों, युवाओं की आवाज़ और संविधान की मर्यादा की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष को तैयार है।

## राज्यपाल ने अरुणाचल और मिजोरम स्थापना दिवस पर किया सम्मान



समारोह के दौरान सम्मानित करते राज्यपाल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने लोक भवन में अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर हिमाचल में रह रहे लोगों को पारंपरिक हिमाचली टोपी और मफलर भेंट कर सम्मानित किया गया।

राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजन 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करते हैं और विविधता में एकता देश की वास्तविक शक्ति है। कार्यक्रम में अरुणाचल और मिजोरम के लोग अपने अनुभव साझा करते हुए हिमाचल में मिले सत्कार के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह ने दोनों राज्यों की संस्कृति, परंपरा और विरासत को समझने का अवसर भी प्रदान किया।

### 27 फरवरी से तीन मार्च तक बंद रहेगी कंप्यूटरीकृत बिलिंग प्रणाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** विद्युत परिषद उपमंडल जुन्गा के सहायक अभियंता यशवंत सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उपभोक्ताओं को विद्युत सेवाएं और अधिक सुचारु व प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंप्यूटरीकृत बिलिंग प्रणाली के सूचना प्रौद्योगिकी ढांचे को उन्नत किया जा रहा है। इसके तहत 27 फरवरी से 3 मार्च तक डेटा स्थानांतरण कार्य के कारण निर्धारित अवकाश (डाउनटाइम) रहेगा, जिस दौरान उपभोक्ता पोर्टल, मोबाइल अनुप्रयोग तथा बिलिंग व संग्रहण प्रणाली आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं रहेगी।

उन्होंने असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए कहा कि उन्नयन कार्य पूर्ण होने के बाद बिल निर्माण और भुगतान व्यवस्था अधिक दक्षता व तीव्रता के साथ पुनः प्रारंभ होगी। इस अवधि में किसी भी सहायता अथवा विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायत के लिए उपभोक्ता कॉल सेंटर हेल्पलाइन 1800-180-8060 या 1912 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि बीते वर्षों में डिजिटल लेनदेन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और दस वर्ष पूर्व स्थापित मौजूदा तंत्र को वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप सुदृढ़ किया जाना आवश्यक हो गया था।

## जिला स्तरीय खेलकूद में युवाओं ने दिखाया दमखम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मेरा युवा भारत शिमला द्वारा 24 और 25 फरवरी को इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला में जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। खंड स्तर पर विजेता प्रतिभागियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में डीआईजी मानवाधिकार आईपीएस रंजना चौहान बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहीं। उनके साथ अनुराग वर्मा, जिला खेल अधिकारी एवं प्रभारी इंदिरा गांधी खेल परिसर, तथा मेरा युवा भारत हिमाचल प्रदेश के सहायक निदेशक विजय कुमार भी मौजूद रहे। मुख्यातिथि का शॉल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। उप निदेशक विपिन कुमार ने प्रतियोगिता की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित किया।




विजेता को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

प्रतियोगिता में 100 मीटर महिला वर्ग में तनुजा जिंटा विजेता रहीं, जबकि जया और परीक्षा ने द्वितीय स्थान साझा किया। पुरुष वर्ग की 100 मीटर दौड़ में धीरज ने प्रथम तथा निहाल सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन पुरुष वर्ग में अनमोल कालिया प्रथम और अमन कुमार द्वितीय रहे। वहीं, महिला वर्ग में माया ने प्रथम तथा सोनाक्षी जोशी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वॉलीबॉल में कोटशहरा टीम विजेता और नेरवा टीम उपविजेता रही। रस्साकशी प्रतियोगिता में घनाटी टीम ने प्रथम तथा नेरवा टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल स्वस्थ जीवन की आधारशिला है और युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल भावना को अपनाना चाहिए। अंत में सहायक निदेशक विजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए विजेताओं को बधाई दी।

## लंबित पदोन्नतियां जारी करे शिक्षा निदेशालय : टीजीटी कला संघ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राजकीय टीजीटी कला संघ ने प्रदेश सरकार और स्कूल शिक्षा निदेशालय से सभी शिक्षक वर्गों की लंबित पदोन्नति सूचियां पंचायतीराज चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले जारी करने की मांग उठाई है। संघ का कहना है कि वर्षों से अटकी पदोन्नतियों के कारण शिक्षकों में निराशा का माहौल है और अनेक शिक्षक उच्च पदों पर कार्य करने के अवसर से वंचित रह जा रहे हैं। संघ ने यह भी मांग की है कि अनुबंध कर्मचारियों का शीघ्र नियमितीकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि शिक्षकों को सेवा सुरक्षा मिल सके।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर सहित राज्य व जिला कार्यकारिणी ने सरकार को प्रेषित ज्ञापन में कहा है कि लंबित पदोन्नति प्रक्रिया को सीबीएसई प्रतिनियुक्ति परीक्षा से पहले पूर्ण किया जाए। उनका तर्क है कि प्रमोशन लंबित होने के कारण अनेक शिक्षक उच्च पदों के लिए आवेदन ही नहीं कर पा रहे हैं। यदि समय रहते पदोन्नति आदेश जारी हो जाएं तो शिक्षक पात्र पदों के लिए आवेदन कर सकेंगे और विभागीय कार्य सुचारु रूप से आगे बढ़ सकेगा।

संघ के अनुसार वर्तमान में 749 टीजीटी प्रवक्ता पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। विलंब के कारण कई शिक्षक टीजीटी पद पर ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त टीजीटी और प्रमोटी प्रवक्ता से हेडमास्टर के लगभग 600 पदों पर पदोन्नति अप्रैल तक अपेक्षित है। वहीं 779 प्रमोट प्रिंसिपलों को अब तक नियमित स्टेशन नहीं मिल पाए हैं। इनमें 512 हेडमास्टर और 267 प्रवक्ता शामिल हैं, जिन्हें पदनाम तो मिल गया, पर प्रधानाचार्य की कुर्सी नहीं मिली।

संघ ने ज्ञापन में चेताया है कि यदि मार्च 2026 तक पदोन्नतियां और स्टेशन आवंटन की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई तो अनेक अधिकारी बिना प्रधानाचार्य का दायित्व संभाले ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

उपलब्धि | 25 हजार से अधिक शब्दों का संकलन, दस वर्षों की तपस्या से साकार हुआ भाषाई महाग्रंथ

# एचपीयू ने जनजातीय बोलियों का त्रिभाषी शब्दकोश किया तैयार

- दुर्गम क्षेत्रों में जाकर बुजुर्गों और लोकधारकों से जुटाए शब्द
- शिक्षा, शोध और सांस्कृतिक अस्मिता को मिलेगा नया आधार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल की पर्वतीय वादियों में सदियों से गूंजती जनजातीय बोलियों को संरक्षित करने की दिशा में शिमला स्थित विश्वविद्यालय ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के जनजातीय अध्ययन विभाग ने दस वर्षों की सतत साधना और शोध के बाद प्रदेश की विभिन्न जनजातीय बोलियों का त्रिभाषी शब्दकोश तैयार किया है। इस महत्वपूर्ण कृति में 25 हजार से अधिक शब्दों का संकलन किया गया है, जिन्हें स्थानीय बोलियों से हिंदी और अंग्रेजी में रूपांतरित किया गया है। यह शब्दकोश केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि हिमाचल की लोक-स्मृति, परंपरा और सांस्कृतिक आत्मा का जीवंत दस्तावेज है।




आधुनिकता और बदलती जीवनशैली के प्रभाव से जनजातीय क्षेत्रों की अनेक बोलियां धीरे-धीरे विस्मृति की ओर बढ़ रही थीं। नई पीढ़ी के बीच इनका प्रयोग घटता जा रहा है। ऐसे नाजुक दौर में विश्वविद्यालय की यह पहल भाषाई अस्मिता को सहेजने का सशक्त प्रयास मानी जा रही है। शोध दल ने चंबा और पांगी घाटी, लाहौल, कुल्लू, सोलन और सिरमौर सहित कई दुर्गम अंचलों में व्यापक क्षेत्रीय सर्वेक्षण किया।

गांव-गांव जाकर बुजुर्गों, लोकगायकों, पारंपरिक ज्ञान के संवाहकों और स्थानीय समुदायों से संवाद स्थापित किया गया। कृषि, पशुपालन, पर्व-त्योहार, लोककथाओं और रीति-रिवाजों से जुड़े शब्दों को सावधानीपूर्वक संकलित कर प्रमाणिकता की कई स्तरों पर जांच की गई, ताकि मूल भाव सुरक्षित रह सके।

जनजातीय अध्ययन विभाग के अध्यक्ष चंद्र मोहन ने बताया कि यह त्रिभाषी शब्दकोश विद्यार्थियों, शोधार्थियों और भाषा-अध्येताओं के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। जनजातीय अध्ययन, लोक साहित्य, समाजशास्त्र और मानवशास्त्र जैसे विषयों में यह संदर्भ ग्रंथ के रूप में नई दिशा प्रदान करेगा।

### लुप्तप्राय बोलियों का किया जाएगा दस्तावेजीकरण

**उन्होंने** संकेत दिया कि यदि स्थानीय समुदायों का सहयोग इसी प्रकार मिलता रहा तो अन्य लुप्तप्राय बोलियों का भी दस्तावेजीकरण किया जाएगा। दस वर्षों की कठिन तपस्या से तैयार यह शब्दकोश हिमाचल की जनजातीय विरासत को संरक्षित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकता है, जो आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़े रखने का कार्य करेगा।

## स्टाफ की कमी से जूझ रहा जल शक्ति विभाग कोटी

- 80 पेयजल व सिंचाई योजनाओं का भार एक ही कनिष्ठ अभियंता पर
- 16 पद रिक्त, कई श्रेणियों में कर्मचारी नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला।** आमजन को पेयजल उपलब्ध करवाने वाला जल शक्ति विभाग का उपमंडल कार्यालय कोटी लंबे समय से स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। इस उपमंडल में कनिष्ठ अभियंता सहित विभिन्न श्रेणियों के 16 पद रिक्त पड़े हैं। हैरानी की बात यह है कि चार अनुभागों वाले इस विस्तृत क्षेत्र में, जो लगभग 60 से 70 किलोमीटर दायरे में फैला है और जिसकी सीमाएं सिरमौर जिला के राजगढ़ उपमंडल से लेकर ठियोग व भेखलटी क्षेत्र तक जुड़ती हैं, केवल एक ही कनिष्ठ अभियंता कार्यरत है। उपमंडल के अंतर्गत 18 ग्राम पंचायतें आती हैं, जिनमें से छह पंचायतें ठियोग खंड की हैं। इन पंचायतों में 80 से अधिक पेयजल और सिंचाई योजनाएं संचालित हैं, जिनकी देखरेख का संपूर्ण दायित्व एकमात्र जेई के कंधों पर है।

करीब छह माह तक सहायक अभियंता का पद भी रिक्त रहा। हालांकि, दो दिन पूर्व नए सहायक अभियंता ने पदभार संभाल लिया है। इसके अतिरिक्त सर्वेयर, वर्क इंस्पेक्टर, फीटर, पंप ऑपरेटर तथा लिपिक वर्ग के वरिष्ठ व कनिष्ठ सहायक के पद भी खाली पड़े हैं। स्थिति यह है कि पंप ऑपरेटर का कार्य बेलदारों से लिया जा रहा है। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों का कहना है कि विभाग राम भरोसे चल रहा है तथा कुछ पंचायतों में आवश्यकता से अधिक जल रक्षक तैनात कर दिए गए हैं, जबकि कई स्थानों पर जरूरी स्टाफ का अभाव है। इस संबंध में विभागीय उच्चाधिकारियों का कहना है कि रिक्त पदों का विवरण प्रतिमाह सरकार को भेजा जाता है और पदों को भरना सरकार के विशेष अधिकार क्षेत्र में आता है।

# सिस्टम का मजाक : 'मर्ज' स्कूलों के प्रिंसिपल बिठा दिए डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में

## कैंपस दो, लेकिन प्रिंसिपल एक; प्रदेश में तकरीबन 70 स्कूलों की यही दशा, बगैर काम के लेंगे 100 से ज्यादा प्रिंसिपल वेतन

अनंत ज्ञान




अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**विक्रम ढटवालिया हमीरपुर।** 'लीड' स्कूलों में मर्ज करने के कारण कैंपस तो दो ही रहे हैं, लेकिन प्रिंसिपलों को डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में बैठाने की आखिर क्या मजबूरी शिक्षा विभाग के अधिकारियों की हो गई है? ऐसा लगता है सूबे की शिक्षा व्यवस्था में सिस्टम का मजाक बनाने में अधिकारी कोई कसर नहीं छोड़ रहे। जिस तरीके से यह एक्सपेरिमेंट्स 'थोपे' जा रहे हैं, उन पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

हैरानीजनक यह है कि जब मर्ज किए स्कूलों की दशा-दिशा अभी 31 मार्च तक यूं ही रहगी तो फिर वहां से इस तारीख तक प्रिंसिपलों को उठाने की जरूरत क्या थी? दूसरे कैंपस यानी जो लीड स्कूल है, उसके प्रिंसिपल को दूसरी जगह का चार्ज भी दे दिया गया है। इसका फायदा कितना होगा? यही यक्ष प्रश्न अधिकारियों से शिक्षा के जानकार पूछ रहे हैं। लग यही रहा है कि व्यावहारिक काम की बजाय, थियोरेटिकल काम पर ज्यादा ध्यान हो चुका है और इससे सरकार की मंशा को भी यह अधिकारी 'ठेस' पहुंचाने में कोई कसर छोड़ रहे हों, ऐसा नहीं लग रहा।

### 70 से ज्यादा स्कूल मर्ज

**वैसे** तो तकरीबन डेढ़ सौ स्कूलों को हिमाचल में सीबीएसई में बदला जा रहा है लेकिन जो स्कूल मर्ज हुए हैं उनकी संख्या लगभग 70 है। अब यदि इतनी बड़ी तादाद में स्कूलों के इन प्रिंसिपलों को बिना काम के डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में बैठा दिया जाएगा, तो फिर कोई ऐसी शिक्षा व्यवस्था को 'शाबाशी' देगा क्या?

### जल्दबाजी भी क्या पड़ी थी?

**जब** पता था मर्ज किए गए स्कूलों के कैंपस जस के तस रहेंगे, बच्चों के पेपर भी वहीं होंगे। वहां के प्रिंसिपल को-ऑर्डिनेटर रहेंगे। ऐसे में प्रिंसिपल को ही वहां से उठाने की जरूरत क्या पड़ी और दूसरे प्रिंसिपल को वहां का अधिकृत कार्यभार देने की जरूरत क्या थी? एग्जाम के समय अब को-ऑर्डिनेटर भी कोई और बनाया जाएगा। परीक्षाएं सिर पर हैं और बेवजह यह तांडव जैसा माहौल बनाने में लगता है अधिकारियों ने जिस तरीके से ताना-बाना बुना, वह जवाबदेही पर आधारित नहीं दिख रहा।

### ऑनलाइन बैठक में उठी कई शंकाएं

**बुधवार** को सूबे के उन सभी स्कूलों के टीचर्स और मुखियाओं की सचिव शिक्षा के साथ ऑनलाइन बैठक हुई, जिसमें ऊहापोह की स्थिति फिर से देखी गई। कई तरह के सवाल-जवाब टीचर से पूछे गए, जिनके जवाब भी दिए गए, मगर स्थिति अभी भी भ्रम के भंवर में फंसी हुई नजर आई है। इस बैठक में यह भी कह दिया गया कि मुकम्मल तौर पर यदि सीबीएसई का सिलेबस पूरे स्कूल में न हो तो छठी, सातवीं और आठवीं क्लास में इसे लागू किया जाए और बाकी की स्थिति पुराने हिसाब से चलाई जाए।

### 27 को डिप्टी डायरेक्टर्स डाईट प्रिंसिपल की सेक्रेटरी से फिर बैठक

**सीबीएसई** का यह विवाद अब जिस अजीबोगरीब मरहले में चला गया है उसे सही दशा दिशा देने के लिए सेक्रेटरी एजुकेशन ने 27 फरवरी को शिमला में प्रदेशभर के सभी डिप्टी डायरेक्टर और डाईट प्रिंसिपलों की संयुक्त बैठक बुलाई है। इस बैठक में सीबीएसई के मामले को लेकर अब कोई निर्णायक फैसला होगा। इस बैठक में शिक्षा मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

### प्रमोट हुए 779 प्रिंसिपल भी अधर में लटके

**अब** क्योंकि अभी हाल ही में जमा दो स्कूलों के लिए 779 टीचर्स को प्रिंसिपल प्रमोट किया जा चुका है, लेकिन अभी इस सत्र में उन्हें अपने स्कूलों में ही बने रहने के भी आदेश हैं, यानी मार्च के बाद उन्हें भी अलग-अलग जगह पर ज्वॉइनिंग देनी होगी। यह सारी स्थितियां अजीबोगरीब ही दिख रही हैं। अब यदि तकरीबन 135 स्कूलों को सीबीएसई में शुमार कर दिया गया है तो फिर स्कूल शिक्षा बोर्ड ने अपने पाठ्यक्रम के मुताबिक नई किताबें इन स्कूलों में पहुंचने का जो बीते अक्तूबर माह में ब्योरा मांगा था और यह किताबें छापने के बाद अब मार्च महीने में संबंधित स्कूलों को डिस्ट्रीब्यूशन होनी है। इसका 'लॉजिक' क्या है? क्या इन पर खर्चा गया सर्वशिक्षा अभियान का पैसा बेकार नहीं जाएगा? सवाल तो कई हैं, लेकिन जवाब देने की स्थिति अधिकारियों की अभी बन नहीं रही।

### 90 प्रिंसिपल डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में

**शिक्षा** व्यवस्था का हाल-बेहाल तो इस बात से भी देखा जा सकता है कि प्रदेश में जितने भी डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय हैं, उनमें अब सीबीएसई के मामले को लेकर तो तकरीबन 90 प्रिंसिपल्स डिप्टी डायरेक्टर कार्यालयों में हाजिरी देने के लिए मजबूर हो गए हैं, लेकिन इन कार्यालयों में पहले से ही आराम फरमा रहे बगैर स्टेशन के प्रिंसिपल और शिक्षक सिस्टम को 'चिढ़ा' रहे हैं। इनकी सैलरी भी इधर-उधर से निकल रही है। नियुक्ति तो उनकी स्कूलों में बच्चों की भलाई के लिए की गई है, लेकिन आलम खराब ही है। बगैर काम के सरकारी सिस्टम इन्हें लाखों-करोड़ों की सैलरी प्रति माह दे रहा है।

### क्या कहते हैं डिप्टी डायरेक्टर

**हमीरपुर** के डिप्टी डायरेक्टर मोही राम चौहान का कहना है कि फिलहाल गर्ल्स स्कूल के प्रिंसिपल की डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय में ज्वॉइनिंग रहेगी। उनकी सैलरी फिलहाल तो इसी स्कूल से ही निकलेगी, अगले महीने देखा जाएगा, कहां से निकालनी है।

# हिमाचल में फिर बजेगी सरकारी लॉटरी की घंटी

## करीब अढ़ाई दशक बाद सरकार की नई पहल, खजाने को नई सांस देने की तैयारी

अनंत ज्ञान



- सालाना 75-100 करोड़ रुपए अतिरिक्त आय का अनुमान
- नियमों के लिए मंत्रिमंडलीय उप-समिति कर रही मंथन

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** वित्तीय तंगी की लंबी सुरंग से गुजर रहे हिमाचल में अब राजकोष को नई ऊर्जा देने की कवायद तेज हो गई है। घटते संसाधनों, बढ़ते कर्ज और सीमित आमदनी के दबाव के बीच सरकार ने एक ऐसा कदम उठाने की तैयारी की है, जो करीब 25 वर्षों से ठंडे बस्ते में पड़ा था। संकेत साफ हैं कि राज्य में सरकारी लॉटरी फिर शुरू हो सकती है। सत्ता के गलियारों में इसे खजाने को नई सांस देने वाली पहल के रूप में देखा जा रहा है, जबकि सियासी हलकों में इसके सामाजिक प्रभावों को लेकर बहस भी तेज हो चली है। अनुमान है कि यदि योजना को नियंत्रित और पारदर्शी ढांचे में लागू किया गया तो इससे हर वर्ष 75 से 100 करोड़ रुपए तक अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हो सकता है, जिससे प्रदेश की डगमगाती वित्तीय स्थिति को कुछ सहारा मिलेगा।

जानकारी के अनुसार भारी कर्ज के बोझ व केंद्र से मिलने वाले राजस्व घाटा अनुदान बंद होने के बीच राज्य की सियासत और प्रशासनिक गलियारों में एक बड़ा फैसला आकार ले रहा है। सुक्खू सरकार अब करीब 25 वर्ष बाद सरकारी लॉटरी दोबारा शुरू करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रही है।

यह भी कम दिलचस्प नहीं है कि राज्य पर एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज होने और विकास योजनाओं के लिए संसाधनों की कमी के चलते सरकार आय के नए स्रोत तलाशने में जुटी है। लॉटरी के पारदर्शी संचालन, निविदा प्रक्रिया और नियामकीय ढांचे को अंतिम रूप देने के लिए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय उप-समिति गठित की गई है।

समिति में अनिरुद्ध सिंह और राजेश धर्माणी को सदस्य बनाया गया है। उप-समिति को एक माह के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन और निविदा दस्तावेज तैयार कर सरकार को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और निगरानी तंत्र से जोड़ने पर भी विचार हो रहा है, ताकि अवैध गतिविधियों और कर अपवंचन पर अंकुश लगाया जा सके।

हालांकि, 18 मार्च से आरंभ होने वाले विधानसभा के बजट सत्र में इस संबंध में विधेयक प्रस्तुत किया जा सकता है। सदन की मंजूरी मिलते ही आधिकारिक रूप से लॉटरी टिकटों की बिक्री प्रारंभ कर दी जाएगी। वित्त विभाग के प्रारंभिक आकलन में यह भी सामने आया है कि यदि संचालन व्यवस्था सुदृढ़ रही तो आने वाले वर्षों में यह आय और बढ़ सकती है।

बता दें कि राज्य में सरकारी लॉटरी का इतिहास नया नहीं है। वर्ष 1999 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल की सरकार ने सामाजिक दुष्प्रभावों और युवाओं पर पड़ने वाले संभावित नकारात्मक असर का हवाला देते हुए इस पर प्रतिबंध लगा दिया था। उस समय यह तर्क दिया गया था कि लॉटरी की लत सामाजिक और पारिवारिक ताने-बाने को कमजोर कर सकती है। अब मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकार वित्तीय जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए नियंत्रित और विनियमित ढांचे में इसे फिर से लागू करने की तैयारी कर रही है।

### आर्थिक मजबूरी या व्यावहारिक फैसला?

**राजनीतिक** हलकों में इस कदम को लेकर बहस भी तेज हो गई है। समर्थक इसे आर्थिक विवशता में उठाया गया व्यावहारिक निर्णय बता रहे हैं, जबकि विरोधी दल सामाजिक प्रभावों को लेकर सवाल उठा रहे हैं। सरकार का दावा है कि पारदर्शिता, सख्त निगरानी और जिम्मेदार प्रचार-प्रसार के माध्यम से संभावित दुष्प्रभावों को सीमित किया जाएगा। आने वाले बजट सत्र में यह मुद्दा सदन के भीतर और बाहर व्यापक चर्चा का केंद्र बन सकता है।

# केंद्रीय बजट में विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम : सिकंदर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** संसद सदस्य प्रोफेसर (डॉ.) सिकंदर कुमार ने केंद्रीय बजट 2026-27 को राजकोषीय अनुशासन, आर्थिक स्थिरता और दीर्घकालिक विकास का दूरदर्शी दस्तावेज बताया है।



उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में सशक्त आधार प्रदान करता है। बजट में वित्त वर्ष 2027 के लिए 6.8 से 7.2 प्रतिशत की संभावित वृद्धि दर, राजकोषीय घाटे को 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य तथा ऋण-से-जीडीपी अनुपात को घटाकर 55.6 प्रतिशत करने की प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से झलकती है। 36.5 लाख करोड़ रुपए की गैर-ऋण प्राप्तियों और 12.2 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का प्रावधान आर्थिक गति को नई ऊर्जा देने वाला कदम माना जा रहा है।

डॉ. सिकंदर ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में घटते एनपीए, 725 अरब डॉलर से अधिक के विदेशी मुद्रा भंडार और वैश्विक विकास में भारत के बढ़ते योगदान से देश की आर्थिक साख सुदृढ़ हुई है। उन्होंने रेखांकित किया कि मुद्रास्फीति दर को नियंत्रित रखने, अवसंरचना निवेश को बढ़ाने तथा समावेशी योजनाओं को गति देने से रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन को बल मिलेगा। उनके अनुसार यह बजट न केवल वर्तमान आर्थिक चुनौतियों का संतुलित समाधान प्रस्तुत करता है, बल्कि आने वाले वर्षों में भारत को विश्व अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभ के रूप में स्थापित करने की ठोस आधारशिला भी रखता है।

# डिजिटल बदलाव की राह पर परिवहन विभाग : डिप्टी सीएम

अनंत ज्ञान



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते डिप्टी सीएम। अनंत ज्ञान

- फिटनेस और टेस्टिंग प्रणाली में तकनीकी सुधार

**ब्यूरो, शिमला।** डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य का परिवहन विभाग अब पूरी तरह डिजिटल व्यवस्था की ओर अग्रसर हो चुका है। उन्होंने कहा कि विभाग ने अनेक सेवाओं में ऑटो अप्रूवल प्रणाली लागू कर दी है, जिससे नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिली है। राष्ट्रीय परमिट, अनुबंध वाहक अनुमति, पर्यटक परमिट सहित विभिन्न अनुमतियों में स्वचालित स्वीकृति से प्रक्रिया न केवल तेज हुई है बल्कि पारदर्शिता भी बढ़ी है। इससे आम जन के समय और धन की बचत हो रही है तथा विभागीय कार्यप्रणाली अधिक जवाबदेह और सुगठित बनी है।

डिप्टी सीएम ने शिमला में पत्रकार वार्ता में बताया कि वाहन फिटनेस सेवाओं को भी आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। मोबाइल आधारित निरीक्षण अनुप्रयोग के माध्यम से मोटर वाहन निरीक्षक अब डिजिटल तरीके से वाहनों की जांच कर रहे हैं। स्वचालित परीक्षण केंद्रों की स्थापना से परीक्षण प्रक्रिया वैज्ञानिक और मानकीकृत हुई है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण, सड़क सुरक्षा और वाहनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव केवल तकनीकी नहीं बल्कि प्रशासनिक सुधार की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने जानकारी दी कि डिजिटल प्रणाली लागू होने के बाद विभाग के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले तीन वर्षों में राजस्व संग्रह में निरंतर बढ़ोतरी हुई है। विशेष पंजीकरण नंबरों की ई-नीलामी से भी सरकार को अतिरिक्त आय प्राप्त हुई है। डिजिटल व्यवस्था ने भ्रष्टाचार की संभावनाओं को सीमित किया है और नियमों के अनुपालन को सुदृढ़ बनाया है, जिससे जनता का विश्वास भी बढ़ा है। पुराने और अनुपयोगी वाहनों की वैज्ञानिक स्क्रैपिंग की दिशा में भी राज्य ने महत्वपूर्ण पहल की है। पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्रों की स्थापना से सड़क सुरक्षा को बल मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। नई स्थायी पंजीकरण व्यवस्था से वाहन मालिकों को राहत मिलेगी।

# भाजपा गुमराह करने की राजनीति छोड़े आरडीजी पर स्पष्ट करे रुख : कांग्रेस

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर तीखा पलटवार करते हुए कहा है कि वे प्रदेश की जनता को गुमराह करने के बजाय राजस्व घाटा अनुदान (आरडीजी) जैसे अहम विषय पर अपना स्पष्ट रुख सामने रखें।

मंत्रियों ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत आरडीजी राज्यों का अधिकार है और इसे बंद करने से हिमाचल प्रदेश को प्रतिवर्ष लगभग 10 हजार करोड़ रुपए का नुकसान होगा। उनका कहना था कि भाजपा को स्पष्ट करना चाहिए कि वह प्रदेश के इस अधिकार के समर्थन में है या नहीं।

मंत्रियों ने कहा कि जिन बाह्य सहायता प्राप्त परियोजनाओं का हवाला दिया जा रहा है, वे अनुदान नहीं बल्कि ऋण हैं। ऋण और अनुदान के बीच का अंतर सभी समझते हैं। आरडीजी एक ग्रांट है, जो प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों और आर्थिक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए दिया जाता है। विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा का रुख जनता देख चुकी है और अब प्रदेश के लोग समझ गए हैं कि विपक्ष इस मुद्दे पर भी राजनीति कर रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि जन दबाव के कारण नेता प्रतिपक्ष को केंद्रीय वित्त मंत्री से मुलाकात करनी पड़ी, लेकिन वे हिमाचल के हितों की प्रभावी पैरवी नहीं कर सके। मंत्रियों ने कहा कि कुछ समय पूर्व वित्त आयोग के समक्ष स्वयं जयराम ठाकुर ने आरडीजी की आवश्यकता पर जोर दिया था, किंतु अब उनके बदले हुए सुर हैरान करने वाले हैं। कांग्रेस ने दोहराया कि वह हिमाचल प्रदेश के अधिकारों के लिए हर मंच पर मजबूती से आवाज उठाती रहेगी और किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेगी।

# किशोरों की साइबर सुरक्षा के लिए संस्थागत ढांचा तैयार करेगा बिलासपुर

अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान विशेष

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** डिजिटल युग में तेजी से बढ़ते साइबर खतरों के बीच हिमाचल प्रदेश का बिलासपुर जिला एक ऐतिहासिक पहल की ओर बढ़ रहा है। किशोरों को ऑनलाइन अपराध, साइबर बुलिंग और डिजिटल शोषण से सुरक्षित रखने के लिए जिला प्रशासन एक व्यापक और संस्थागत साइबर सुरक्षा ढांचा विकसित करने जा रहा है। यदि यह पहल निर्धारित स्वरूप में लागू होती है तो बिलासपुर देश का पहला ऐसा जिला होगा, जहां किशोरों के लिए औपचारिक साइबर सुरक्षा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू की जाएगी।

सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित एसओपी के तहत स्कूलों, महाविद्यालयों, आईटीआई और अन्य शिक्षण संस्थानों में स्पष्ट साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल निर्धारित किए जाएंगे। शिक्षकों को संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधियों की पहचान और रिपोर्टिंग के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। वहीं, छात्रों के लिए मनोसामाजिक परामर्श तंत्र विकसित किया जाएगा। अभिभावकों के लिए डिजिटल पेरेंटिंग संबंधी मार्गदर्शिका तैयार की जाएगी, जिससे वे बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों की जिम्मेदार निगरानी कर सकें।

विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान समय में किशोर वर्ग सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेमिंग और डिजिटल लेनदेन से गहराई से जुड़ा है। इसके साथ ही ऑनलाइन ग्रूमिंग, फर्जी प्रोफाइल, पहचान की चोरी, साइबर धोखाधड़ी और गेमिंग की लत जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। ऐसे में यह पहल न केवल जागरूकता तक सीमित रहेगी, बल्कि इसे प्रशासनिक ढांचे में समाहित किया जाएगा। इस दिशा में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा बिलासपुर को नोडल एजेंसी बनाए जाने की तैयारी है, जो विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करेगी। शिक्षा, पुलिस, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय विभाग तथा आईटी विशेषज्ञों को शामिल करते हुए एक बहु-विभागीय समिति प्रारूप तैयार करेगी। बताया जा रहा है कि राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले में इस एसओ पी के प्रारूप का सार्वजनिक विमोचन किया जा सकता है।

### उपायुक्त ने की पुष्टि

**इस** संबंध में जब उपायुक्त राहुल कुमार से बात की गई तो उन्होंने पुष्टि करते हुए कहा कि किशोरों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है और एक व्यवस्थित, क्रियान्वित करने योग्य मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल औपचारिकता नहीं होगी, बल्कि इसे संस्थागत रूप दिया जाएगा ताकि दीर्घकालिक और प्रभावी परिणाम सुनिश्चित हो सकें।

# हिमाचल में सड़क किनारे नालियों में सीवरेज या कचरा डाला तो होगा जुर्माना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश सरकार ने भारी वर्षा और भूस्खलन से सड़कों को होने वाले नुकसान पर अंकुश लगाने के लिए नई सड़क जल निकासी नीति को राजपत्र में अधिसूचित कर दिया है। बदलते मौसम और आपदाओं की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए अब लोक निर्माण विभाग सड़कों के निर्माण और मरम्मत में जल निकासी व्यवस्था को अनिवार्य अंग के रूप में शामिल करेगा। सड़क किनारे बनी नालियों में घरेलू सीवेज अथवा कचरा डालना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर प्रतिदिन एक हजार रुपये का जुर्माना वसूला जाएगा।

नई नीति के तहत जल निकासी व्यवस्था को वैज्ञानिक तथा हाइड्रोलॉजिकल मानकों के आधार पर विकसित किया जाएगा। पाइप कल्वर्ट की जगह अब बॉक्स कल्वर्ट को अनिवार्य किया गया है ताकि मलबे के कारण रुकावट की समस्या कम हो और जल प्रवाह सुचारु बना रहे। मानक यू-आकार की नालियों का निर्माण किया जाएगा, जिससे मशीनों द्वारा सफाई और मलबा हटाने का कार्य सुगमता से किया जा सके। पहाड़ी ढलानों से आने वाले वर्षा जल को सड़क तक पहुंचने से पहले नियंत्रित करने के लिए कैच वाटर ड्रेन और भू-तल के नीचे जल निकासी तंत्र स्थापित किए जाएंगे। इससे बरसात के दिनों में सड़क धंसने और किनारों के टूटने की घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। सड़कों की मरम्मत और नई निकासी प्रणालियों के निर्माण के लिए 'रोड ड्रेनेज' नाम से पृथक बजट प्रावधान भी किया गया है।

### सभी मुख्य जिला सड़कों को किया शामिल

**नीति** के पहले चरण में सभी मुख्य जिला सड़कों को शामिल किया जाएगा। इसके बाद घनी आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों और संपर्क मार्गों को दायरे में लाया जाएगा। सरकार का उद्देश्य सड़कों की आयु बढ़ाना, मानसून के दौरान होने वाले करोड़ों रुपए के नुकसान को कम करना और आम नागरिकों को सुरक्षित एवं टिकाऊ यातायात सुविधा उपलब्ध कराना है।

**विडंबना** — एचपीएमसी के केंद्र पड़े सूने; जूस-अचार तक सिमटा वितरण, बागवान बेहाल

# एचपीएमसी के केंद्रों से गायब खाद-दवाइयां

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बागवानी की रीढ़ मानी जाने वाली एचपीएमसी अभूतपूर्व संकट से गुजर रही है। केंद्र से मिलने वाला राजस्व घाटा अनुदान थमते ही राज्य की आर्थिक व्यवस्था डगमगा गई और उसका सीधा असर बागवानों पर पड़ा है। हालात यह हैं कि एचपीएमसी के केंद्रों में जूस, जैम व अचार के अतिरिक्त शायद ही कोई सामग्री उपलब्ध हो। बागवानों के बीच मायूसी, आक्रोश और अनिश्चितता का आलम है।

जानकारी के अनुसार वर्षों से प्रचलित व्यवस्था के तहत बागवान अपने सेब का सी-ग्रेड एचपीएमसी को देते थे और उसके बदले उन्हें आवश्यक बागवानी सामग्री, रासायनिक व जैविक खाद, केंचुआ खाद, कीटनाशक, फफूंदनाशक दवाइयां, स्प्रे के तेल, उपकरण और अन्य कृषि सामग्री उपलब्ध कराई जाती थी। यह एक प्रकार का विनिमय तंत्र था, जिससे नकदी का दबाव कम रहता था। किंतु इस बार स्थिति पलट गई है। केंद्रों में न तो खाद है, न दवाइयां, न ही वह बुनियादी सामग्री, जिस पर बागवानी का पूरा चक्र निर्भर करता है।

सबसे चिंताजनक पक्ष भुगतान का है। बागवानों को आश्वासन दिया गया था कि सी-ग्रेड सेब का भुगतान शीघ्र कर दिया जाएगा, परंतु छोटे और सीमांत बागवान आज भी अपनी मेहनत की कमाई की प्रतीक्षा में हैं। बड़े बागवानों की स्थिति भी संतोषजनक नहीं है, किंतु छोटे उत्पादकों पर इसका प्रभाव कहीं अधिक गहरा है। नकदी न मिलने के कारण उन्हें निजी दुकानों से उधार पर खाद और दवाइयां लेनी पड़ रही हैं, वह भी बढ़ी हुई दरों पर।

विडंबना यह भी है कि सी-ग्रेड सेब को केंद्र तक पहुंचाने का भाड़ा, पैकिंग और लोडिंग का खर्च भी बागवान स्वयं वहन करते हैं। सालभर की मेहनत के बाद जब उत्पाद केंद्र तक पहुंचता है, तब भी भुगतान अनिश्चितता के गर्त में अटका रहे, यह स्थिति पहले कभी इतनी तीव्र नहीं देखी गई। बागवानों का कहना है कि उन्होंने अपने संसाधनों से फसल तैयार की, परिवहन का खर्च उठाया, पर अब न तो समय पर राशि मिल रही है और न ही बदले में सामग्री।

### बागवानी अर्थव्यवस्था लड़खड़ाने का अंदेशा

**राज्य** सरकार की कार्यप्रणाली पर भी सीधे सवाल उठ रहे हैं। बागवानी क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है, और यदि इसी क्षेत्र की आपूर्ति शृंखला बाधित हो जाए तो दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं। फिलहाल एचपीएमसी केंद्रों में जूस, जैम और अचार जैसे प्रसंस्कृत उत्पाद ही दिखाई दे रहे हैं, जो स्वयं बागवानों के सी-ग्रेड सेब से तैयार होते हैं। परंतु मूलभूत कृषि सामग्री का अभाव संकेत दे रहा है कि यदि शीघ्र सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले मौसम में उत्पादन चक्र प्रभावित हो सकता है।

### निजी बाजारों पर होना पड़ेगा पूर्णत : आश्रित

**बागवानों** के मन में आशंका है कि यदि यही हालात रहे तो उन्हें निजी बाजार पर पूर्णतः निर्भर होना पड़ेगा, जहां कीमतें अधिक और शर्तें कठोर होती हैं। हिमाचल की बागवानी ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं, किंतु इस प्रकार का सूना ढांचा और भुगतान संकट पहली बार इतने व्यापक रूप में सामने आया है। अब निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं, क्या व्यवस्था पटरी पर लौटेगी, या यह संकट किसी बड़े परिवर्तन की भूमिका लिख रहा है।

# सुरेश कश्यप बने भारत-ब्राजील संसदीय मैत्री समूह के सदस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सांसद सुरेश कुमार कश्यप को 18वीं लोकसभा के लिए भारत-ब्राजील संसदीय मैत्री समूह का सदस्य नामित किया गया। यह समूह दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध, संसदीय सहयोग, व्यापार, संस्कृति, शिक्षा और वैश्विक संवाद को मजबूत करने के उद्देश्य से गठित है।



इस अवसर पर कश्यप ने लोकसभा अध्यक्ष और दल नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे दोनों देशों के संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार के निर्यात संवर्धन मिशन की सराहना की, जो सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों और पहली बार निर्यात करने वाले उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाज़ार तक पहुंच प्रदान करेगा। कश्यप ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में निर्यात को आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार बनाया जा रहा है, जिससे हिमाचल प्रदेश सहित पूरे देश के उद्योगों को वैश्विक पहचान और प्रतिस्पर्धात्मक मजबूती मिलेगी।

# हिमाचल में फिर बदलेगा मौसम, दो दिन बारिश-बर्फबारी के आसार

अनंत ज्ञान



ब्यूरो, शिमला। हिमाचल प्रदेश में आगामी दो दिनों के दौरान मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 27 फरवरी से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिसके प्रभाव से चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों पर हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। 28 फरवरी को मंडी और किन्नौर के कुछ भागों में भी बूंदाबांदी व बर्फबारी की संभावना जताई गई है। हालांकि, मैदानी और मध्यम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम सामान्यतः साफ बना रह सकता है।

प्रदेश में इन दिनों तापमान सामान्य से अधिक चल रहा है। किन्नौर के कल्पा में अधिकतम तापमान सामान्य से 7.6 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, जबकि कांगड़ा और भुंतर में भी पारा करीब 5 से 6 डिग्री ऊपर रहा। शिमला में तापमान 18 डिग्री तक पहुंच गया, जो सामान्य से करीब 4.6 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग का अनुमान है कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के बाद तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है। मैदानी जिलों में सुबह के समय कोहरे ने रफ्तार थाम दी। बिलासपुर शहर और हमीरपुर के बड़सर क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता घटकर 50 मीटर से भी नीचे पहुंच गई। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और सुबह के समय यातायात धीमा रहा।

### फरवरी में सामान्य से 82 प्रतिशत कम वर्षा


**प्रदेश** में इस बार शीतकाल के दौरान वर्षा-बर्फबारी में भारी कमी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार फरवरी माह में सामान्य से 82 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। एक से 23 फरवरी के बीच जहां सामान्य वर्षा 81.3 मिलीमीटर मानी जाती है, वहीं इस बार केवल 14.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। जनवरी से 23 फरवरी तक भी वर्षा का आंकड़ा सामान्य से काफी कम रहा है, जिससे किसानों और बागवानों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं।

# वार्षिक परीक्षाओं को स्कूल बोर्ड ने दिया तैयारियों को अंतिम रूप

## बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश ने विद्यार्थियों को दिया वार्षिक परीक्षा में जीत का मंत्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं को लेकर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है।



बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु, शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए बोर्ड पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बोर्ड का प्राथमिक लक्ष्य हर विद्यार्थी को एक समान अवसर और पूरी तरह से निष्पक्ष वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी प्रतिभा का सही मूल्यांकन हो सके। डॉ. शर्मा ने कहा कि परीक्षाओं में गोपनीयता और पारदर्शिता ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बोर्ड अध्यक्ष ने प्रदेश के विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें शांत मन से तैयारी करने का परामर्श दिया है। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे किसी भी प्रकार के तनाव से बचते हुए आत्मविश्वास के साथ पाठ्यक्रम का पुनरावर्तन करें।

डॉ. शर्मा ने विश्वास जताया कि हिमाचल के विद्यार्थी अनुशासन, ईमानदारी और कठिन परिश्रम के बल पर परीक्षाओं में शानदार परिणाम प्राप्त करेंगे। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि वह न केवल परीक्षा लेने के लिए, बल्कि छात्रों को एक सुरक्षित और प्रेरक परीक्षा वातावरण प्रदान करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

### केंद्र समन्वयकों और अधीक्षकों को दिए निर्देश

**डॉ.** राजेश शर्मा ने सभी परीक्षा केंद्र समन्वयकों और अधीक्षकों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं कि वे परीक्षा शुरू होने से ठीक एक दिन पहले निर्धारित समय पर सामग्री प्राप्त करें और केंद्र समन्वयकों की उपस्थिति में उसकी विधिवत जांच सुनिश्चित करें। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि यदि किसी भी स्तर पर सामग्री में त्रुटि या विसंगति पाई जाती है, तो उसकी सूचना तत्काल मुख्यालय को दी जाए। इन दिशा-निर्देशों के अक्षरश: पालन से न केवल परीक्षा प्रणाली विश्वसनीय बनेगी, बल्कि विद्यार्थियों और अभिभावकों का बोर्ड पर विश्वास और भी अधिक मजबूत होगा।

## 32.56 ग्राम चिटटे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जारी विशेष अभियान के तहत मंगलवार देर रात को जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम ने गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर प्रिंस राणा (23) निवासी गांव मलेहड़ डाकघर कुदैल तहसील बैजनाथ व सुधांशु सोनी (26) निवासी गांव व डाकघर तथा तहसील लड़भड़ोल जिला मंडी के कब्जे से 32.56 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस बैजनाथ में मामला दर्ज कर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल पर लाई जा रही है। पुलिस के अनुसार, जिला कांगड़ा पुलिस की विशेष टीम गश्त पर थी, इस दौरान गुप्त सूचना मिली कि उक्त आरोपी प्रिंस राणा अपने मुहबोले भाई सुधांशु सोनी के साथ मलेहड़ में अपनी माता सोनिका राणा के रिहायशी मकान में चिट्टा बेचने का धंधा कर रहे हैं। इस पर पुलिस ने मकान की तलाशी लेने पर वहां पहुंची। मकान की तलाशी लेने पर दोनों आरोपियों के कब्जे से 32.56 72 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता प्राप्त की।

## अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई 11 वाहनों के किए चालान



अनंत ज्ञान

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी कुलभूषण वर्मा द्वारा अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिछले 24 घंटों में विभिन्न थाना क्षेत्रों में प्रभावी कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 11 वाहनों के चालान खनन एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत किए गए। पुलिस थाना जवाली क्षेत्र में एसडीपीओ जवाली की उपस्थिति में विशेष नाकाबंदी और गश्त के दौरान क्षेत्र 32 मील एवं कोटला में 3 टिप्पर और 1 ट्रक के चालान किए गए। जवाली क्षेत्र के अन्य स्थानों पर 2 ट्रैक्टर चालान किए गए। पुलिस थाना डमटाल के अंतर्गत पुलिस पोस्ट ढांगूपीर क्षेत्र में 01 ट्रैक्टर का चालान किया गया। वहीं, पुलिस थाना फतेहपुर के रियाली क्षेत्र में 4 ट्रैक्टर अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर चालान किए गए। पुलिस जिला नूरपुर ने बताया कि अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। जनता से अपील की गई है कि वे अवैध खनन संबंधी किसी भी सूचना की जानकारी तुरंत नजदीकी पुलिस थाना में दें। इस प्रकार के अभियान न केवल कानून व्यवस्था सुनिश्चित करते हैं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और क्षेत्रीय विकास के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

## सालगिरह मुबारक



पंजावर (ऊना) के अमन मनकोटिया और कोमल जसवाल को शादी की सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## अनुराग शर्मा ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल बीड़-बिलिंग में प्रस्तावित एशियन माउंटेन साइक्लिंग सीरीज इंडिया प्रतियोगिता को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन प्रदेश सरकार की खेल एवं पर्यटन को बढ़ावा देने की दूरदर्शी नीति को दर्शाते हैं। अनुराग ने कहा कि यूनियन साइक्लिस्ट इंटरनेशनल (यूसीआई) के सहयोग से आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता प्रदेश के युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अंतरराष्ट्रीय मंच मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में खेल गतिविधियों को नई दिशा मिल रही है। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता पहली बार जिला कांगड़ा के बीड़ में आयोजित की जा रही है, जिसमें आठ देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

## महाराणा प्रताप स्कूल में बच्चों को बताए नशे के दुष्प्रभाव



कार्यक्रम में डीएसपी अंकित शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल धर्मगिरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें डीएसपी अंकित शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण से हुई। डीएसपी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और बताया कि नशा युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना सकता है। उन्होंने सभी छात्रों को नशे से दूर रहने, जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने और कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

इसके साथ ही उन्होंने ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग तथा सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और यदि वे अनुशासन व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें तो सफलता निश्चित है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। डीएसपी अंकित शर्मा जी ने छात्रों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए और उन्हें जीवन में सदैव सही मार्ग अपनाने की सलाह दी। विद्यालय के एमडी कुलदीप ठाकुर, मैनेजर सुभाष पठानिया तथा प्रधानाचार्या ऐश्वर्या सम्बयाल ने स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### ओटीपी नंबर किसी के साथ न करें शेयर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा बीड़ ने नाबार्ड के सौजन्य से बड़ा भंगाल के निवासियों को वित्तीय साक्षरता दिवस लगाया। शाखा प्रबंधक मीनाक्षी महाजन और राजेंद्र राणा ने लोगों को आरकेवाईसी, केवाईसी, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा, अटल बीमा की जानकारी दी। लोगों को जागरूक रहने के लिए आग्रह किया। उन्होंन कहा कि अपना ओटीपी नंबर शेयर किसी के साथ न करें।

## डाइट ने किया शाहपुर उपमंडल के सरकारी व निजी स्कूलों का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला स्तर पर शिक्षा एवं बाल संरक्षण से संबंधित मानकों की समीक्षा के लिए सरकारी एवं निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण डाइट के प्रधानाचार्य राकेश शर्मा, आरटीई समन्वयक सुमित शर्मा तथा चाइल्ड हेल्पलाइन जिला प्रभारी मनमोहन चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान राइट टू एजुकेशन एक्ट के तहत बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित निर्धारित मानकों की जांच की गई। विद्यालयों में नामांकन, उपस्थिति, आधारभूत सुविधाएं, शिकायत निवारण प्रणाली तथा बच्चों के अधिकारों से संबंधित प्रावधानों का अवलोकन किया गया। इसके अतिरिक्त विद्यालयों में गठित एंटी-सेक्सुअल हैरेसमेंट कमेटी की कार्यवाही एवं अभिलेखों की समीक्षा की गई। समिति को नियमित बैठकें आयोजित करने तथा कार्रवाई रजिस्टर अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी प्रत्येक विद्यालय में प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करने तथा शिकायत पेटी लगाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण एवं त्वरित सहायता उपलब्ध हो सके। अधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ।

## आरएस बाली ने नगरोटा बगवां स्कूल में किया डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन



नगरोटा बगवां स्कूल में करियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कपिल वासुदेवा, नगरोटा बगवां।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष और पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने पीएम श्री गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल नगरोटा बगवां में एक दिवसीय करियर काउंसिलिंग कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस कार्यशाला में 12वीं कक्षा के लगभग 600 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें नगरोटा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। आरएस बाली ने छात्रों को जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और भविष्य के उज्जवल विकल्पों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनके रुचि के अनुसार सही करियर विकल्प चुनने की दिशा में मार्गदर्शन किया जा रहा है, ताकि वे अपने लक्ष्य को हासिल कर सकें। इस अवसर पर बाली ने विद्यालय में डिजिटल लाइब्रेरी का भी उद्घाटन किया, जिससे विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कर सकेंगे। कार्यशाला में राजकीय महाविद्यालय देहरी के प्रधानाचार्य सचिन कुमार, नगरोटा राजकीय कन्या विद्यालय के प्रधानाचार्य निखिल शर्मा और गुंजन आर्गेनाइजेशन के डायरेक्टर विजय कुमार ने भी विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के विकल्पों के बारे में जानकारी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्मार्ट मीटर के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू जिला कांगड़ा इकाई और अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति जिला कांगड़ा इकाई के बैनर तले नगरोटा बगवां उपमंडल की महिलाओं ने स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ रैली निकालकर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि हिमाचल प्रदेश एक संकुचित आर्थिक संसाधनों वाला राज्य है और यहाँ लाखों युवाओं को रोजगार की कमी है, ऐसे में प्रदेश का विद्युत बोर्ड निजी कंपनियों को सौंपना प्रदेश के 75 लाख जनता के साथ धोखा है। धरने को संबोधित करते हुए जिला कांगड़ा की संयोजक भागो देवी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार आम जनता के बजाय निजी कंपनियों के लिए काम कर रही है।

### काठगढ़ में दुग्ध उत्पादकों को दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश दुग्ध उत्पादक सहकारी प्रसंघ, शिमला की कांगड़ा इकाई ने ग्राम पंचायत काठगढ़ में दुग्ध उत्पादकों के लिए जागरूकता प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। शिविर में पशुपालकों को आधुनिक दुग्ध उत्पादन तकनीक, पशु स्वास्थ्य प्रबंधन और स्वच्छ दुग्ध उत्पादन के विषय में जानकारी दी गई। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रधानाचार्य डॉ. सत्यपाल कुरे और वैज्ञानिक डॉ. दामिनी आर्य ने पशुओं की देखभाल, संतुलित आहार और रोगों की रोकथाम पर प्रशिक्षण दिया। कांगड़ा इकाई के तकनीकी अधीक्षक सिद्धार्थ डोगरा ने बताया कि इस तरह के शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं, ताकि दुग्ध उत्पादकों की आय बढ़े और उत्पादन में वृद्धि हो।

### उपभोक्ता आज करवा दें बिल का भुगतान

**अनंत ज्ञान, डरोह।** 26 फरवरी मध्यरात्रि से 3 मार्च 2026 तक विद्युत विभाग के एसएपी-आईएसयू सॉफ्टवेयर का उपग्रेड होना प्रस्तावित हुआ है। इसके चलते उपमंडल डरोह में कैश के लेन देन ऑनलाइन भुगतान, मोबाइल एप की सुविधा बंद रहेगी, इसलिए सभी विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि वे अपना बिल 26 फरवरी तक जमा करवा दें, ताकि बिल भुगतान संबंधी किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। यह जानकारी इंजीनियर सुभाष कुमार, सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल, डरोह ने दी।

### निशांत मिस्टर व पल्लवी बनी मिस फेयरवेल



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धीरा में जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य विजय शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। निशांत को मिस्टर फेयरवेल और पल्लवी को मिस फेयरवेल, जबकि हर्षित को मिस्टर पर्सनेलिटी और अंकिता को मिस पर्सनेलिटी चुना गया। प्रधानाचार्य विजय शर्मा ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने की प्रेरणा दी और बताया कि ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन का गठन किया जाएगा, जिसमें इस वर्ष पासआउट विद्यार्थी फाउंडर सदस्य होंगे

### सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** नेशनल हाईवे पर चामुक्खा के पास हुई भीषण टक्कर ने दो घरों की खुशियां हमेशा के लिए छीन लीं। मां सौमा देवी और उनकी बेटी शालू की मौत ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया। हादसा मंगलवार देर रात हुआ, जब परिवार की कार सरकारी बस से टकरा गई। मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए। बुधवार को दोनों का अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव बढ़हूं और ससुराल स्थित ब्यास नदी किनारे किया गया। यह दृश्य देखकर हर आंख नम थी, और परिवार के सदस्य और ग्रामीणों की सिसकियां दिल को छूने वाली थीं।

### मैक्लोडगंज में मॉक ड्रिल का आयोजन

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी धर्मशाला से मैकलोडगंज के लिए चलने वाले रोपवे में बुधवार को देर शाम मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। रोपवे के गंडोले में पर्यटक के फंसने का दृश्य बनाया गया। कोतवाली बाजार के काली माता मंदिर के पास स्थित रोपवे के गंडोले में की गई। उधर, डीडीएमए के कॉर्डिनेटर रॉबिन ने बताया कि संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन कर आपदा से निपटने की तैयारी परखी गई है।

## कांगड़ा के अनुसूचित जाति कृषकों को बांटी बैकयार्ड पोल्ट्री इकाइयां



इकाइयों का उद्घाटन-सह-वितरण समारोह आयोजित। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के डॉ. जीसी नेगी पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा वित्तपोषित परियोजना के तहत कांगड़ा जिले की अनुसूचित जाति समुदायों की सतत आजीविका सुदृढ़ करने के लिए बैकयार्ड पोल्ट्री इकाइयों का उद्घाटन-सह-वितरण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एके मोहंती, निदेशक, भाकृअनुप केंद्रीय गो अनुसंधान संस्थान, मेरठ ने विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अशोक कुमार पांडा ने बैकयार्ड पोल्ट्री पालन को ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ करने और महिला सशक्तिकरण के लिए प्रभावी बताया। इस परियोजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को 25 बैकयार्ड पोल्ट्री इकाइयां वितरित की गईं, जिनमें चूजे, संतुलित आहार, औषधियां और आवश्यक उपकरण शामिल थे। कार्यक्रम में अधिकांश लाभार्थी महिलाएं थीं, जो ग्रामीण आजीविका में महिला भूमिका को दर्शाता है। डॉ. सोनाली मिश्रा ने परियोजना के उद्देश्यों को प्रस्तुत किया और लाभार्थियों का स्वागत किया।

## कृषि सचिव ने किया किसान उत्पादक संगठन बनाकर सार्वजनिक कृषि-मंडीकरण नेटवर्क से जोड़ने का आह्वान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कृषि सचिव डॉ. सी. पॉलरसु ने कॉमन इंटरेस्ट ग्रुप और किसान उत्पादक संगठन बनाने तथा उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र के कृषि-व्यवसाय नेटवर्क से जोड़ने का आह्वान किया। कृषि सचिव जेआईसीए सहायतित कृषि परियोजनाओं की प्रथम राष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान 'सतत मूल्य श्रृंखलाओं का निर्माण और समावेशी बाजार पहुंच' विषय पर आयोजित तकनीकी सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे।



धर्मशाला में राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित। अनंत ज्ञान

डॉ. पॉलरसु की अध्यक्षता में सह्याद्री फार्म्स के विलास शिंदे ने बताया कि एफपीओ और सहकारी समितियों जैसे समेकन मॉडल किसानों को राष्ट्रीय और वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने में कैसे सशक्त बनाते हैं। हार्वेस्टिंग फार्मर्स नेटवर्क के रुचित जी गर्ग ने संरचित कृषि-मूल्य श्रृंखलाओं और क्लस्टर आधारित विपणन दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि एचएफएन ने एचपी जेआईसीए कृषि परियोजना को कांगड़ा जिले के चेतड़ू में एचपी फार्मर्स कंसोर्टियम के गठन में सहयोग प्रदान किया है। अन्य चार तकनीकी सत्रों में संसाधन-कुशल कृषि पद्धतियां एवं जलवायु अनुकूल खेती, जलवायु अनुकूल सतत कृषि में प्रौद्योगिकी एवं नवाचार, सतत कृषि और कृषि-व्यवसाय में पीपीपी मॉडल तथा कृषि-व्यवसाय स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन जैसे विषय शामिल थे। इन सत्रों में एग्री-टेक उद्योग और कृषि-व्यवसाय संस्थानों के प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिनमें एम2लाबो, ईकी फार्म्स, जाइडेक्स और मैनेज के प्रतिनिधि शामिल थे।

## भारतीय संस्कृति नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभावना का आधार : परमार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश स्तरीय सांस्कृतक प्रकोष्ठ की परिचय बैठक और कार्यशाला का आयोजन बुधवार को पालमपुर में हुआ। इस कार्यक्रम में प्रदेश और जिला स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया और भारतीय संस्कृति, परंपरा, तथा राष्ट्रवादी मूल्यों के संरक्षण पर चर्चा की।

भाजपा विधायक विपिन सिंह परमार ने बैठक में कहा कि भारतीय संस्कृति सिर्फ परंपराओं का संग्रह नहीं है, बल्कि यह जीवन पद्धति, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रभावना का आधार है। उन्होंने बताया कि भाजपा का सांस्कृतिक प्रकोष्ठ लोकनृत्य, लोकसंगीत और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

कार्यशाला के दौरान यह संकल्प लिया गया कि भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से काम किया जाएगा। परमार ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस का निर्णय दिल्ली दरबार पर निर्भर होता है, जो प्रदेश की अस्थिरता को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर प्रदेश प्रकोष्ठ के प्रभारी पुरषोत्तम गुलेरिया, जिला अध्यक्ष रागिनी रकवाल, और अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता सांसद डॉ. राजीव ने विजेताओं को किया सम्मानित

# शिमला टीम बनी वॉलीबाल चैंपियन

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट वॉलीबाल एसोसिएशन की ओर से जिला कांगड़ा के शाहपुर स्कूल खेल मैदान में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय अंडर-21 (महिला व पुरुष) वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 12 जिलों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले बुधवार को खेले गए। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में जिला चंबा और कांगड़ा के सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज मजौदू रहे।

इस दौरान लड़कियों का फाइनल मुकाबला शिमला और सोलन के बीच हुआ, जिसमें शिमला की टीम विजेता रही। वहीं, लड़कों में फाइनल मकाबला शिमला और सिरमौर के बीच खेला गया। इसमें शिमला की टीम विजेता रही। इस मौके पर सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज ने दोनों विजेता और उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार राशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला वॉलीबाल संघ के अध्यक्ष कमल कुमार शर्मा, पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी, जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिव शर्मा, अशोक वशष्ट, शाहपुर भाजपा मंडल के अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा, मोनी धीमा, देवेंद्र कोहली, जिला फुटबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश चौहान, जिला वॉलीबाल संघ के सदस्य अरुण कौशल, नवनीत शर्मा, प्रदीप शर्मा, संतोष कुमार, राजीव वशिष्ट, सतेंद्र गौतम और संजीव राणा आदि मौजूद रहे। इस मौके पर मुख्यातिथि सांसद राजीव ने कहा कि हिमाचल के शिमला, सिरमौर और सोलन ऐसे जिले हैं, जहां वॉलीबाल युवाओं के खून में बसता है, इसलिए जिला कांगड़ा की वॉलीबाल की एसोसिएशन को भी इसी तरह मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने जिला वॉलीबाल एसोसिएशन को सांसद निधि से तीन लाख रुपए देने की घोषणा की।



शाहपुर में राज्य स्तरीय वॉलीबाल स्पर्धा का आयोजन। अनंत ज्ञान

## लापता दोनों युवतियों को परिवार से मिलवाया

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** जिला पुलिस नूरपुर ने गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश में त्वरित और समन्वित कार्रवाई करते हुए दो युवतियों को सकुशल ट्रेस किया। 21 फरवरी को पंजाब-हिमाचल प्रदेश सीमा से सटे गांव खन्नी और डाकघर बदूही से 19 वर्षीय युवतियां गुम हो गई थीं। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों युवतियों को ट्रेस कर उनके परिवारों से मिलाया। इसके अतिरिक्त, पुलिस थाना डमटाल के अंतर्गत भी एक अन्य गुमशुदगी का मामला सामने आया था, जिसमें 19 वर्षीय युवती गांव छन्नी से लापता हुई थी। पुलिस ने उसकी भी सकुशल तलाश कर उसे उसके परिवार से मिलाया। एसपी कुलभूषण वर्मा ने बताया कि दोनों युवतियों के मामलों में कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और उन्हें उनके परिजनों के सुपुर्द किया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि गुमशुदगी या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें।

## ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति लाएगा भारतनेट प्रोजेक्ट : अनिल

◆ कहा- कांगड़ा व चंबा जिले में फाइबर प्रणाली से जुड़ रही सभी पंचायतें

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** संशोधित भारतनेट प्रोजेक्ट ग्रामीण, दूरदराज एवं दुर्गम क्षेत्रों में भी डिजिटल क्रांति लाने वाला है। यह बात अनिल कुमार गुप्ता (भादूसे), अपर महानिदेशक (दूरसंचार) सलाहकार, हिमाचल प्रदेश लाइसेंस सेवा क्षेत्र, दूरसंचार विभाग, भारत सरकार ने बुधवार को बीएसएनएल धर्मशाला वाणिज्य क्षेत्र के अंतर्गत भवारना ब्लॉक की मालनू ग्राम पंचायत में कार्य-निरीक्षण के दौरान पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही।

ग्रामीणों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि भारतनेट प्रोजेक्ट का कार्य हिमाचल में काफी जोर-शोर से चल रहा है और अत्याधुनिक फाइबर प्रणाली के माध्यम से ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में सुदृढ़ दूरसंचार व्यवस्था स्थापित करने के प्रयासों को गति दी जा रही है । गुप्ता ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य ग्रामीणों के साथ बातचीत में संचार सारथी पोर्टल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा मोबाइल चोरी, मोबाइल से संबंधित फ्रॉड आदि से बचने हेतु उपायों के बारे में ग्रामीणों को बताया बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि मोबाइल से संबंधित किसी भी फ्रॉड आदि के बारे में उपभोक्ताओं को तुरंत रिपोर्ट करना चाहिए ताकि जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का निपटान हो पाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों के जुडने से ग्रामीणों को फाइबर कनेक्टिविटी मिल पायेगी जिससे लोगो को सस्ते दामों पर इंटरनेट एवं वाई फाई की सुविधा मिल पाएगी। इस मौके पर उपमहानिदेशक दूरसंचार चंद्राभूषण सिंह, उपमहाप्रबंधक आई टीआई राजीव जगताप, सलाहकार आईटीआई कमल कुमार, नेटवर्क इंजीनियर सुबीर सिंह कॉमटेक से प्रोजेक्ट मैनेजर मुंतजिर, प्रोजेट निदेशक कमालुदीन उपस्थित रहे ।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पूर्व सीएम धूमल से मिले संजय टंडन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से उनके निवास पर भेंट की। टंडन ने कहा कि प्रो. धूमल का सार्वजनिक जीवन सादगी, पारदर्शिता और जनसेवा के प्रति समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। हिमाचल प्रदेश के विकास, संगठन सुदृढ़ीकरण और राष्ट्रहित के मुद्दों पर उनका दृष्टिकोण सदैव स्पष्ट, दूरदर्शी और प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे वरिष्ठ नेतृत्व का सान्निध्य हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

### नादौन अस्पताल के पुराने लैब भवन की नीलामी 28 को

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नागरिक अस्पताल नादौन के परिसर में स्थित लैब के पुराने भवन को गिराने और उसके मलबे को उठाने के लिए उक्त भवन की नीलामी प्रक्रिया 28 फरवरी को सुबह 11 बजे आरंभ की जाएगी। इस पुराने भवन की नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय नादौन में संपर्क कर सकते हैं।

### 14 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, हमीरपुर के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि 14 मार्च को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर हमीरपुर तथा नादौन और बड़सर में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। इसमें आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, एनआई एक्ट, धन वसूली, भूमि विवाद, सड़क दुर्घटना क्लेम, मोटर व्हीकल अधिनियम, श्रम विवाद, बिजली-पानी-टेलीफोन बिल, वैवाहिक एवं सेवा संबंधी मामलों का समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति संबंधित न्यायालय या प्राधिकरण कार्यालय में सादे कागज पर आवेदन कर सकते हैं।

### मध्यस्थता के लिए आवेदन किए आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अदालतों में लंबित मामलों को मध्यस्थता, सुलह एवं आपसी सहमति से निपटाने के लिए एक विशेष अभियान आरंभ किया गया है। 'मध्यस्थता राष्ट्र के लिए 2.0' अभियान के तहत लंबित मामलों के निपटारे के लिए विशेष पहल शुरू की गई है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, हमीरपुर के सचिव कुलदीप शर्मा ने बताया कि हमीरपुर, नादौन, बड़सर और भोरंज न्यायालयों में विशेषज्ञ सामुदायिक मध्यस्थ नियुक्त किए गए हैं। पैनल में सेवानिवृत्त राजस्व अधिकारी, बैंक व बीमा अधिकारी, अधिवक्ता और परामर्शदाता शामिल होंगे। अधिक जानकारी के लिए 01972-224399 पर संपर्क करें। मध्यस्थता से समय, धन की बचत और सौहार्द बना रहता है।

### संतोष बने अन्य पिछड़ा कल्याण बोर्ड के सदस्य



**अनंत ज्ञान, जाहू।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष भडोल को प्रदेश सरकार ने प्रदेश अन्य पिछड़ा कल्याण बोर्ड में मेंबर पद पर नियुक्त किया है। करीब 35 वर्षों से कांग्रेस में सक्रिय भडोल 2005-2008 तक भोरंज कांग्रेस सेवादल के चीफ आर्गेनाइजर रहे और उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रदेश स्तर पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किए गए। संगठन क्षमता और कुशल नेतृत्व को देखते हुए उन्हें इंटक जिलाध्यक्ष और 20 सूत्रीय कार्यक्रम में कई पद दिए गए। संतोष भडोल ने मुख्यमंत्री सुक्खू, विधायक सुरेश कुमार और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय धनियाल का धन्यवाद किया।

### 27 से 3 मार्च तक ऑनलाइन बिजली सेवाएं रहेंगी बंद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के मुख्य कार्यालय शिमला के निर्देश पर विद्युत उपमंडल भोरंज के उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। सहायक अभियंता वीरेंद्र ठाकुर ने बताया कि 27 फरवरी से 3 मार्च तक सर्वर की मेजर अपग्रेडेशन कार्य के कारण बिजली बिलिंग, बिल भुगतान, ऑनलाइन भुगतान, उपभोक्ता सेवा पोर्टल, मोबाइल एप, नए कनेक्शन, नाम परिवर्तन और शिकायत पंजीकरण जैसी सभी ऑनलाइन सेवाएं अस्थायी रूप से बंद रहेंगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को असुविधा हो सकती है, लेकिन उन्नयन कार्य के पश्चात सेवाएं सुरक्षित, तेज और बेहतर तरीके से बहाल कर दी जाएंगी। वहीं, विद्युत उपमंडल बड़सर के सहायक अभियंता विजय कुमार ने बताया कि उपमंडल कार्यालय में 27 फरवरी से 3 मार्च तक कुछ आवश्यक अनुरक्षण कार्यों के चलते कुछ सेवाएं बंद रहेंगी।

### सिद्धार्थ कॉलेज में रेबीज से बचने की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय, नादौन में आवारा कुत्तों से होने वाली बीमारियों और बचाव पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी संदीप पटियाल ने छात्रों को कुत्ते के काटने पर रेबीज के खतरे, प्राथमिक उपचार और वैक्सीनेशन के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने कार्यक्रम के लाभ बताए और छात्रों को सुरक्षा व सजगता बरतने का आह्वान किया।

### भारतीय मजदूर संघ ने मनाया विरोध दिवस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** 21वें अखिल भारतीय अधिवेशन के आह्वान पर भारतीय मजदूर संघ ने पूरे देश में विरोध दिवस मनाया। इसी क्रम में हमीरपुर में संघ की सभी इकाइयों ने जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर केंद्र एवं राज्य सरकारों से श्रमिकों की लंबित समस्याओं का समाधान करने की मांग की। जिला अध्यक्ष तिलक राज ने न्यूनतम वेतन, पेंशन, ईएसआई-ईपीएफ लाभ, योजना कर्मियों का नियमितीकरण और अन्य श्रमिक कल्याण मुद्दों पर जोर दिया।

### हमीरपुर में एंटी रैगिंग कमेटी ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डॉ. राधाकृष्णन राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय (आरकेजीएमसी) की एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुधवार को प्रधानाचार्य डॉ. रमेश भारती की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अधिकारियों, पुलिस, हॉस्टल एवं पीजी संचालकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। रैगिंग रोकने के लिए महाविद्यालय, हॉस्टल एवं पीजी परिसरों में सुरक्षा प्रबंधों, सीसीटीवी निगरानी, नियमित चेकिंग और गश्त बढ़ाने पर चर्चा हुई।

### पंचायत कोट में राजपूत सभा ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जनजागरण अभियान के तहत राजपूत सभा की बैठक ग्राम पंचायत कोट के विभिन्न गांवों में आयोजित की गई। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा यूजीसी के माध्यम से जारी की गई गाइडलाइन्स के उच्च शिक्षण संस्थानों और छात्रों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को विस्तारपूर्वक बताया गया। जिला महासचिव जोगिंदर ठाकुर, युवा विंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय रानोथ और कार्यकारिणी सदस्य सुदेश डडवाल ने सरकार से गाइडलाइंस तुरंत वापस लेने की मांग की। कोटलु और दरोगन गांव के कई ग्रामीणों ने भाग लिया और 7 मार्च को हमीरपुर गांधी चौक पर होने वाली विरोध रैली में शामिल होने का संकल्प लिया।

# जलाड़ी, रैल व बटराण स्कूल को सीबीएसई करने पर रोक

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह ने स्कूल शिक्षा विभाग को दिए निर्देश

अनंत ज्ञान

**नादौन।** उपमंडल के तीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रैल, जलाड़ी और बटराण स्कूल को सीबीएसई करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है। अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र में इन तीनों स्कूलों में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ही पढ़ाई जारी रहेगी।

इस संबंध में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग को निर्देश जारी कर दिए हैं। रैल, जलाड़ी व बटराण स्कूल को सीबीएसई करने की अधिसूचना बीते दिनों जारी की गई थी। इनसे पहले नादौन उपमंडल के 8 सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध हो चुके हैं। इनमें धनेटा, नादौन बॉयज व गर्ल्स, बदारन, अमलैहड़, बड़ा, कांगू व गलोड़ स्कूल शामिल हैं। बीते दिनों रैल, जलाड़ी व बटराण स्कूल के भी सीबीएसई होने की अधिसूचना जारी होने पर स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने इन स्कूलों को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से ही संबद्ध रखने की मांग मुख्यमंत्री से की थी। मुख्यमंत्री ने जनभावनाओं को मद्देनजर रखते हुए इन स्कूलों में अगले आदेश तक एचपी बोर्ड की ही पढ़ाई जारी रखने के निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग को दिए हैं।

### प्रदेश सरकार ने 200 स्कूलों में सीबीएसई की पढ़ाई शुरू करने का लिया है निर्णय

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा का स्तर और सुधारने के लिए 200 स्कूलों में सीबीएसई की पढ़ाई शुरू करवाने का निर्णय लिया है। सीबीएसई स्कूलों में विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ सुविधाएं भी अव्वल दर्जे की मिलेंगी। विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार मुहैया कराने के साथ खेलों में भी पारंगत बनाया जाएगा। इन स्कूलों के अपने खेल मैदान होंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र से 140 स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू होगा। 100 स्कूल अब तक सीबीएसई से संबद्ध हो चुके हैं, जबकि 40 स्कूलों की संबद्धता संबंधी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

# वैज्ञानिक जांच से सुलझी आगजनी की गुत्थी, चार माह बाद युवक गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**भोरंज।** वैज्ञानिक जांच से आगजनी की गुत्थी सुलझ गई है। चार माह बाद युवक को गिरफ्तार किया है। 27 अक्तूबर 2025 को थाना भोरंज को 112 हेल्पलाइन के माध्यम से सम्मु गांव स्थित एक रिहायशी मकान में आगजनी की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शिकायतकर्ता कमलेश कुमार ने पुलिस को बताया कि घटना के समय वह और उनकी पत्नी ड्यूटी पर गए हुए थे। उनकी अनुपस्थिति में किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में आग लगाकर नुकसान पहुंचाया। मौके पर खिड़कियों के शीशे टूटे हुए पाए गए, घरेलू सामान जला हुआ था, कपड़े काटे गए थे तथा एक स्मार्ट वॉच बरामद हुई। उल्लेखनीय है कि घर से कोई सामान चोरी नहीं हुआ था।

पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर वैज्ञानिक एवं तकनीकी आधार पर गहन जांच शुरू की। घटनास्थल से बीड़ी का जला हुआ टुकड़ा, कटा हुआ दुपट्टा, टूटी कैंची, जले सामान की राख सहित अन्य साक्ष्य एकत्र किए गए। क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला मंडी (आरएफएसएल) की टीम ने भी मौके का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य परीक्षण के लिए संकलित किए। तकनीकी विश्लेषण, डंप डाटा और सीसीटीवी फुटेज के गहन अध्ययन के आधार पर एक संदिग्ध की पहचान की गई। संदिग्ध से पूछताछ की गई तथा उसका रक्त नमूना लेकर प्रयोगशाला भेजा गया। वैज्ञानिक जांच में घटनास्थल से बरामद बीड़ी के टुकड़े से प्राप्त डीएनए प्रोफाइल संदिग्ध के रक्त नमूने से मेल खा गया। मजबूत वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 25 फरवरी को लगभग चार माह की सतत एवं सूक्ष्म जांच के बाद आरोपी स्पर्श पटियाल (19), पुत्र अनिल कुमार, निवासी बुमाणा, डाकघर ताल, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। मामले की पुष्टि करते जिला पुलिस अधीक्षक बलबीर सिंह ने की है।

# सुक्खू सरकार कर रही बड़सर के साथ सौतेला व्यवहार: इंद्रदत्त

## बल्याह पंचायत में बूथ सृजन अभियान के तहत विधायक ने भरी हुंकार

अनंत ज्ञान



विधायक इंद्रदत्त ने लोगों से संवाद किया। अनंत ज्ञान

**बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बुधवार को बल्याह पंचायत के बूथ बल्याह-1, बल्याह-2 एवं बिरसवीं में बूथ सृजन अभियान के अंतर्गत प्रवास कर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती देने के साथ-साथ प्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जन जागरण की सशक्त हुंकार भरी। यह प्रवास केवल औपचारिक बैठक तक सीमित नहीं रहा, बल्कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के समक्ष तथ्यात्मक और प्रभावी ढंग से रखने तथा प्रदेश सरकार की विफलताओं और बड़सर के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार को उजागर करने का सशक्त मंच सिद्ध हुआ। बूथ सृजन अभियान के तहत प्रवास के दौरान विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बूथ अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने गरीबों को पक्के मकान, किसानों को सम्मान निधि, युवाओं को रोजगार, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की योजनाओं और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों को मजबूत नेतृत्व का प्रमाण बताया तथा कार्यकर्ताओं से योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार पर बड़सर के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। विधायक निधि जारी न होने, सड़कों की खराब हालत, अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, लंबित भुगतान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में देरी और पेयजल संकट जैसे मुद्दे उठाए। स्मार्ट मीटर को जबरन लागू करने के फैसले का विरोध करते हुए उन्होंने आंदोलन की चेतावनी भी दी।

# राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव का सीएम सुक्खू करेंगे शुभारंभ

## सुजानपुर होली उत्सव में पहली से 4 मार्च तक आयोजित होंगी सांस्कृतिक संध्याएं

अनंत ज्ञान

◆ **महोत्सव के समापन समारोह में विस अध्यक्ष कुलदीप होंगे मुख्य अतिथि**

**सुजानपुर।** सुजानपुर में 1 से 4 मार्च 2026 तक चार दिवसीय भव्य सांस्कृतिक होली महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इका शुभारंभ 1 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा, जिनमें देश-प्रदेश के नामी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा, यातायात, बैठने की व्यवस्था, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि बाहर से आने वाले दर्शकों को कोई असुविधा न हो।

पहली सांस्कृतिक संध्या 1 मार्च को होगी, जिसमें प्रसिद्ध पंजाबी गायक बब्बू मान अपनी परफॉर्मेंस देंगे। उनके साथ पुलिस विभाग का बैंड 'हार्मनी ऑफ द पाइन्स' भी मंच पर प्रस्तुति देगा। बब्बू मान के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति को लेकर युवाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। 2 मार्च को आयोजित दूसरी सांस्कृतिक संध्या में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश धर्माणी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर पंजाबी संगीत जगत के चर्चित कलाकार मनकीरत औलख अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। तीसरी सांस्कृतिक संध्या 3 मार्च को होगी, जिसमें विधायक सुरेश कुमार मुख्य अतिथि होंगे।

इस दिन प्रसिद्ध गायिका सुनंदा शर्मा और हिमाचली लोकगायक अनुज शर्मा अपनी सुमधुर आवाज से दर्शकों का मन मोहेंगे। चौथी और अंतिम सांस्कृतिक संध्या 4 मार्च को आयोजित की जाएगी, जिसमें स्टार गायक कुमार साहिल सहित अन्य प्रसिद्ध हिमाचली कलाकार रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। इसी दिन महोत्सव का भव्य समापन समारोह भी होगा, जिसमें हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। आयोजन समिति ने बताया कि यह महोत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी को अपनी लोक परंपराओं से जोड़ने का एक प्रयास है। चार दिनों तक चलने वाले इस आयोजन से स्थानीय व्यापारियों और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। एसडीएम विकास शुक्ला ने जानकारी दी कि मेले को भव्य रूप से मनाने की तैयारियां जारी हैं और इसमें पुरातन परंपरा के साथ नयापन भी लाया जाएगा।

### ऑडिशन के अंतिम दिन उमड़े लोक कलाकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव सुजानपुर की चार सांस्कृतिक संध्याओं के लिए लोक कलाकारों के चयन के लिए ऑडिशन बुधवार को पूर्ण कर लिए गए। ऑडिशन के अंतिम दिन प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में लोक कलाकार पहुंचे। जिला भाषा अधिकारी एवं ऑडिशन कमेटी के अध्यक्ष संतोष कुमार पटियाल ने बताया कि अंतिम दिन ऑडिशन में लगभग 270 लोक कलाकारों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि तीन दिनों तक चले इन ऑडिशन में जिला हमीरपुर और प्रदेश के अन्य जिलों से कुल मिलाकर लगभग 600 लोक कलाकारों ने भाग लिया।

# जाड़ युवा क्लब की बैठक में विकास और खेल गतिविधियों पर जोर



खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने का लिया फैसला। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत युवा क्लब सांस्कृतिक विकास मंच जाड़ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ग्राम व क्षेत्र के अनेक युवाओं और सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य गांव के विकास कार्यों खेल गतिविधियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाना रहा।

सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए नियमित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी तथा युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम समय-समय पर होंगे। बैठक में प्रधान वीर सिंह रनौत ने बताया कि प्राथमिक स्कूल जाड़ में वाटर कूलर के लिए जिला परिषद मद से 40 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इस संबंध में स्कूल इंचार्ज को अवगत करवाया गया तथा बीडीओ से भी संपर्क किया गया, लेकिन संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। सदस्यों ने कहा कि गर्मियों से पहले बच्चों के हित में राशि का उपयोग सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति जागरूकता और शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल बनाने पर भी बल दिया गया। अंत में सभी ने गांव के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# हिम अकादमी स्कूल का छात्र साश्वत जेईई मेन पेपर-2 बी में प्रदेशभर में प्रथम

अनंत ज्ञान



**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर (हमीरपुर) के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल कर संस्थान को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के कक्षा बारहवीं के मेधावी छात्र साश्वत शर्मा ने जेईई मेन पेपर-2 बी (प्लानिंग) परीक्षा में 98.50 परसेंटाइल प्राप्त करते हुए प्रदेशभर में प्रथम स्थान अर्जित किया।

साश्वत की इस शानदार सफलता से विद्यालय, अभिभावकों तथा पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का वातावरण है। साश्वत शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा माता-पिता के सहयोग को दिया। उनका कहना है कि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण, समय का सदुपयोग और निरंतर अभ्यास ही सफलता की कुंजी हैं। उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी है और यह सिद्ध करती है कि कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस उल्लेखनीय सफलता के साथ-साथ विद्यालय के पांच से अधिक विद्यार्थियों ने इस वर्ष जेईई मेन पेपर-2 बी (प्लानिंग एवं आर्किटेक्चर) परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। यह उपलब्धि संस्थान की सुदृढ़ शैक्षणिक परंपरा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा समर्पित मार्गदर्शन को दर्शाती है। संस्थान के निदेशक इंजीनियर पंकज लखनपाल, प्रधानाचार्या इंजीनियर नैना लखनपाल तथा अकादमिक प्रधानाचार्या डॉ. हिमांशु शर्मा ने इस उपलब्धि पर साश्वत, उनके अभिभावकों और समस्त शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठोर साधना, आचार्यों के समर्पण तथा अभिभावकों के विश्वास का प्रतिफल है।

विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित कर संस्थान तथा प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर आलोकित करते रहेंगे। साश्वत शर्मा की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय, अपितु समूचे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है तथा भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

### जयराम खो चुके अपनी राजनीतिक विश्वसनीयता और प्रासंगिकता: कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सत्ता से बाहर होने के बाद जयराम ठाकुर अपनी राजनीतिक विश्वसनीयता और प्रासंगिकता खो चुके हैं। कौशल के अनुसार, कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री के लगातार विरोध की राजनीति ने उन्हें हास्यास्पद स्थिति में ला दिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि आपदा के समय और केंद्र द्वारा प्रदेश को आर्थिक रूप से कमजोर करने के मुद्दों पर भी वे हिमाचल के हित में मजबूती से खड़े नहीं हुए। कौशल ने निर्मला सीतारमण से उनकी मुलाकात का विवरण सार्वजनिक करने की मांग की, खासकर राजस्व घाटा अनुदान बंद करने के विषय पर। उन्होंने कहा कि केवल फोटो जारी करने से नहीं, बल्कि ठोस मुद्दों पर पारदर्शिता से ही जनता का विश्वास जीता जा सकता है।

### गोशाला की भूमि वापस लेने के लिए उपायुक्त से लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गो कल्याण सभा जाहू को लगभग 20 वर्ष पहले गोशाला संचालन के लिए 23 कनाल 10 मरले जमीन मिली थी, जिसका इंतकाल 19 जून 2002 में हुआ। गोशाला के प्रधान रत्न चंद ने बताया कि पटवारी की रिपोर्ट के बाद 14 कनाल 7 मरले जमीन सरकार के नाम हो गई। बुधवार को गोशाला की कमेटी ने उपायुक्त हमीरपुर गंधर्वा राठौड़ से गुहार लगाई कि जमीन वापस दिलाई जाए।

गोशाला में 250 गाय हैं और उनकी देखभाल के लिए जमीन अपर्याप्त है। उन्होंने बताया कि 2015 में शिकायत और 2024 व 2025 में पत्र देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस जमीन पर अस्पताल बन रहा है, जिसमें 33 लाख रुपए खर्च हो चुके हैं। मौके पर उप प्रधान सुनील कुमार, सचिव जगदीश चंद, कोषाध्यक्ष लाल बहादुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**परेशानी** बडार गांव के लोगों ने डीसी गंधर्वा राठौड़ को सौंपा ज्ञापन, बोले- समस्या करें हल

# पुश्तैनी रास्ते को बंद करने से ग्रामीण परेशान

अनंत ज्ञान



100 साल पुराना पुश्तैनी रास्ता बंद करने पर बडार गांव के लोग उपायुक्त से मिले। अनंत ज्ञान

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** साहनवी पंचायत के बडार गांव के लोग पिछले तीन दिन से 100 साल पुराना पुश्तैनी रास्ता बंद करने से परेशान हैं। बुधवार को गांव के लोग व महिलाएं डीसी ऑफिस पहुंचे और इस समस्या का हल करने का आग्रह किया। लोगों ने डीसी गंधर्वा राठौड़ को लिखित में शिकायत सौंपी और इसका निदान करने की गुहार लगाई।

गौर रहे कि रास्ता बंद होने से गांव के लोगों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि घर और खेतों के लिए यह रास्ता चला आ रहा था, वो भी बंद हो गया है। गांव के महेंद्र सिंह, सुरेंद्र पटियाल, किशन चंद, अनिता कुमारी, सुरेश चौधरी, प्रवीण कुमारी, सीमा कुमारी, उर्मिला कुमारी, चतर सिंह ने बताया कि गांव की निवासी राज कुमारी पत्नी स्व. प्रताप सिंह ने 23 फरवरी को रात के समय पुश्तैनी रास्ते पर चार दीवारी बना दी जिस पर गांव वालों ने पुलिस को सूचित किया। 24 फरवरी को पुलिस मौके पर आई व बयान दर्ज किए। उन्होंने बताया कि रात के समय मजदूर बुलाए और मिस्त्री लगाकर चार दीवारी लगा दी। उस समय गांव के कुछ लोग वहां पर मौजूद थे, उनके साथ धक्का-मुक्की व गाली-गलौज व अभद्र भाषा का ही प्रयोग किया।

उन्होंने बताया कि इनके घर के साथ प्रदेश सरकार का दो मरले का रकबा लगता है उसके ऊपर भी उन्होंने अवैध कब्जा कर रखा है विभाग द्वारा इसकी कानूनी कार्रवाई की जाए। गांव वालों ने उपायुक्त हमीरपुर से गुहार लगाई कि गांव वालों की समस्या को देखते हुए इस रास्ते को शीघ्र खुलवाया जाए तथा प्रदेश सरकार की भूमि पर किए गए कब्जे को भी हटाया जाए। इसके बाद गांव वाले पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह से मिले। पुलिस अधीक्षक ने गांवों को आश्वासन दिया कि जो भी कानूनी कार्रवाई होगी उसे पूरा किया जाएगा।

### अनुराग को भाजपा जिला हमीरपुर ने दी बधाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अनुराग ठाकुर को भारत-यूरोपीय संघ संसद (ब्रसेल्स) संसदीय मैत्री समूह का ग्रुप लीडर नियुक्त किए जाने पर भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में बधाई दी। राकेश ठकुर ने बताया कि यह नियुक्ति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल के तहत हुई है, जिसमें 60 से अधिक देशों के साथ संसदीय मैत्री समूह बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर की यह जिम्मेदारी हमीरपुर व हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है और भारत-ईयू संसदीय सहयोग, व्यापार, नवाचार, शिक्षा एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान को नई मजबूती प्रदान करेगी। उनके नेतृत्व से भारत वैश्विक मंच पर लोकतांत्रिक मूल्यों और नीतिगत अनुभव साझा कर सकेगा। पदाधिकारी विश्वास जताते हैं कि अनुराग ठाकुर इस महत्वपूर्ण दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे।

# युवा चेंज मेकर अभियान बना जनांदोलन एक दिन में 230 युवाओं का हुआ पंजीकरण




बड़सर में कार्यक्रम का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से चलाए जा रहे युवा चेंज मेकर पंजीकरण अभियान के तहत बुधवार को बड़सर में ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह अभियान पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में संचालित हो रहा है, जो प्रदेशभर में युवाओं के बीच राष्ट्रसेवा, संगठन और नेतृत्व की भावना को सशक्त बना रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बड़सर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने की। अभियान के अंतर्गत बड़सर मंडल में एक ही दिन में 230 युवाओं का पंजीकरण किया गया। बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह पहल अब केवल संगठनात्मक कार्यक्रम न रहकर जनआंदोलन का रूप ले चुकी है। यह उत्साह युवाओं के संगठन के प्रति विश्वास और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दर्शाता है।

कार्यक्रम में जिला व मंडल स्तर के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने युवाओं से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# मसरूंड़ स्कूल में 3 कमरे असुरक्षित घोषित

## जर्जर भवन ने बढ़ाई चिंता, शिक्षा विभाग ने कक्षा 6-8 के कमरों पर लगाई रोक

अनंत ज्ञान



विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने जर्जर भवन में कक्षाओं का संचालन किया बंद। अनंत ज्ञान

**मसरूंड़/चंबा।** जिला चंबा की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मसरूंड़ में कक्षा 6, 7 और 8 के तीन कमरे असुरक्षित घोषित कर दिए गए हैं। भवन की जर्जर हालत को देखते हुए शिक्षा विभाग ने इन कमरों के उपयोग पर रोक लगा दी है, जिससे स्कूल प्रशासन और अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।

विद्यालय प्रशासन ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए इन कमरों में विद्यार्थियों को बैठाना बंद कर दिया है। वर्तमान में बच्चों को कभी बरामदे में तो कभी अन्य कक्षाओं में समायोजित कर पढ़ाई करवाई जा रही है। इससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है और विद्यार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

कार्यवाहक प्रधानाचार्य अनीता शर्मा ने बताया कि भवन की स्थिति का निरीक्षण करने के बाद विभाग ने उसे असुरक्षित घोषित कर दिया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए एहतियातन इन कमरों में कक्षाएं बंद की गई हैं। उन्होंने आशा जताई कि शिक्षा विभाग शीघ्र नई इमारत के निर्माण की प्रक्रिया शुरू करेगा, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण में शिक्षा मिल सके।

◆ **अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से जल्द नई इमारत निर्माण की मांग की**

स्थानीय अभिभावकों और ग्रामीणों ने भी शिक्षा विभाग से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द नई इमारत का निर्माण कार्य शुरू किया जाए। उनका कहना है कि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और किसी भी संभावित हादसे से बचाव सुनिश्चित किया जाए। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में समस्या और गहरा सकती है। अब सबकी निगाहें शिक्षा विभाग की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

## गुआं स्कूल में मटमैला पानी पीने से बच्चे पड़ रहे बीमार

**अनंत ज्ञान, धरवाला।** विकासखंड मैहला के अंतर्गत पड़ने वाली राजकीय वरिष्ठ पाठशाला गुआं में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पूर्ण सिंह ने की। गोष्ठी में विद्यालय प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों ने भाग लिया। गोष्ठी में सीधे तौर पर विद्यालय पहुंच रहे मटमैले पानी के ऊपर चर्चा की गई। समिति अध्यक्ष पूर्ण सिंह सहित सभी सदस्यों ने साफ तौर पर कहा की राजकीय वरिष्ठ पाठशाला गुआं में जो वर्तमान समय में पानी की सप्लाई पहुंच रही है जो की बहुत ही मटमैला धूल मिट्टी व कंकर सहित पहुंच रहा है। जिसे मजबूरन मिड-डे मील में बनने वाले खाने तथा पीने के लिए भी उपयोग किया जा रहा है जिससे आए दिन बहुत से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय पहुंच रहा मटमैला पानी सिर्फ शौचालय में उपयोग करने लाइक है ना कि खाना बनाने वह पीने के लिए।

समिति कार्यकारिणी का कहना है राजकीय वरिष्ठ पाठशाला गुआं को पीने योग्य शुद्ध पानी की सप्लाई छुग भामल स्कीम से या फिर मंडोला प्रीणा स्कीम से दिया जाए ताकि बच्चों के मिड डे मील खाने में वह पीने के लिए स्वच्छ पानी विद्यालय पहुंच सके ताकि बच्चों में बनने वाला मिड डे मील का खाना शुद्ध पानी से बनाया जा सके वह विद्यालय पहुंचने वाले बच्चे शुद्ध वह साफ सुथरा पानी पी सके ताकि स्कूली छात्र-छात्राओं में किसी भी तरह की बीमारी फैलने का खतरा न हो। विद्यालय समिति अध्यक्ष पूर्ण सिंह समस्त कमेटी ने इस संदर्भ में एक मांग पत्र जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता उप मंडल धरवाला को सौंपा है।

## सुनारा पंचायत के तागी प्राइमरी स्कूल में 5 महीने से शिक्षक नहीं

अनंत ज्ञान




◆ **बच्चों की पढ़ाई प्रभावित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मिला प्रतिनिधिमंडल**

**ओपी शर्मा, भरमौर।** चंबा के ग्राम पंचायत सुनारा के तागी स्थित प्राइमरी स्कूल में पिछले करीब पांच महीनों से न तो कोई अध्यापक तैनात है और न ही चपरासी, जिसके कारण यहां पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। वर्तमान में अलग-अलग स्कूलों से अध्यापकों को अस्थायी रूप से भेजकर बच्चों की पढ़ाई करवाई जा रही है।

अध्यापक और स्टाफ की कमी के चलते अभिभावकों को बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता सताने लगी है, वहीं स्थानीय लोगों में भी इस स्थिति को लेकर रोष बढ़ता जा रहा है। स्कूल की समस्या को लेकर स्थानीय निवासी एवं समाजसेवी रविंद्र कुमार उर्फ बिंदु ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाकात कर जल्द शिक्षक और कर्मचारी नियुक्त करने की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि लंबे समय से स्टाफ की कमी के कारण बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है, इसलिए, विभाग को तत्काल कदम उठाने चाहिए।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मामले पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। यह मामला हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों में स्टाफ की कमी की समस्या को भी उजागर करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्र-प्रदेश नीतियों के खिलाफ जताया रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा में आज सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) द्वारा विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। सुदेश ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीसी कार्यालय के बाहर केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। बड़ी संख्या में मजदूर, किसान और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। धरने में सुदेश ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौतों, बिजली संशोधन बिल और स्मार्ट मीटरों के विरोध में केंद्र की नीतियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि किसान और आम जनता इन नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करेंगे व जनविरोधी नीतियां वापस न लेने पर आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### सीएम के कृषिकरण फैसले को सराहा

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन आयुष के राज्याध्यक्ष एवं राज्य मेडिसिनल प्लांट्स बोर्ड के पूर्व नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 12 लाख औषधीय पौधे किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी और प्रदेश की 250 से अधिक आयुर्वेदिक दवा निर्माण इकाइयों को स्थानीय जड़ी-बूटियां मिल सकेंगी। प्रारंभिक चरण में डाबर इंडिया लिमिटेड सहित अन्य संस्थाओं ने 10 वर्षों के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। डॉ. दिनेश ने सीएम सुक्खू और मंत्री यादवेंद्र गोमा को बधाई देते हुए आग्रह किया कि जोगेंद्रनगर, नेरी, जंगलझलेड़ा और धुमरेहड़ा स्थित हर्बल गार्डनों में किसानों को औषधीय खेती का प्रशिक्षण दिया जाए, ताकि गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और आय में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

### छात्रावास व शिक्षा से जोड़ीं दूरदराज बालिकाएं

**अनंत ज्ञान, चंबा।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास हिमगिरी द्वारा क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने हेतु प्रिपरेटरी कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप के अंतर्गत मिडिल स्कूल अंदवास, सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाहरा, हाई स्कूल लड़ेर और शागला, लमहोता, अंदवास, ढला तथा लाहरा गांवों का दौरा कर अभिभावकों एवं स्थानीय लोगों को छात्रावास की सुविधाओं और प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी गई। छात्रावास की वार्डन रीता, सहायक वार्डन चंपाकली और पार्ट-टाइम अध्यापिका बबली ने सक्रिय भूमिका निभाई। जिला समन्वयक डॉ. कविता ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कैंप बालिका शिक्षा को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

### 12 से 14 मार्च तक चंबा साहित्य उत्सवः डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला प्रशासन द्वारा चंबा साहित्य उत्सव 2026 का आयोजन 12 से 14 मार्च तक राजकीय महाविद्यालय चंबा में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय इस साहित्य उत्सव में विभिन्न साहित्यकार, कवि, लेखक और बुद्धिजीवी भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान कविता पाठ, पुस्तक विमोचन, साहित्यिक संवाद, विचार गोष्ठियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी। उत्सव का मुख्य उद्देश्य युवाओं में साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाना, स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा जिले की समृद्ध सांस्कृतिक एवं साहित्यिक विरासत को प्रोत्साहित करना है। जिला प्रशासन ने सभी साहित्य प्रेमियों, विद्यार्थियों और आम जनता से इस आयोजन में भाग लेने की अपील की है।

### स्वास्थ्य शिविर में 63 ग्रामीणों को जांचा

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** मोबाइल मेडिकल यूनिट चंबा ने दुर्गम तुंदा गांव (पंचायत तुंदा, तहसील भरमौर) में एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. दलीप शर्मा के निर्देशों में 63 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई, जिनमें शुगर, हीमोग्लोबिन और रक्तचाप शामिल थे। चिकित्सकों ने मरीजों को बीमारी के अनुसार दवाइयां वितरित की और योग को जीवनशैली में शामिल करने की सलाह दी। आयुर्वेदिक आईईसी सामग्री भी वितरित की गई। शिविर में डॉक्टर राजेंद्र सिंह ठाकुर, डॉ. नीरज, आयुर्वेदिक फार्मेसी अधिकारी दलीप जरयाल, राहुल चौधरी, तिलक राज और योगा गाइड राजेश पाल ने सेवाएं प्रदान कीं। उपमंडलीय चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुराधा शर्मा ने आयोजन में विशेष सहयोग दिया।

### सड़क सुरक्षा पर विद्यार्थियों को दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर में करियर मार्गदर्शन व्याख्यान और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पहले सत्र में प्रो. शीतल भोपाल ने संघ लोक सेवा आयोग, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, परीक्षा रणनीति, समय प्रबंधन और मानसिक संतुलन पर मार्गदर्शन दिया। दूसरे सत्र में महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब ने 2025-26 की उत्कृष्ट गतिविधियों में प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया और यातायात नियमों का पालन करने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। प्राचार्य डॉ. रमेश चंद धलारिया ने करियर चयन में सजगता और प्रतियोगी परीक्षा तैयारी में समर्पण का महत्व समझाया।

### लॉर्ड्स कॉन्वेंट में राष्ट्रीय खेल विजेताओं का सम्मान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** स्थानीय पाठशाला लॉर्ड्स कॉन्वेंट स्कूल सरकाघाट में खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को नवाजा गया। जिसमें नौवीं कक्षा के मोहित जिन्होंने जूनियर नेशनल कोर्फबॉल चैंपियनशिप जो तमिलनाडु में आयोजित हुई थी उसमें भाग लिया व तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। वहीं 10वीं कक्षा की आराध्य ठाकुर में जूनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता जो कि छत्तीसगढ़ में आयोजित की गई थी उसमें शानदार प्रदर्शन किया है। स्कूल प्रधानाचार्य सपना ठाकुर ने बताया दोनों ही छात्र पढ़ाई के साथ हर तरह की गतिविधियों में हमेशा अव्वल रहते है। स्कूल प्रबंधक कर्नल बलवंत सिंह बरारी में बताया लॉर्ड्स के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते है जिसके लिए सभी बधाई के पात्र है।

### राज्यस्तरीय छेश्चू मेले का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ऐतिहासिक एवं धार्मिक तीर्थ स्थल रिवालसर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय छेश्चू मेले का शुभारंभ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि यह उत्सव आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का संगम है, जो समाज को एकता और मानवता के सूत्र में जोड़ता है। उन्होंने 'जुले, नमस्ते' कहकर श्रद्धालुओं को बधाई दी और रिवालसर को गुरु पद्मसंभव की तपस्थली बताते हुए इसकी वैश्विक पहचान का उल्लेख किया। लेह-लद्दाख, जांस्कर, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और मंडी सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं की उपस्थिति को साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि पवित्र झील की परिक्रमा करते श्रद्धालुओं का दृश्य शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश देता है। पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी और कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष संजीव गुलेरिया ने भी संबोधित किया। मेला आयोजन समिति की अध्यक्ष एवं उपमंडलाधिकारी बल्ह स्मृतिका नेगी ने मुख्य अतिथि को हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत


चुवाड़ी कॉलेज में वार्षिक समारोह का आयोजन किया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**चुवाड़ी।** राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया मुख्य अतिथि रहे और उन्होंने शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। सभा में अध्यक्ष ने राज्य सरकार के शिक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने महाविद्यालय में 7 लाख रुपए लागत से स्थापित गर्ल्स कॉमन रूम का उद्घाटन किया, जिसमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र के सिहुंता तहसील के मौहल चलेरा में 'ग्लोबल स्किल्स एंड डिजिटल यूनिवर्सिटी' स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि यह विश्वविद्यालय कौशल-आधारित, व्यावसायिक और उद्योगोन्मुखी शिक्षा प्रदान करेगा, रोजगार और नवाचार को बढ़ावा देगा। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन, पूर्व कांग्रेस नेताओं, विभागीय अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## चुराह उपमंडल में गुप्त सूचना से टली बाल विवाह की घटना

**अनंत ज्ञान, तीसा/चुराह।** चाइल्ड हेल्पलाइन में आई गुप्त सूचना से चुराह उपमंडल में होने जा रही एक नाबालिग लड़की की शादी को समय रहते रुकवा दिया। 16 वर्ष 11 माह की किशोरी को बालिका वधू बनने से बचाते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई का उदाहरण प्रस्तुत किया। जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की की शादी जबरन करवाई जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इसकी सूचना सीडीपीओ तीसा को दी गई। सीडीपीओ तीसा तथा संबंधित सर्किल की आंगनवाड़ी सुपरवाइजर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और विवाह की तैयारियों को रुकवा दिया। बताया जा रहा है कि इस विवाह के लिए बारात चंबा शहर के साथ लगते क्षेत्र से आने वाली थी। मौके पर परिजनों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में किशोरी के बयान दर्ज किए गए। प्रशासन ने परिजनों को सख्त हिदायत दी है कि लड़की की शादी तभी करवाई जाए जब वह बालिग हो जाए। साथ ही उन्हें पाबंद भी किया गया है। संबंधित आंगनबाड़ी सुपरवाइजर ने दूल्हा पक्ष को भी स्पष्ट रूप से अवगत करा दिया कि लड़की नाबालिग है। यदि विवाह संपन्न होता तो दूल्हे, दोनों पक्षों के परिजनों तथा विवाह संपन्न कराने वाले पंडितों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती थी। इस त्वरित कार्रवाई से एक संभावित बाल विवाह को रोका जा सका। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा की सूचना तुरंत संबंधित विभाग या चाइल्ड हेल्पलाइन को दें, ताकि समय रहते बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जा सके।

### भारतीय मजदूर संघ का सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान

## मांगें शीघ्र न मानीं तो होगा उग्र प्रदर्शन

अनंत ज्ञान


भारतीय मजदूर संघ के सदस्य ज्ञापन देने जाते हुए। अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, चंबा।** भारतीय मजदूर संघ इकाई चंबा ने अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदेश सरकार के विरुद्ध आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपायुक्त चंबा के माध्यम से प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। इस दौरान संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की, तो प्रदेश भर में उग्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

संघ के जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार ने बताया कि दिसंबर 2025 में सरकार को 24 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था, लेकिन अब तक उस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के अस्थायी मजदूरों और सभी विभागों के कर्मचारियों के लिए न्यूनतम वेतन 26,000 रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया जाए।

उन्होंने मांग की कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सेवानिवृत्ति पर 5 लाख रुपए की सहायता राशि तथा 24,800 रुपए मासिक वेतन दिया जाए। आशा कार्यकर्ताओं को समय पर भुगतान व स्थायी नीति लागू की जाए। मिड-डे मील कार्यकर्ताओं को भी सेवानिवृत्ति पर 5 लाख रुपए और 12 माह का पूर्ण वेतन 26,000 रुपए प्रदान किया जाए।

इसके अतिरिक्त वर्ष 2016 के वेतन आयोग का पूरा एरियर और 13 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) का भुगतान तुरंत करने की मांग उठाई गई। जल शक्ति, लोक निर्माण और बिजली विभाग में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की भी पुनः मांग दोहराई गई। संघ ने दो टूक कहा कि यदि सरकार समय रहते वार्ता के माध्यम से समाधान नहीं निकालती है, तो भविष्य में होने वाले किसी भी बड़े आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश राणा, सचिव मनजीत सिंह, पवन राणा, केहर सिंह, जगदीश चंद्र, प्रमोद, दिनेश शर्मा, नीलम, ऊषा, कमलेश और रीता देवी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चौगान नंबर-1 तक लिफ्ट निर्माण को लेकर प्रशासन सक्रिय

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले में पर्यटन और आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए प्रशासन ने ठोस पहल की है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने चौगान नंबर-1 तक प्रस्तावित लिफ्ट निर्माण परियोजना का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने संभावित स्थलों—बस स्टैंड, तत्त्वनी और कसकड़ा—का तकनीकी एवं व्यवहारिक परीक्षण किया और पहुंच मार्ग, सुरक्षा मानक, भूमि उपलब्धता व आमजन की सुविधा पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। उपायुक्त ने कहा कि परियोजना से शहरवासियों और पर्यटकों को सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक पहुंच मिलेगी। शीतला मंदिर के समीप रावी नदी तट पर प्रस्तावित पूजा घाट श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र और धार्मिक पर्यटन के लिए महत्वपूर्ण होगा। निरीक्षण के दौरान प्राचीन शीतला पुल की मरम्मत कार्य की प्रगति की समीक्षा भी की गई। जिला पर्यटन विकास अधिकारी राजीव मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## शानन बचाओ संघर्ष समिति का प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, अभिषेक, जोगिंदनगर।** शानन पोस्ट ऑफिस को बंद करने के निर्णय के विरोध में बुधवार को शानन बचाओ संघर्ष समिति ने जोगिंद्र नगर पोस्ट ऑफिस में जोरदार प्रदर्शन किया। समिति के सदस्यों ने यहां बैठक करने पहुंचे डेवलपमेंट ऑफिसर विजय शर्मा का घेराव कर उन्हें बैठक करने से रोक दिया।बताया जा रहा है कि पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों व एजेंटों के साथ बैठक प्रस्तावित थी, जिसमें डाक विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक संजय ठाकुर भी शामिल होने वाले थे। हालांकि, घेराव की सूचना मिलते ही उन्होंने अपना कार्यक्रम बदल दिया और जोगिंद्र नगर आने के बजाय मकरीडी चले गए। संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ. राकेश ने कहा कि पिछले डेढ़ माह से शानन व आसपास के क्षेत्रों की जनता पोस्ट ऑफिस बंद होने से भारी परेशानी झेल रही है, लेकिन विभागीय अधिकारी कोई संतोषजनक जवाब देने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वरिष्ठ अधीक्षक सवालों से बचने के लिए जोगिंद्रनगर नहीं पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक वरिष्ठ अधीक्षक स्वयं उपस्थित होकर संघर्ष समिति के सवालों का जवाब नहीं देते।

## चंबा चुनाव प्रकोष्ठ के सह संयोजक बने शिशु गुप्ता

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, चंबा।** आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा हिमाचल प्रदेश ने संगठनात्मक ढांचे को और सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रदेश चुनाव प्रकोष्ठ द्वारा जिला चंबा के लिए सह संयोजक के रूप में शिशु गुप्ता की नियुक्ति की घोषणा की गई है। प्रदेश संयोजक, चुनाव प्रकोष्ठ जगदीश चंद्र शर्मा (सेवानिवृत्त आईएएस) ने प्रदेश एवं जिला नेतृत्व से विचार-विमर्श के उपरांत यह घोषणा की। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी। शिशु गुप्ता संगठन में लंबा अनुभव रखते हैं और पार्टी की विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। वे अपनी सशक्त लेखन क्षमता, गहरी वैचारिक दृष्टि तथा तथ्यों को गंभीरता से समझने और उनका सूक्ष्म विश्लेषण करने की क्षमता के लिए जाने जाते हैं। संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी और रणनीतिक सोच ने उन्हें एक प्रभावशाली और भरोसेमंद चेहरा बनाया है।

## गोपालपुर ब्लॉक की मासिक बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत थौना के गांव पिंगला में हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन गोपालपुर ब्लॉक की मासिक बैठक ब्लॉक अध्यक्ष रमेश ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राज्य अध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । बैठक में 10 नए पेंशनरों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण कर फेडरेशन को और मजबूत किया। बैठक में कुलदीप गुलेरिया, जय चंद ठाकुर, राजमल आनंद, प्रजापति, अश्वनी शर्मा, रामनाथ शर्मा व रामलाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।


**व अदालत नायव तहसीलदार एवं सहायक समाहर्ता, श्रेणी-॥ भवारना जिला कांगड़ा (हि0 प्र0)**

मुकदमा न0 किस्म मुकदमा नाम दरुस्ती
तारीख पेशी -
श्रीमती कूकी देवी पत्नी स्व0 श्री सोहणू राम पुत्र खिन्नू निवासी महाल हार डरोह उपतहसील भवारना जिला कांगडा हि0प्र0 ।

बनाम
आम जनता

**विषयः-नाम दरुस्ती करने बारे।**
प्रार्थी श्रीमती कूकी देवी पत्नी स्व0 श्री सोहणू राम पुत्र खिन्नू निवासी महाल हार डरोह जिला कांगड़ा हि0प्र0 ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय स्वघोषणा पत्र द्वारा सूचित किया है कि उनकी ननंद जी का असल नाम इच्छया देवी है। उनके अन्य अभिलेख में भी इसी नाम से प्रविष्टी दर्ज है। जबकि महाल हार डरोह पटवार वृत डरोह के राजस्व अभिलेख में प्रार्थी के ननंद जी का नाम हच्छो दर्ज है। जोकि गलत है। अतः प्रार्थी महाल हार डरोह पटवार वृत डरोह के राजस्व रिकार्ड में अपने ननंद जी का नाम की दरुस्ती (हच्छो उपनाम इच्छया देवी) करना चाहती है। अतः इस ईश्तयार / मुस्त्री मुन्यादी चस्पानगी के माध्यम से आम जानता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त व्यक्ति के नाम की दरुस्ती बारे किसी को कोई उजर/एतराज हो तो वह दिनांक 25-3-2026 को आसलतन व वकालतन इस कार्यालय में हाजिर होकर उज्ज पेश कर सकता है। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा तरफा कार्यावाही अमल में लाई जाएगी।
आज दिनांक 25-2-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी भवारना ।**

**अनंत Classifieds**

**NAME CHANGE**
I, No. 14655858K, Hav Chandan Kumar Giri S/o Late Bibhison Giri R/o Village Krishnanagar, Tehsil Tamluk Distt Midnapur (Puba) West Bengal-721650. Declare that my wife name in my army record wrongly entered as Madhumita Bera. Whereas her correct name is Madhumita Bera Giri. Affidavit No. IN-HP71705048467435Y

**बेदखली सूचना**
**मैं, चमेली देवी** (64 वर्ष ) पत्नी श्री धर्म चन्द गांव व डा. पाली तह. पधर जिला मण्डी हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरा बेटा रसीला राम व उसकी पत्नी बबली देवी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। अतः मैं अपने बेटे रसीला राम व उसकी पत्नी बबली देवी को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**
**मैं, प्रियंका** ( 40 ) पत्नी समर भारद्वाज निवासी वार्ड नंबर-2 तहसील बंजार जिला कुल्लू हिमाचल प्रदेश पिन 175123 आधार नंबर- 634779508860 घोषणा करती हूं कि मेरा वास्तविक और सही नाम प्रियंक (Priyank) के स्थान पर प्रियंका (Priyanka) है। सभी संबंधित नोट करें।


## शिक्षा मंत्री का चंबा का तीन दिवसीय दौरा फ्लॉपः जय सिंह

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जय सिंह ने चंबा में बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश सरकार और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के हालिया तीन दिवसीय दौरे पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री का चंबा दौरा पूरी तरह फ्लॉप साबित हुआ और वे जिला को कोई नई सौगात दिए बिना ही लौट गए। जय सिंह ने कहा कि शिक्षा मंत्री ने जिन भवनों का उद्घाटन और लोकार्पण किया, वे सभी कार्य भाजपा सरकार के कार्यकाल में स्वीकृत और निर्मित हुए थे। विशेष रूप से साच और प्रोथा स्कूलों में जो भी धनराशि खर्च की गई, वह पूर्व भाजपा सरकार के समय ही स्वीकृत हुई थी। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है जब प्रदेश सरकार का कोई मंत्री तीन दिन का दौरा कर जिला को खाली हाथ छोड़ गया हो।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कथियारी विकास खण्ड बालीचौकी, जिला मण्डी (हि0 प्र0)**

**निविदा आमन्त्रण सूचना**

ग्राम पंचायत कथियारी विकास खण्ड बालीचौकी जिला मण्डी द्वारा वित वर्ष 2025-2026 और 2026-2027 के लिए विभिन्न विकास कार्यो के निष्पादन हेतु आवश्यकता अनुसार अधिकृत विक्रेताओं से (डाक विभाग द्वारा) मुहरबंद निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएँ दिनांक 04/03/2026 को अपराहन 05:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय कथियारी में पहुँच जानी चाहिएं। निविदाएँ दिनांक 05/03/2026 को पूर्वाहन 11:00 बजे के बाद, ग्राम पंचायत की 'निर्माण कमेटी' व निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जायेंगी । **सामग्री** :- रेत, बजरी, पत्थर किराया, ईटे, सीमेंट किराया, Steel, शेट्रिंग, G.I. शीट. CIB, **नियम व शर्तेः-** निविदादाता के पास अपना पंजीकरण, पैन संख्या, जी.एस.टी. (GST) नम्बर होना आवश्यक है। ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित M-Form जमा करवाने होंगे । सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। दरें अंकों और शब्दों दोनो में लिखी होनी चाहिए । निर्माण सामग्री कार्य स्थल सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । पारित निविदादाता को मु. 25,000/- रुपये धरोहर सुरक्षित राशी डिमांड ड्राफ्ट ग्रां0 पं0 के नाम बनाकर निविदा प्रपत्र के साथ बंद करके देने होंगे। यदि निविदादाता निश्चित समय पर सामग्री नही देता है तो, निविदाता कि धरोहर राशी को जब्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी । निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में दी गयी सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा और न ही अग्रिम सुरक्षित राशी वापिस होगी । किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने, सशर्त निविदा, समान दर रहने की स्थिति में, एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदायें किसी भी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा । सामग्री लेने का अन्तिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ negotiation अनुसार/उपरांत किया जायेगा । सप्लायर अपनी मालवाहक गाड़ी की RC की कॉपी भी सलंगन करें, जो केवल स्पलायर की अपनी या अपने परिवार के नाम से हो ।
**प्रधान सचिव जिला ग्राम पंचायत कथियारी विकास खण्ड बालीचौकी जि.मण्डी**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगडा हि0प्र0 ।**
मुकदमा- इन्द्राज सेहत नाम
पेशी- 03.02.2026
बलबीर सिंह पुत्र श्री गोपाल दास निवासी गांव व डाकघर अनसूई तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।

बनाम
आम जनता

**विषय- दरुस्ती नाम हि0प्र0रा0 अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के तहत महाल करनाल में नाम दरुस्ती वारे।**
उपरोक्त मुकदमा वारे प्रार्थी ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र गुजारा है जिसमें लिखा है उनके पिता का सही नाम गोपाल दास पुत्र श्री पूरन सिंह निवासी महाल करनाल तहसील शाहपुर जिला कांगडा है। जबकि महाल करनाल में उनका नाम कालीदास उपनाम माधोराम दर्ज है जो कि गलत इन्द्राज हुआ है। प्राथी उक्त नाम को दरुस्त करके गोपाल दास पुत्र पूरन सिंह महाल करनाल में दर्ज करवाना चाहता है।
अत उक्त प्रार्थना पत्र के संदर्भ में उपरोक्त नाम की दरुस्ती वारे किसी को कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 03.02.2026 को दोपहर बाद 2 बजे हाजिर आ सकता है। हाजिर न आने की स्थिती में एकतरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाकर आगामी आदेश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज जेरे समायत न होगा। आज दिनांक 18/02/26 को मेरी मोहर व हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
**सहायक समाहता प्रथम श्रेणी शाहपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 ।**

**व अदालत तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील धीरा, जिला कांगड़ा, हि0 प्र0 ।**
केस न0-23/Teh/B/2025
तिथि दायराः- 07-02-2026
तारीख पेशीः- 10-03-2026
**किस्म मु0:- जन्म पंजीकरण**
**शीर्षकः-** जुधी देवी पुत्री प्रभु दयाल निवासी गांव, ओलेहड़, डाकघर धीरा ग्राम पंचायत कुहाणा, तहसील धीरा जिला कांगड़ा हि0 प्र0 । ...प्रार्थी

वनाम
आम जनता । ...प्रत्यार्थीगण

**विषयः- प्रार्थना पत्र अधीन धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 ।**
**ईश्तहार/नोटिस-** प्रार्थी उपरोक्त ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र इस आश्य से पेश किया है कि उसका जन्म तिथि दिनांक 01-07-1945 को गांव ओलेहड़, डाकघर धीरा, ग्राम पंचायत कुहाणा, तहसील धीरा, जिला कांगड़ा में हुआ है लेकिन अज्ञानतावश उसकी जन्म तिथि ग्राम पंचायत कुहाणा के अभिलेख में दर्ज न करवाई है जिसे वह सम्बन्धित ग्राम पंचायत कुहाणा के अभिलेख में दर्ज करवाना चाहती है। अतः इस वारे सर्वसाधारण को अखवारी ईश्तहार व मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को प्रार्थी जुधी देवी पुत्री प्रभदयाल की जन्म तिथि दिनांक 01-07-1945 को ग्राम पंचायत कुहाणा के अभिलेख में दर्ज करने वारे कोई उजर या ऐतराज हो तो वह तिथि दिनांक 10-03-2026 तक असालतन या वकालतन इस अदालत में हाजिर आकर अपना उजर या ऐतराज पेश कर सकता है। इसके उपरान्त कोई भी उजर या ऐतराज कावले समायत न होगा तथा प्रार्थी जुधी देवी पुत्री प्रभु दयाल की जन्म तिथि दिनांक 01-07-1945 को पंजीकृत करने के आदेश सम्बन्धित ग्राम पंचायत कुहाणा को पारित कर दिये जायेंगे ।
आज दिनांक 17-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी हुआ ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील धीरा, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**व अदालत कार्यकारी एवं दंडाधिकारी एवं नायब तहसीलदार, उपतहसील रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**
श्रीमती आशा देवी पत्नी चुनी लाल निवासी गाँव व डाकघर, सब- तहसील रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.)। ...प्रार्थी

वनाम आम जनता
...फ्रीक दोयम

ईश्तेहार- श्रीमती आशा देवी पत्नी चुनी लाल निवासी गाँव व डाकघर, सव- तहसील रे जिला कांगड़ा (हि.प्र.) ने अदालत हजा में एक प्रार्थना पत्र वावत अपने पति चुनी लाल पुत्र बद्री के दिनांक 14-08-2015 को लापता होने की सूरत में मकबूल उल खबरी इन्तकाल दर्ज करवाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित किया है प्रार्थीया ने निवेदन किया है कि दिनांक 14-08-2015 को उनके पति चुनी लाल पुत्र बद्री जो लुधियाना पंजाब में काम करते वे अचानक लापता हो गए और आज दिन तक घर वापिस नहीं आए है। अतः प्रार्थीया एवं चुनी लाल के बाकी जायज बारसान मनास उल खवरी इन्तकाल पटवार सर्किल रे मैं करवाना चाहते है। अतः सर्वसाधारण को इस इश्तेहार द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रार्थिया के पति चुनी लाल का मकबूल उल खवरी इन्तकाल पटवार सर्किल रे में इंतकाल नंबर 1078 चुनी लाल के जायज वारसान के नाम दर्ज है यदि किसी व्यक्ति को प्रार्थया श्रीमति आशा देवी पतनी चुनी लाल निवासी गाँव व डाकघर रे, सब तहसील रे जिला कांगड़ा के पति चुनी लाल के जायज वारसान रमन कुमार सन्नी कुमार पुत्रान व श्रीमति आशा देवी पत्नी चुनी लाल पुत्र बदरी भाग बराबर के नाम मकबूल उल खबरी इन्तकाल पटवार सर्किल रे करने वारे कोई उजर तराज है तो यह दिनांक 24/03/2026 को प्रातः 10 बजे या उससे पूर्व असालतन या वकारतन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में हाजिर होकर अपना उजर/एतराज प्रस्तुत कर सकता है। न आने की सूरत में प्रार्थीया के पति चुनी लाल का मकबूल उल खबरी इन्तकाल पटवार सर्किल रे उनके जायज बारसान के नाम करने अरे आदेश पारित कर दिए जाएंगे। उसने उपरान्त कोई भी उजर व एतराज कायले समायतन होगा।
**कार्यकारी अधिकारी रे, जिला (कांगड़ा (हि.प्र.))।**

**व अदालत तहसीलदार एवं कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील धीरा, जिला कांगड़ा, हि0 प्र0 ।**
केस न0-29/Teh/B/2026
तिथि दायराः 24-02-2026
तारीख पेशीः- 10-03-2026
**किस्म मु0:- जन्म पंजीकरण**
शीर्षकः चंपा देवी पुत्री ज्ञान चन्द निवासी गांव, डाकघर व ग्राम पंचायत डंई जिला कांगड़ा हि. प्र. । ...प्रार्थी

वनाम
आम जनता । ...प्रत्यार्थीगण

**विषयः - प्रार्थना पत्र अधीन धारा 13 (3) जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 ।**
**ईश्तहार/नोटिस-** प्रार्थी उपरोक्त ने इस अदालत में प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र इस आश्य से पेश किया है कि उसका जन्म तिथि दिनांक 01-07-1964 को गांव द्रमण डाकघर व ग्राम पंचायत पुढ़वा में हुआ है लेकिन अज्ञानतावश उसकी जन्म तिथि ग्राम पंचायत पुढ़वा के अभिलेख में दर्ज न करवाई है जिसे वह सम्बन्धित ग्राम पंचायत पुढ़वा के अभिलेख में दर्ज करवाना चाहती है।
अतः इस वारे सर्वसाधारण को अखवारी ईश्तहार व मुनादी द्वारा सूचित किया जाता है वि यदि किसी को प्रार्थी चंपा देवी पुत्री ज्ञान चन्द की जन्म तिथि दिनांक 01-07-1964 को ग्राम पंचायत पुढ़वा के अभिलेख में दर्ज करने वारे कोई उजर या ऐतराज हो तो वह तिथि दिनांक 10-03-2026 तक असालतन या वकालतन इस अदालत में हाजिर आकर अपना उजर या ऐतराज पेश कर सकता है। इसके उपरान्त कोई भी उजर या ऐतराज कावले समायत न होगा तथा प्रार्थी चंपा देवी पुत्री ज्ञान चन्द की जन्म तिथि दिनांक 01-07-1964 को पंजीकृत करने के बारे सम्बन्धित ग्राम पंचायत पुढ़वा को पारित कर दिये जायेंगे ।
आज दिनांक 24-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर सहित अदालत से जारी हुआ ।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी तह. धीरा, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

## न्यूज ब्रीफ

### जोगिंद्रनगर में नाले से मिला महिला का शव

**अनंत ज्ञान, अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर शहर के वार्ड नंबर 6 में पुरानी आईटीआई के पास एक नाले से महिला का शव बरामद होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, और शव को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मंडी विनोद कुमार खुद मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल पाएगा।

### अब ओटीपी और फेस ऑथेंटिकेशन से मिलेगा राशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक सरल और तकनीक-सक्षम बनाने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अब जिले की सभी उचित मूल्य की दुकानों पर आधार आधारित ओटीपी और फेस ऑथेंटिकेशन (चेहरा प्रमाणीकरण) की सुविधा पूरी तरह लागू कर दी गई है। लाभार्थी अब आधार से लिंक मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी या फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से राशन प्राप्त कर सकेंगे। बुजुर्ग, बीमार या दिव्यांग लाभार्थी, जो स्वयं दुकान तक नहीं पहुंच सकते, वे अपने नामांकित व्यक्ति के जरिए या ओटीपी साझा कर राशन प्राप्त कर सकते हैं। विभाग ने सभी उचित मूल्य दुकानदारों को निर्देश दिए हैं कि वे लाभार्थियों को नई व्यवस्था की जानकारी दें और वितरण प्रक्रिया में पूरा सहयोग करें। विभाग ने कहा है कि पात्र नागरिकों तक निर्बाध खाद्यान्न आपूर्ति सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता है।

### पेंशनर्स 28 फरवरी तक करें ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण विभाग ने सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों को 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी सत्यापन करवाने के निर्देश दिए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि लाभार्थी अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र या संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय में आवश्यक दस्तावेजों सहित तय तिथि से पहले ई-केवाईसी अवश्य करवा लें। निर्धारित तिथि के बाद सत्यापन न कराने की स्थिति में पेंशनर्स को अपात्र या अनुपलब्ध माना जाएगा और पेंशन स्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी। यदि किसी पेंशनभोगी का आधार कार्ड नहीं बना है या अपडेट की आवश्यकता है, तो वह संबंधित तहसील कल्याण अधिकारी से संपर्क कर सकता है। ई-केवाईसी से जुड़ी जानकारी या समस्या के लिए लाभार्थी जिला कल्याण अधिकारी, तहसील कल्याण अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक या संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से तुरंत संपर्क करें।

### उपराष्ट्रपति ने मनीषा श्रीधर को दिया राष्ट्रीय सम्मान

**अनंत ज्ञान, करसोग।** जमीन से जुड़ी और जुझारू प्रशासनिक अधिकारी मनीषा श्रीधर को उनके उल्लेखनीय जनस्वास्थ्य एवं प्रशासनिक योगदान के लिए देश के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सम्मानित किया। वर्ष 1984 बैच की आईएएस अधिकारी मनीषा श्रीधर ने शिमला और कांगड़ा सहित महत्वपूर्ण जिलों में जिलाधीश के रूप में कार्य करते हुए विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया और जनहित को प्राथमिकता दी। प्रशासनिक सेवा के साथ-साथ जनस्वास्थ्य में उनके योगदान को भी राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। उन्हें टाइम्स फाउंडेशन द्वारा 'आजीवन जनस्वास्थ्य सम्मान' से भी अलंकृत किया जा चुका है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### हरीश शर्मा ने मां की स्मृति में दो व्हील चेयर की भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्षेत्रीय चिकित्सालय, मंडी में बिजनी निवासी विषय-वाद विशेषज्ञ कृषि हरीश शर्मा ने अपनी माता स्वर्गीय विमला शर्मा की स्मृति में दो व्हील कुर्सियां भेंट कीं। ये कुर्सियां चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. दिनेश ठाकुर को सौंपी। हरीश ने कहा कि उनकी माता का जीवन सेवा, करुणा और त्याग का प्रतीक था तथा यह सहयोग उन मरीजों के लिए सहारा बनेगा जिन्हें चलने-फिरने में कठिनाई होती है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है और उसी भावना से यह योगदान दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्य औषधि अधिकारी हंसराज तथा अनिल शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दिनेश ठाकुर ने चिकित्सालय प्रशासन की ओर से हरीश शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि यह सहयोग मरीजों की सुविधा और सम्मान बनाए रखने में सहायक सिद्ध होगा।

### शिक्षा सचिव व निदेशक ने प्रधानाचार्यों संग की बैठक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** शिक्षा सचिव राकेश कंवर और निदेशक आशीष कोहली ने प्रदेश के उन विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ आभासी बैठक की, जो केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध होने जा रहे हैं। बैठक में विद्यालय संचालन, पदोन्नति, आधारभूत संरचना, प्रशासनिक चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा हुई। प्रधानाचार्य अनीता आजाद तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमलेश ठाकुर भी बैठक में शामिल हुए। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि उठाए गए मुद्दों का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा और नए शैक्षणिक सत्र से आवश्यक प्रावधान लागू किए जाएंगे, ताकि शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### प्लौन जल विद्युत परियोजना पर हुई जनसुनवाई

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** थाना प्लौन जल विद्युत परियोजना से प्रभावित बनारु अबल, बनारु दोम और बनोणी गांव के परिवारों के लिए जनसुनवाई का आयोजन बनारु अबल में किया गया। जनसुनवाई की अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी (ना.) जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने की। इस दौरान प्रभावित परिवारों की भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास, मुआवजा नीति और परियोजना के संभावित प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी गई। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि सभी प्रभावितों को नियमानुसार लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से मिले। उन्होंने बताया कि पुनर्वास व मुआवजा विकल्प पहले भी साझा किए जा चुके हैं, फिर भी ग्रामीणों की संतुष्टि के लिए सभी बिंदुओं को दोबारा स्पष्ट किया गया। जिन परिवारों ने अपने विकल्प में बदलाव करना है, उनसे लिखित रूप में प्रस्ताव देने का आग्रह किया गया।

### भारतीय मजदूर संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारतीय मजदूर संघ द्वारा देशव्यापी विरोध कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री, श्रम मंत्री तथा हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपमंडलीय अधिकारी सरकाघाट के माध्यम से प्रेषित किया गया।भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अधिवेशन, जगन्नाथ पुरी में पारित प्रस्तावों के आधार पर श्रमिक हितों से जुड़ी प्रमुख मांगें उठाई गईं। ज्ञापन में चारों श्रम कोड बिना किसी अपवाद के सभी श्रमिकों पर सार्वभौमिक रूप से लागू करने, अंत्योदय नीति को प्रभावी बनाने तथा ठेका श्रमिकों के शोषण को समाप्त करने हेतु कानून में संशोधन की मांग की गई।

# स्मार्ट मीटर व अमेरिका समझौते के खिलाफ बालीचौकी में गरजे किसान

## हिमाचल किसान सभा ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** हिमाचल किसान सभा लोकल कमेटी बालीचौकी ने स्मार्ट मीटर योजना तथा अमेरिका के साथ किए गए द्विपक्षीय समझौते के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री को उपमंडल अधिकारी (नागरिक) बालीचौकी के माध्यम से मांगपत्र प्रेषित किया गया।


विरोध-प्रदर्शन करते हुए हिमाचल किसान सभा के कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान सभा राज्य कमेटी सदस्य महेंद्र राणा ने कहा कि किसान सभा देशभर में स्मार्ट मीटर और अमेरिका के साथ हुए किसान-बागवान विरोधी समझौते का विरोध कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर योजना बिजली विभाग को निजी हाथों में सौंपने की साजिश है और यह उपभोक्ताओं की जेब पर सीधा हमला है।

उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी बैठकों में केवल स्मार्ट मीटर के फीचर्स गिना रहे हैं, जबकि इसके वास्तविक उद्देश्य और संभावित दुष्प्रभावों पर चुप्पी साधी जा रही है। जब प्रदेश में पहले से लगे डिजिटल मीटर सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं और उन पर करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं, तो फिर स्मार्ट मीटर लगाने की जल्दबाजी क्यों की जा रही है?

महेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि सरकार कॉरपोरेट दबाव में कार्य कर रही है और इससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से बिजली बोर्ड के हजारों कर्मचारियों की नौकरियां खतरे में पड़ सकती हैं, जिससे पहले से बढ़ती बेरोजगारी की समस्या और गंभीर होगी।

### अमेरिका समझौते पर भी उठे सवाल

**किसान** सभा ने केंद्र सरकार द्वारा अमेरिका के साथ किए गए द्विपक्षीय समझौते को भी किसान-बागवान विरोधी करार दिया। वक्ताओं ने कहा कि यदि सेब सहित विभिन्न फलों पर आयात शुल्क शून्य या कम किया जाता है तो हिमाचल के बागवानों की आजीविका पर गहरा संकट आएगा। उन्होंने मांग की कि भारत सरकार तत्काल इस समझौते को रद्द करे और प्रदेश के किसानों-बागवानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करे। इस अवसर पर पूर्व प्रधान तेज राम, सीटू लीडर दूला दुग्गल तथा नौजवान सभा बालीचौकी अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सिविल अस्पताल धर्मपुर में चरमराई व्यवस्थाएं

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** उपमंडल धर्मपुर के सिविल अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं की कमी के चलते स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। अस्पताल परिसर में शौचालयों की सेप्टिक टैंक व्यवस्था पूर्ण रूप से संचालित न होने से आपात कक्ष, जांच प्रयोगशाला तथा अल्ट्रासाउंड कक्ष के कार्य पर असर पड़ रहा है। मरीजों और उनके परिजनों को असुविधा झेलनी पड़ रही है।

अस्पताल में विद्युत उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए उपयुक्त यंत्र न होने के कारण एक्स-रे मशीन बार-बार खराब हो जाती है। मशीन बंद रहने पर रोगियों को जांच के लिए निजी केंद्रों अथवा अन्य चिकित्सालयों में जाना पड़ता है, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ता है। अस्पताल में स्थायी सफाई कर्मचारी की नियुक्ति न होने से स्वच्छता व्यवस्था भी प्रभावित है।

### ◆सीवरेज, उपकरण व सफाई संकट से मरीज बेहाल

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। साफ-सफाई में कमी से संक्रमण का खतरा बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। चिकित्सकों की तैनाती होने के बावजूद आधारभूत सुविधाओं की कमी के कारण उपचार सेवाएं पूरी क्षमता से संचालित नहीं हो पा रहीं। आवश्यक रखरखाव, उपकरणों की उपलब्धता और ढांचागत सुधार के अभाव में अस्पताल से कई मरीजों को अन्य संस्थानों में भेजना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि सेप्टिक टैंक की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, एक्स-रे मशीन के लिए उपयुक्त विद्युत नियंत्रक यंत्र उपलब्ध कराया जाए तथा सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए।

### क्या कहते हैं खंड चिकित्सा अधिकारी

खंड प्राथमिक चिकित्सा अधिकारी धर्मपुर धर्मपाल ने बताया कि एक्स-रे मशीन की मरम्मत के लिए तकनीकी कर्मी को बुलाया गया है और शीघ्र ही सेवा बहाल कर दी जाएगी। वहीं, लोक निर्माण विभाग मंडल धर्मपुर के अधिशाषी अभियंता अंशुमन सोनी ने कहा कि अस्पताल के बी ब्लॉक में लंबित कार्यों को पूरा करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है।

# नीलम को न्याय दिलाने को लेकर मंडी पहुंची सैकड़ों महिलाएं, किया धरना प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला के तुंगल क्षेत्र की बेटी नीलम को न्याय दिलाने के लिए कोटली और आसपास के गांवों से सैंकड़ों महिलाएं मंडी शहर में पहुंची। इन महिलाओं ने हाथों में तख्तियां लेकर सरकार और प्रशासन के विरोध में आवाज बुलंद करते हुए जमकर नारेबाजी की। मंडी बस स्टैंड पड्डल से लेकर जिला लाइब्रेरी तक रैली निकाल , जहां पर धरना प्रदर्शन कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई।


मंडी में नीलम को न्याय दिलाने पहुंची महिलाएं। अनंत ज्ञान

वहीं, दूसरी ओर समाजसेवी राजेश कपूर ने भी तुंगल क्षेत्र की महिलाओं को मंडी में लाकर स्मार्टमीटर के विरोध में रैली का आयोजन किया। दोनों ही रैलियां एक साथ बाजार में होने की वजह से टकराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मुद्दे से भटकाने का आरोप लगाया।

स्थिति उस समय और भी तनावपूर्ण और हास्यास्पद हो गई जब अनुपमा सिंह और उनके साथियों की रैली जिला पुस्तकायल के बाहर हो रही थी। राजेश कपूर के सर्मथक चौहटा बाजार की ओर रैली निकालकर जा रहे थे, उस दौरान आधे से ज्यादा महिलाएं वहां से हटकर लाइब्रेरी के बाहर जमा भीड़ में शामिल होकर नीलम को न्याय दिलाने के लिए नारेबाजी करने लगी, इसी बीच दोनों पक्षों की महिलाओं के बीच कहासुनी हो गई। उनका आरोप था कि स्मार्टमीटर रैली के बहाने असली मुद्दे से भटकाने का प्रयास किया गया, जबकि राजेश कपूर ने कहा कि उनकी रैली स्मार्ट मीटर को लेकर पहले से ही तय थी। लेकिन दूसरे पक्ष ने जान-बूझकर रैली का आयोजन किया। इस गंभीर मुद्दे पर की गई राजनीति को लेकर लेकर मंडी शहर में चर्चा का बाजार गर्म है।

# सरकीधार में नए स्कूल भवनों का शिलान्यास

## शिक्षा मंत्री बोले-3.29 करोड़ से बनेंगे उच्च, प्राथमिक विद्यालय व पंचायत घर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बुधवार को बल्ह विधानसभा क्षेत्र के सरकीधार में लगभग 3 करोड़ 29 लाख रुपए की लागत से बनने वाले राजकीय उच्च पाठशाला, प्राथमिक विद्यालय और पंचायतघर के भवनों का विधिवत शिलान्यास किया।



स्कूल भवनों व पंचायत घर का शिलान्यास करते शिक्षा मंत्री। अनंत ज्ञान

उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 और 2025 की प्राकृतिक आपदाओं में मंडी जिला सर्वाधिक प्रभावित रहा, जिससे कई विद्यालय भवन क्षतिग्रस्त हुए। सरकीधार स्कूल भी असुरक्षित घोषित कर दिया गया था और वर्तमान में बच्चों की पढ़ाई निजी भवन में संचालित की जा रही है। प्रदेश सरकार ने प्रभावितों को राहत देने के साथ-साथ पुनर्बहाली कार्यों के लिए शिक्षा विभाग को 27.61 करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए हैं। नए उच्च विद्यालय भवन पर लगभग 1.40 करोड़, प्राथमिक विद्यालय भवन पर 74.68 लाख और पंचायत घर निर्माण पर करीब 1.14 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। मंत्री ने अस्थायी रूप से भवन उपलब्ध करवाने वाले स्थानीय निवासियों को सम्मानित भी किया।

उन्होंने बताया कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए बीते दो वर्षों में 7 हजार से अधिक अध्यापकों की नियुक्ति की गई है, जबकि 4 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा 600 पद सीबीएसई संबद्ध स्कूलों के लिए भरे जा रहे हैं। प्रथम चरण में प्रदेश के 148 राजकीय विद्यालयों को सीबीएसई से संबद्ध किया जा रहा है। गुरुकोठा और गागल स्कूलों को दूसरे चरण में शामिल करने का आश्वासन भी दिया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्क्रीनिंग परीक्षा में पदनामों की गड़बड़ी पर शिक्षकों का रोष

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों के लिए आयोजित की जा रही स्क्रीनिंग परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में पदनामों की गड़बड़ी का मामला सामने आया है। 'भाषा अध्यापक' एवं 'शास्त्री अध्यापक' जैसे पुराने पदनाम दर्शाए जाने पर हिमाचल प्रदेश राजकीय भाषाई अध्यापक संघ तथा हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद ने कड़ा विरोध जताया है।

प्रदेश अध्यक्ष हेमराज ठाकुर एवं प्रधान कमलकांत गौतम ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि प्रदेश सरकार ने 20 अगस्त 2022 को भाषा अध्यापक (एलटी) तथा शास्त्री अध्यापकों को विधिवत प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिंदी) एवं प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत) का पदनाम प्रदान किया था। इसके बाद 18 फरवरी 2025 को अधिसूचित भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में भी इन्हीं पदनामों को मान्यता दी गई तथा नियुक्ति और पदोन्नति की प्रक्रिया इन्हीं नामों से निर्धारित की गई। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने 4 नवंबर 2025 को जारी शिक्षक पात्रता परीक्षा की अधिसूचना में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिंदी) एवं प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत) पदनाम स्वीकार किए थे, किंतु 11 फरवरी 2026 को जारी स्क्रीनिंग परीक्षा की अधिसूचना तथा ऑनलाइन पोर्टल में पुनः पुराने पदनाम अंकित कर दिए गए। इससे पात्र शिक्षक आवेदन प्रक्रिया से वंचित हो सकते हैं।

संगठनों का कहना है कि 17 फरवरी को जारी स्पष्टीकरण पत्र में बोर्ड ने फिर प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिंदी) एवं प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत) पदनाम का ही उल्लेख किया है। ऐसे में अलग-अलग आदेशों में भिन्न शब्दावली अपनाना शिक्षकों के हितों के प्रतिकूल है। दोनों संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि ऑनलाइन पोर्टल में तत्काल संशोधन कर पदनामों को प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिंदी) एवं प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत) नहीं किया गया तो इसे शिक्षकों के अधिकारों की अनदेखी माना जाएगा।

# वार्डों के परिसीमन के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जिला मंडी की पंचायत समिति द्रंग स्थित पधर के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को तैयार करने तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का जनसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशन करने के लिए उपमंडलाधिकारी पधर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करने संबंधी अधिसूचना जारी की है। साथ ही आदेश दिए हैं कि 2 मार्च तक या इससे पूर्व इसका अंतिम प्रकाशन करना सुनिश्चित करें। अधिसूचना के अनुसार पंचायतों के पुनर्गठन एवं पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचन के दृष्टिगत पुनर्गठन से प्रभावित होने वाली ग्राम पंचायत, पंचायत समिति तथा जिला परिषद के वार्डों का परिसीमन होना है, जिसके संदर्भ में जारी विभिन्न निर्देशों के अनुसार इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

उपायुक्त की ओर से जारी एक अन्य अधिसूचना के अनुसार विकास खंड द्रंग की ग्राम पंचायत मसौली तथा नेर घरवासडा के क्षेत्रों का पुनर्गठन/विभाजन कर नए ग्राम सभा क्षेत्रों का गठन हुआ है। इसके दृष्टिगत पुनर्गठन से प्रभावित होने वाली ग्राम पंचायत, पंचायत समिति तथा जिला परिषद के वार्डों का परिसीमन होना है। इसके लिए उपायुक्त अपूर्व देवगन ने खण्ड विकास अधिकारी द्रंग स्थित पधर को उनके संबंधित विकास खंड की ग्राम पंचायत नेर घरवासड़ा, मसौली, छतर व मनोह के निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को तैयार करने तथा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन का जनसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशन करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त करने की अधिसूचना जारी की है। साथ ही आदेश दिए हैं कि परिसीमन का अंतिम प्रकाशन 2 मार्च तक करना सुनिश्चित करें।

# शिवरात्रि मेले में रासराज अकादमी के बच्चों का जलवा


प्रस्तुति देते रासराज अकादमी के बच्चे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले के 6 रातों तक चले इस भव्य आयोजन में रासराज म्यूजिक एंड डांस अकादमी, नरचौक के बच्चों ने अपनी नृत्य और संगीत की प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राहुल, अदित्य, मंशिरत, नेहा, कनिका, रंगत, परी, वैष्णवी, गंगा, और सम्प्रीत ने अपनी अद्वितीय प्रस्तुति से दर्शकों की तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

राहुल के निर्देशन में इन बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई और अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले में अपनी एक अलग पहचान बनाई। डॉ. लीना गुप्ता के संचालन में रासराज अकादमी के बच्चों ने अपनी इस सफलता से सबको प्रेरित किया है। बच्चों की इस शानदार प्रस्तुति ने यह साबित कर दिया है कि मंडी की धरती पर भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उम्मीद है कि आगे भी ये बच्चे इसी तरह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहेंगे और मंडी का नाम रोशन करेंगे।

## चिंता | रात के अंधेरे में छोड़े जा रहे बेसहारा पशु, मदद करो डीसी साहब

# बेसहारा पशुओं से किसान परेशान, फसलें हुईं बर्बाद

अनंत ज्ञान

**बालक राम, पंडोह।** पंडोह तथा जागर पंचायत क्षेत्र में बेसहारा पशुओं के बढ़ते आतंक से किसान गहरी चिंता और परेशानी में हैं। खेतों में लहलहा रही गेहूं की फसल इन पशुओं का आसान शिकार बन रही है, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फिरता दिखाई दे रहा है।



अनंत ज्ञान मुद्दा

पंडोह के गांव टिलली और अर्की में स्थिति अधिक गंभीर बताई जा रही है, जहां दिन के उजाले में ही घोड़े, खच्चर, गाय और बैल खुलेआम खेतों में घुसकर फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि पशु खेतों की घेराबंदी भी तोड़ दे रहे हैं।

वहीं, युवक मंडल के प्रधान नूप चंद, झाबे राम और रमेश ने बताया कि फसलों की सुरक्षा के लिए तारबाड़ लगाई गई थी, लेकिन उसे भी तोड़ दिया गया। घोड़े और खच्चर तारों के ऊपर से छलांग लगाकर खेतों में प्रवेश कर रहे हैं। दूसरी ओर जागर पंचायत के नौ मील स्थित जागर हेलीपैड को बेसहारा पशुओं का प्रमुख ठिकाना बताया जा रहा है, जहां दिनभर भारी संख्या में पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। अंधेरा होते ही ये पशु आसपास के गांवों की ओर रुख कर लेते हैं और जहां पहुंचते हैं, वहां की फसल को पूरी तरह नष्ट कर देते हैं। किसानों के अनुसार गेहूं की फसल व्यापक रूप से प्रभावित हुई है और इससे पहले मक्की की फसल भी इसी प्रकार नष्ट हो चुकी है।

पंचायत के निवर्तमान प्रधान भूषण कुमार, लंबरदार शिवराम, नेक राम, ओमवीर, लाल चंद, प्रकाश चंद, महेंद्र सिंह, ओमावती, भाग सिंह, विमला, किशोरीलाल, रोहित, पुनी, ललित, रोशनलाल, पवन कुमार, विद्या देवी, कमला देवी और भीम गीर ने बताया कि उनकी फसल पूरी तरह से तबाह हो गई है। किसानों का आरोप है कि रात के समय बाहरी क्षेत्रों से वाहनों में भरकर पशुओं को हेलीपैड पर छोड़ा जाता है, जिसके बाद वे आसपास के खेतों की ओर बढ़ जाते हैं। उन्होंने इस गतिविधि पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

### ग्रामीणों ने की उपायुक्त मंडी से हस्तक्षेप की मांग

**ग्रामीणों** ने उपायुक्त मंडी से हस्तक्षेप कर समस्या का स्थायी समाधान करने, पशुओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा प्रभावित किसानों को फसल का उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग उठाई है। किसानों का कहना है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए विवश होना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# सरकाघाट में दो माह में 50 लाख की चोरियां, नहीं सुलझा एक भी मामला

## पुलिस पर उठे गंभीर सवाल, पूर्व सैनिक ने चोरों का सुराग देने पर घोषित किया एक लाख का इनाम

अनंत ज्ञान

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** क्षेत्र में बीते करीब दो माह के दौरान आधा दर्जन से अधिक चोरी की वारदातों में चोर लगभग 50 लाख रुपए की संपत्ति पर हाथ साफ कर चुके हैं, लेकिन हैरानी की बात यह है कि एक भी मामले में पुलिस कोई ठोस सुराग जुटाने में सफल नहीं हो पाई है। लगातार हो रही वारदातों ने जहां आम जनता में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। वहीं, पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।


सरकाघाट शहर।

अनंत ज्ञान खास खबर

पिछले माह वार्ड नंबर एक में हुई चोरी की घटना में पीड़ित परिवार के बेटे अमित कुमार के घर से करीब 16 लाख रुपए के गहने चोरी हो गए। पीड़ित के पिता पूर्व सैनिक सुरेंद्र कुमार वर्मा ने पुलिस की कार्रवाई पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि शिकायत देने के बाद भी जांच औपचारिकता तक सीमित रही। उनका कहना है कि मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी ने न तो फिंगरप्रिंट लिए, न ही मोबाइल लोकेशन की जांच की गई और न ही खोजी कुत्तों की मदद ली गई। 'ऐसे में अपराधी कैसे पकड़े जाएंगे यह सवाल अब सिर्फ पीड़ित परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जनता पूछ रही है।

वहीं, पुलिस की नाकामी से आहत पूर्व सैनिक ने खुद पहल करते हुए उनके घर हुई चोरी में शामिल आरोपियों का पुख्ता सुराग देने वाले को 1 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। यह घोषणा क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और इससे पुलिस की कार्यशैली पर और भी सवाल खड़े हो गए हैं।

**एसपी से कार्रवाई की मांग:** पीड़ित परिवार ने जिला पुलिस अधीक्षक, मंडी से गुहार लगाई है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### पुलिस थाने में भंडारे करवाने में व्यस्त

**पूर्व** सैनिक सुरेंद्र कुमार वर्मा ने पुलिस पर तंज कसते हुए कहा कि पुलिस चोरों को पकड़ने के बजाय थाने में भंडारे करने में व्यस्त है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके बेटे के घर हुई चोरी के मामले में अब तक कोई भी गंभीरता नहीं दिखाई गई और जांच ढीली गति से चल रही है।

### ये चोरियां भी रही अनट्रेस

**ग्राम** पंचायत भरनाल में योगराज पुत्र संतराम के घर 15 लाख के गहने, डोडर और जबराली में बलबीर भारद्वाज और कश्मीर सिंह के घरों में लाखों रुपए का सामान, नरोला बलद्वाड़ा के दुर्गा मंदिर में चोरी सधोट पंचायत के मोरतन में माता के मंदिर से अढ़ाई लाख के मुकुट चोरी हुए हैं। इन सभी मामलों को अब तक पुलिस सुलझाने में नाकाम रही है। लगातार बढ़ती चोरियों और पुलिस की निष्क्रियता से लोगों में भय का माहौल है।

### पुलिस लगातार कर रही है प्रयास : डीएसपी

**डीएसपी** सरकाघाट संजीव कुमार गौतम ने कहा की चोरी की सभी वारदातों को लेकर पुलिस लगातार काम कर रही है और चोरों को पकड़ने के लिए प्रयास भी जारी है। उन्होंने दावा जिताया कि चिट्ठी के मामले में आधा दर्जन युवा हिरासत में लिए हैं। पूछताछ में कई मामले सुलझाए जाएंगे। उन्होंने दावा जताया की इसके बाद चोरी की वारदातें भी कम हो जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 28 फरवरी, 2026 तक पंजीकृत कामगार ई-केवाईसी करवाना करें सुनिश्चित

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** सोलन ज़िला के हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के साथ पंजीकृत सभी कामगार 28 फरवरी 2026 तक अपना ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित बनाएं। यह जानकारी आज यहां श्रम कल्याण अधिकारी ललित शर्मा ने दी। ललित शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड जिला कार्यालय सोलन द्वारा पंजीकृत कामगारों के लिए ई-केवाईसी (आधार सत्यापन) की मुहिम कार्यान्वित की जा रही है। उन्होंने जिला के सभी पंजीकृत कामगारों से आग्रह किया है कि वह 28 फरवरी 2026 तक अपनी ई-केवाईसी (आधार सत्यापन) सुनिश्चित करवायें। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी के बिना भविष्य में कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।

### जागरूकता कार्यक्रम में सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने पर बल

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट ।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) द्वारा पब्लिक इंटरेक्शन कार्यक्रम के तहत 132 केवी विद्युत उपकेंद्र दाड़लाघाट (चमाकड़ी पुल) में सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर ने फील्ड कर्मचारियों को हेलमेट व अन्य सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से उपयोग करने पर बल देते हुए कहा कि सबसे पहले अपनी सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने उप-केंद्र में अग्निशमन यंत्रों की नियमित जांच, अभ्यास एवं समय पर रीफिल सुनिश्चित करने की आवश्यकता बताई। साथ ही आपात स्थिति में घायल व्यक्ति की सहायता करने के तरीकों पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। स्मार्ट मीटर पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नई तकनीक होने के कारण उपभोक्ताओं में इसकी पूर्ण जानकारी का अभाव है, इसलिए बोर्ड 15 दिन के विशेष अभियान के माध्यम से जागरूकता फैला रहा है। स्मार्ट मीटर की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि इसका 15 मिनट का लाइव डाटा मोबाइल ऐप और एसएमएस के जरिए देखा जा सकता है। आरडीएसएस योजना के तहत लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों के रखरखाव की जिम्मेदारी 10 वर्षों तक संबंधित कंपनी की होगी। तकनीकी खराबी की स्थिति में मीटर की मरम्मत या बदलाव किया जाएगा। पोस्ट-पेड सुविधा में मासिक बिलिंग साइकिल के अनुसार बिल भेजा जाता है, जबकि प्री-पेड सुविधा में प्रतिदिन रात्रि 12 बजे के डाटा के आधार पर सुबह 7 बजे एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाती है। कार्यक्रम में 132 केवी उप-केंद्र के सहायक अभियंता शंकर दास भी उपस्थित रहे।

### अधूरी चुनावी गारंटियों पर अमर सिंह ने कसा तंज

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** उपमंडल संगड़ाह के बुजुर्ग समाजसेवी अमर सिंह ने प्रदेश सरकार की अधूरी चुनावी गारंटियों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि घोषित वादों को समय पर पूरा न किए जाने से जनता में निराशा है। 'मामा जी' के नाम से प्रसिद्ध अमर सिंह ने कहा कि पहली कैबिनेट में घोषित गारंटियों को चौथे वर्ष में भी पूरा नहीं किया गया। उनका कहना है कि जनता को जो वादे किए गए थे, वे अब तक धरातल पर नजर नहीं आ रहे हैं। वीरभद्र सिंह के कथन का किया उल्लेख अमर सिंह ने कहा कि दिवंगत वीरभद्र सिंह ने पहले ही नेतृत्व को लेकर चेताया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के लिए लोकलुभावन गारंटियां दी गईं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं था।राशन, पेंशन और महिला गारंटी का मुद्दा उन्होंने पहले भी राशन डिपुओं में महंगे दामों पर उपलब्ध मक्की आटा, पेंशन समय पर जारी न होने तथा महिलाओं को रुपए 1500 देने की गारंटी पूरी न होने जैसे मुद्दों को उठाया था। उनका कहना है कि इन विषयों पर सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।क्षेत्रीय मुद्दों पर लगातार सक्रिय ग्रामीणों के अनुसार अविवाहित अमर सिंह अपने भाई की बेटियों का पालन-पोषण कर रहे हैं और क्षेत्रीय मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे हैं।

### लेखा-परीक्षण टीम ने डीएवी एवीएन पब्लिक स्कूल में किया 5 एस निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट ।** अदाणी फाउंडेशन की लेखा-परीक्षण (ऑडिट) टीम ने डीएवी एवीएन पब्लिक स्कूल दाड़लाघाट का 5एस निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालय में स्वच्छता, सुव्यवस्था एवं गुणवत्ता मानकों का मूल्यांकन करना था। टीम ने कक्षाओं, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कार्यालय कक्ष तथा संपूर्ण परिसर का सूक्ष्म अवलोकन किया। 5 एस के पांच सिद्धांत छँटाई, सुव्यवस्थित रखना, स्वच्छता, मानकीकरण और निरंतरता के आधार पर व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। विद्यार्थियों ने चार्ट, मॉडल और प्रस्तुतियों के माध्यम से 5एस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रदर्शित किया। टीम ने परिसर की स्वच्छता, अभिलेख संधारण, लेबलिंग व्यवस्था तथा अनुशासित वातावरण की सराहना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, समूह नृत्य एवं लघु नाटिका के माध्यम से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नसीब ठाकुर ने कहा कि 5एस प्रणाली विद्यालय में सुदृढ़ कार्य-संस्कृति विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। निरीक्षण उपरांत ऑडिट टीम के सदस्यों ने विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए निरंतर सुधार और उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

### धर्मपुर कॉलेज में सात दिवसीय शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान, कसौली ।** राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर की एनएसएस यूनिट द्वारा आयोजित सात दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर का विधिवत रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसडीएम कसौली महेंद्र प्रताप सिंह रहे जिनका महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुनीता गोयल द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया । समापन समारोह में वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. सतीश नेगी, डॉ. सुनील चौहान, स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि तथा प्राचार्या ने दीप प्रज्वलित करके समारोह का उद्घाटन किया। स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत प्रदर्शनों की मुख्य विशेषताओं में सरस्वती वन्दना, एनएसएस गीत, पारंपरिक गीत, नृत्य और हिमाचली नाटी शामिल हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जगदेव चंद शर्मा द्वारा शिविर के सात दिन का समग्र प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने शैक्षणिक वर्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किए गए सराहनीय कार्य सभी के सम्मुख रखे। कॉलेज केंद्रीय छात्र संघ की अध्यक्षा हिमानी और अरुणा, बी.ए. तृतीय वर्ष की छात्रा ने अपने शिविर के अनुभवों को सभी के साथ साँझा किया। मुख्य अतिथि द्वारा विगत वार्षिक के सात दिवसीय वार्षिक शिविर के स्वयंसेवकों को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन रीता, आरुषि, पूजा और कोमल द्वारा किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा डॉ सुनील चौहान जी का अभिनंदन किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसी माह सेवानिवृत हो रहे हैं। समारोह में मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की और स्वयंसेवकों को सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व के बारे में बताया। एनएसएस विशेष शिविर के समापन समारोह में प्रोफेसर पल्लवी ने सभी के प्रति आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नगर निगम सोलन में ऑनलाइन बिल की त्रुटियों के चलते लोगों को कार्यालय के काटने पड़ रहे चक्कर

# ऑनलाइन सिटीजन पोर्टल सेवा शहरवासियों के लिए बनी सिरदर्द

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन ।** नगर निगम सोलन में ऑनलाइन सिटीजन पोर्टल सेवा तकनीकी कारणों से लोगों का सिर दर्द बन गया है। लोगों को ऑनलाइन पानी और कूड़े के बिल तो मिल रहे हैं पर तकनिकी खामियों से इसमें त्रुटियां सामने आ रही है। जिसका समय रहते निवारण नहीं होने से लोगों को निगम कार्यालय के चक्कर कटाने को मजबूर होना पड़ रहा है। हैरानी की बात है कि लोगों की शंकाएं दूर करने के लिए हेल्पलाइन नंबर तक की सुविधा नहीं है। बता दें ऑनलाइन सिटीजन पोर्टल भारत सरकार और राज्य सरकारों द्वारा नागरिकों को घर बैठे विभिन्न सरकारी सेवाएं प्रदान करने का एक डिजिटल मंच है। इसके माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, आय-जाति प्रमाण पत्र, बिजली-पानी बिल, एफआईआर,मतदाता सूची में नाम, और पेंशन जैसी सुविधाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।



नगर निगम कार्यालय। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान मुद्दा

### सर्वर डाउन होने से भी दिक्कत का सामना

**अधिकतर** समय सर्वर डाउन होने से साइट पर मोबाइल नंबर अपडेट करवाने के लिए घंटों का समय लग रहा है। साइट बार-बार ठप होने से लोग परेशान हो गए हैं। ऑनलाइन व्यवस्था बाधित होने से नागरिकों को नगर निगम कार्यालय के बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। वहीं, जिन लोगों को बिल ऑनलाइन मैसेज के जरिये नहीं मिले हैं वे भी नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं। ऐसे में न तो बिल जनरेट हो पा रहे है और न बिल जमा हो रहे है। कूड़ा बिलों को लेकर लोग मात्र नगर निगम के चक्कर काट वापस घर लौट रहे है। बता दें कि नगर निगम की ओर से शहरी विकास विभाग की सिटीजन सेवा पोर्टल पर ही बिल जमा करवाने की सुविधा शुरू कर दी है। इससे पहले नगर निगम की ओर से अपनी वेबसाइट के माध्यम से ही बिल जमा करवाने के लिए लिंक लोगों को भेजा जाता था, लेकिन अब बदलाव कर दिया है। इस बदलाव के बाद शहरवासियों को दिक्कतें आ रही है। लोगों को सुविधा आसान करने की बजाय और जटिल कर दी है।

### मोबाइल पर पहुंच रहे अन्य लोगों के बिल

**एक** साइट ठप होने के बाद लोग बिल तक जनरेट नहीं करवा पा रहे हैं। इससे लोगों को ये भी पता नहीं लग पा रहा है कि कितनी राशि का बिल जारी हुआ है। कई लोगों के नंबर भीआगे पीछे दर्ज है। जिससे बिल गलत नंबर पर पहुंच रहे हैं। नगर निगम बनाने के दौरान शहर में पंचायत से जुड़े क्षेत्रों को भी नवंबर-2023 के बाद से बिल जनरेट करवाने पड़ रहे हैं। इन बिलों को जनरेट करवाने के लिए लोगों को नगर निगम के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि सर्वर में तकनीकी समस्या आई है, जिसे ठीक करने के लिए कार्य किया जा रहा है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि साइट को जल्द बहाल कर दिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर शहरवासियों ने नगर निगम से मांग है कि जब तक पोर्टल पूरी तरह से सुचारू नहीं हो जाता, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें।

**सिटीजन** सेवा पोर्टल में तकनीकी खामियों को दूर किया जा रहा है। आईटी सेल बिल सम्बंधित त्रुटियां को दरूस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सिटीजन सेवा पोर्टल सुचारू होने से लोगों घर बैठे बिल और टैक्स जमा करवाने की सुविधा मिलेगी।
**-ऊषा शर्मा, महापौर, नगर निगम सोलन।**



### अधूरी चुनावी गारंटियों पर अमर सिंह ने कसा तंज




**अनंत ज्ञान, नाहन ।** उपमंडल संगड़ाह के बुजुर्ग समाजसेवी अमर सिंह ने प्रदेश सरकार की अधूरी चुनावी गारंटियों को लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि घोषित वादों को समय पर पूरा न किए जाने से जनता में निराशा है। 'मामा जी' के नाम से प्रसिद्ध अमर सिंह ने कहा कि पहली कैबिनेट में घोषित गारंटियों को चौथे वर्ष में भी पूरा नहीं किया गया। उनका कहना है कि जनता को जो वादे किए गए थे, वे अब तक धरातल पर नजर नहीं आ रहे हैं। वीरभद्र सिंह के कथन का किया उल्लेख अमर सिंह ने कहा कि दिवंगत वीरभद्र सिंह ने पहले ही नेतृत्व को लेकर चेताया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव जीतने के लिए लोकलुभावन गारंटियां दी गईं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं था ।राशन, पेंशन और महिला गारंटी का मुद्दा उन्होंने पहले भी राशन डिपुओं में महंगे दामों पर उपलब्ध मक्की आटा, पेंशन समय पर जारी न होने तथा महिलाओं को रुपए 1500 देने की गारंटी पूरी न होने जैसे मुद्दों को उठाया था।

## स्क्रीनिंग टेस्ट की नियमावली में हैं खामियां जल्दबाजी न करे सरकार : कपिल शणकवाण

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, शिलाई ।** जिला सिरमौर टीजीटी आर्ट्स संघ सिरमौर के अध्यक्ष कपिल शणकवाण, महासचिव सुभाष शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश परमार ने एक संयुक्त प्रेस ब्यान जारी करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार जो सीबीएससी बोर्ड में अध्यापकों की नियुक्ति हेतु करवाए जा रहे स्क्रीनिंग टेस्ट के नियमावली में बहुत सारी खामियां हैं जिन पर अध्यापकों को बहुत सारी आपत्तियां है। प्रेस को जारी ब्यान में जिला अध्यक्ष कपिल शणकवाण ने कहा कि सीबीएससी में मर्ज हुए स्कूलों में जो अध्यापक भर्ती होंगे, उनके लिए बनाए गए नियम समझ से परे है। ओर कार्यरत अध्यापकों असमंजस की स्थिति से गुजर रहे हैं। शिक्षा बोर्ड को चाहिए कि वह स्पष्ट ओर साधारण भाषा में इस परीक्षा में बैठने ओर कार्य करने के नियम बनाये। यह दो चार अध्यापकों का नहीं बल्कि लगभग अस्सी हजार अध्यापकों से जुड़ा हुआ मुद्दा है। उन्होंने सरकार ओर विभाग से विन्रम आग्रह किया, की वह किसी भी प्रकार की जलदबाजी से गुरेज करें।



उन्होंने कहा कि यह हजारों अध्यापकों के भविष्य से जुड़ा हुआ मसला है। सरकार को इस विषय पर शिक्षक संगठनों से भी परिचर्चा करनी चाहिए, ताकि उचित समाजस्य बना कर बच्चों के भविष्य को संवारा जाए। टीजीटी आर्ट्स संघ सिरमौर ने सवाल उठाए की जिस बोर्ड पर सरकार और शिक्षा विभाग को बच्चों की परीक्षा करवाने का विश्वास नहीं है, उसे बोर्ड से अध्यापकों की परीक्षा करवाना समझ में नहीं आता हैं।

### दो माह तक चलेगी श्री मढोड़ देवता मंदिर की पारंपरिक रथ यात्रा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पंचायत रौड़ी के डवारु धार स्थित श्री मढोड़ देवता मंदिर से पारंपरिक रथ यात्रा (जात्रा) विधि-विधान के साथ आरंभ हो गई। पिछले पांच दिनों से मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान चल रहे थे। पूजा सम्पन्न होने के बाद देवता जी श्रद्धालुओं के घर-घर आशीर्वाद देने के लिए रवाना हुए। यह देव यात्रा लगभग दो माह तक चलेगी और सोलन, शिमला, बिलासपुर व मंडी जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित की जाएगी। श्रद्धालुओं में इस देवता के प्रति गहरी आस्था है और उनका विश्वास है कि सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य फल देती है।

## फर्जी लॉगिन, घोस्ट ट्रक और आरएलए घोटाला

# सुक्खू सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न : अरुष गुप्ता

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** सोलन में सामने आए वीएएचएएन पोर्टल से जुड़े फ़र्ज़ी पंजीकरण, 'घोस्ट ट्रक' और आरएलए से जुड़े गंभीर अनियमितताओं के खुलासे ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कार्यशैली पर बड़े प्रश्न खड़े कर दिए हैं। यह मामला केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, अपितु सुनियोजित भ्रष्टाचार और अंदरूनी मिलीभगत की ओर स्पष्ट संकेत देता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, दर्जनों वाहनों को फ़र्ज़ी दस्तावेज़ों के आधार पर पंजीकृत किया गया, नियमों को ताक पर रखकर बिना अनिवार्य निरीक्षण के रजिस्ट्रेशन किए गए, और सिस्टम का दुरुपयोग कर राजस्व की भारी हानि पहुंचाई गई। यह सब बिना प्रशासनिक संरक्षण के संभव नहीं हो सकता। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (आईटी विभाग) अरुष गुप्ता ने कहा कि सुक्खू सरकार की तथाकथित 'व्यवस्था परिवर्तन' केवल दिखावा बनकर रह गई है।



## 'हिमाचल सदन का दुरुपयोग अत्यंत गंभीर 'घर का भेदी लंका ढाए' जैसी मानसिकता उजागर : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने अंतरराष्ट्रीय एआई समिट के दौरान कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस द्वारा किए गए भोंडे और अर्धनग्न प्रदर्शन की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि राष्ट्र की छवि को धूमिल करने का एक सुनियोजित षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि पूरा देश इस प्रकार की हरकत को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेगा।

डॉ. बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपनी राजनीति चमकाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। दुनिया के प्रमुख राजनयिकों और प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इस प्रकार का प्रदर्शन कांग्रेस की राष्ट्रविरोधी मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस और मुख्यमंत्री कार्यालय का नाम भी इस मामले में सामने आया है, क्योंकि जिन लोगों पर कार्रवाई हो रही है, वे हिमाचल सदन में ठहरे थे और वहां बुकिंग हुई थी। पुलिस की कार्रवाई के बाद यह प्रश्न उठता है कि इस प्रकरण में हिमाचल की भूमिका कहां तक जुड़ी है।



उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी देशभक्ति और राष्ट्रनिष्ठा के लिए जाना जाता है, और यदि हिमाचल सदन जैसी संस्था का उपयोग इस प्रकार के कृत्य के लिए हुआ है तो यह अत्यंत चिंताजनक और गंभीर विषय है। यह स्थिति 'घर का भेदी लंका ढाए' जैसी प्रतीत होती है, जहां अपने ही लोग देश की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

डॉ. बिंदल ने कहा कि जब देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं, तब कांग्रेस पार्टी हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को बदनाम करने का अवसर खोजती है। उन्होंने याद दिलाया कि सर्जिकल स्ट्राइक और अन्य सैन्य अभियानों के दौरान भी कांग्रेस नेताओं ने देश की सेनाओं और राष्ट्रीय सुरक्षा पर सवाल उठाए थे। अब एआई समिट जैसे वैश्विक मंच पर इस प्रकार का प्रदर्शन उसी सोच का विस्तार है।

### कमांडिंग ऑफिसर ले. कर्नल जे.एस. चौहान का कॉलेज एनसीसी यूनिट ने किया भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** कमांडिंग ऑफिसर ले. कर्नल जे.एस. चौहान ने डॉ. यशवंत सिंह परमार गवर्नमेंट पीजी कॉलेज का औपचारिक दौरा किया। इस अवसर पर कॉलेज की एनसीसी यूनिट की ओर से भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला, उप-प्राचार्य डॉ. देव राज शर्मा, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज सहित प्राध्यापकगण, एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अंडर ऑफिसर आंचल द्वारा औपचारिक स्वागत से हुई। प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इसके पश्चात कैडेट श्रेया शर्मा ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति (PPT) के माध्यम से एनसीसी यूनिट की वर्षभर की उपलब्धियों और गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कैडेट निधि और अंशिका शर्मा ने अपने आर्मी डे परेड तथा गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इन राष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेना उनके लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण रहा।

## स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुख कैंसर और फेफड़ों की बीमारियों के प्रति जागरूक किया

अनंत ज्ञान

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की ।** सिविल हॉस्पिटल अर्की में महिलाओं एवं पुरुषों के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को कैंसर, मातृ स्वास्थ्य तथा एएनसी (गर्भावस्था पूर्व एवं दौरान देखभाल) से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करना था, ताकि लोग समय रहते जांच, उपचार और सावधानियों को अपनाकर स्वस्थ जीवन जी सकें। कार्यक्रम में सपना ठाकुर (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता) द्वारा गर्भवती महिलाओं को एएनसी देखभाल के प्रमुख विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच, संतुलित आहार, आयरन व कैल्शियम की गोलियों का सेवन, टीकाकरण तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी समझाया कि समय पर स्वास्थ्य केंद्र में पंजीकरण कराने से मां और शिशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।




जागरूकता कार्यक्रम में पहुंचे लोग। अनंत ज्ञान

साथ ही विजय कुमार शांडिल्य काउंसलर (एचआईवी काउंसलिंग एवं टेस्टिंग सेवाएं), सिविल अस्पताल अर्की, जिला सोलन द्वारा उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों को कैंसर के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि कैंसर एक गंभीर लेकिन समय पर पहचान होने पर उपचार योग्य बीमारी है।

उन्होंने स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुख कैंसर और फेफड़ों के कैंसर जैसे आम प्रकारों के बारे में जानकारी देते हुए उनके लक्षणों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया कि लगातार खांसी, असामान्य गांठ, अनियमित रक्तस्राव, वजन का अचानक कम होना और लंबे समय तक ठीक न होने वाले घाव जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

शांडिल ने यह भी कहा कि तंबाकू, गुटखा, शराब, असंतुलित खान-पान और शारीरिक निष्क्रियता कैंसर के मुख्य कारणों में शामिल हैं।

उन्होंने लोगों से अपील की कि नशे से दूर रहें, नियमित व्यायाम करें, पौष्टिक भोजन लें तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराते रहें। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सरकारी अस्पतालों में कई प्रकार की जांच एवं परामर्श सेवाएं निःशुल्क या रियायती दरों पर उपलब्ध हैं, जिनका लाभ उठाया जाना चाहिए।

## प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने तीन साल के कार्यकाल में लिया 40 हजार करोड़ का कर्ज : रावत

अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान में कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने 3 साल के कार्यकाल में 40 हजार करोड़ से भी अधिक कर्ज लेकर प्रदेश की जनता को आर्थिक बोझ तले दबा दिया। कांग्रेस सरकार ना कोई बड़ी योजना चला पाई और ना ही प्रदेश का विकास कर पाई आखिर कर्ज की राशि कहां खर्च हो रही है प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से जानना चाहती है। रावत ने बताया कि सरकार विकास करने के लिए बनाई जाती है विनाश करने के लिए नहीं रावत ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के तमाम नेताओं ने प्रदेश की जनता को विकास के बड़े-बड़े सपने दिखाए थे। इतना ही नहीं उन्होंने चुनाव जीतने के लिए प्रदेश की जनता को 10 बड़ी झूठी गारंटी भी दी थी जिसमें सबसे बड़ी गारंटी प्रदेश के लाखों बेरोजगार युवाओं को हर साल एक लाख सरकारी नौकरी देने की थी। दूसरी गारंटी प्रदेश की 28 लाख महिलाओं को हर महीने 1500 रुपए देने की थी तीसरी गारंटी प्रदेश के हर घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की थी चौथी गारंटी किसानों एवं बागवानी से सो लीटर भैंस का दूध तथा 80 रुपए लीटर, गाय का दूध लेने की थी। इस निकम्मी एवं झूठी सरकार ने किसानों से गोबर लेने की भी गारंटी दी थी लेकिन यह सारी गारंटी झूठी साबित हुई है।



**आयोजन** डॉ. वाई एस परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी में सस्टेनेबल सिनर्जीज विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

# प्रकृति-आधारित कृषि एवं लघु वनोपज पर वैज्ञानिकों ने साझा किए विचार

अनंत ज्ञान

**सोलन ब्यूरो।** डॉ. वाई. एस. परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी द्वारा 'सस्टेनेबल सिनर्जीज़ 2026' शीर्षक से प्रकृति-आधारित कृषि एवं नॉन टिम्बर फॉरेस्ट प्रोडक्टस (एन.टी.एफ.पी) विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के सहयोग से त्वरित नवाचार एवं अनुसंधान साझेदारी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई।

इस अवसर पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली और आईआईटी रुड़की, पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, शूलिनी विश्वविद्यालय, रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय और नौणी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में प्रकृति-आधारित कृषि प्रणालियों एवं नॉन टिम्बर फॉरेस्ट प्रोडक्टस को मुख्यधारा की पर्यावरणीय स्थिरता रूपरेखा में समाहित करने हेतु नवाचारपूर्ण एवं सतत उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। अनंत ज्ञान

इस अवसर पर मुख्य अतिथि निदेशक अनुसंधान डॉ. देविना वैद्य ने अपने संबोधन में कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी केवल अनुसंधान सृजन तक सीमित नहीं है, बल्कि वैज्ञानिक ज्ञान को समाज के हित में फील्ड स्तर तक पहुंचाना भी आवश्यक है। उन्होंने ए.एन.आर.एफ. परियोजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सहयोगात्मक एवं अंतःविषयक अनुसंधान को सुदृढ़ करते हैं। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के ग्रामीण विकास एवं प्रौद्योगिकी केंद्र की प्रो. अनुश्री मलिक ने कहा कि विश्वविद्यालय ने हिमालयी परिप्रेक्ष्य में ज्ञान प्रणाली को आगे बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाई है। निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. इंदर देव ने राज्य में प्राकृतिक खेती की सफलता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रदेश में 2.2 लाख से अधिक किसान प्राकृतिक खेती अपना चुके हैं। संगोष्ठी के समन्वयक डॉ. यशपाल शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी। संगोष्ठी में जैव प्रौद्योगिकी, मृदा विज्ञान, सूक्ष्मजीव विज्ञान, पर्यावरण अभियांत्रिकी एवं सतत कृषि के क्षेत्र में कार्यरत विशेषज्ञों द्वारा पाँच मुख्य व्याख्यान प्रस्तुत किए गए।

प्रो. अनुश्री मलिक ने 'ऐलगे-सहायित प्रकृति-आधारित कृषि: वर्तमान अनुसंधान एवं उत्पाद विकास परिदृश्य' विषय पर व्याख्यान देते हुए ऐलगे-आधारित जैव उर्वरकों, जैव प्रेरकों एवं जैव कीटनाशकों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह तकनीक बीज अंकुरण, फसल उत्पादकता एवं मृदा स्वास्थ्य को बढ़ाने में सहायक है तथा रासायनिक आदानों पर निर्भरता कम करती है। उच्च उत्पादन लागत, सीमित भंडारण अवधि एवं जागरूकता की कमी जैसी चुनौतियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने अपशिष्ट जल उपचार, कार्बन अवशोषण एवं फसल पोषक उत्पादों के एकीकृत उत्पादन हेतु 'ऐलगे बायोरिफाइनरी मॉडल' का सुझाव दिया। प्रो. सुधीर वर्मा ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से पुनर्योजी मृदा प्रबंधन विषय पर व्याख्यान देते हुए कम लागत वाली सतत कृषि पद्धतियों, मृदा उर्वरता की पुनःथापना, अंतःफसल प्रणाली, जल संरक्षण, देशी केंचुओं की सक्रियता एवं सांस्कृतिक कीट प्रबंधन पर बल दिया। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के डॉ. निलेंदु बसाक ने पर्यावरण संरक्षण में मृदा सूक्ष्मजीव: मृदा स्वास्थ्य, जलवायु सहनशीलता एवं उभरते प्रदूषकों का संबंध विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने मृदा सूक्ष्मजीव समुदायों की भूमिका पोषक तत्व चक्र, ग्रीनहाउस गैस नियंत्रण एवं प्रदूषक रूपांतरण में महत्वपूर्ण बताई। भारी धातुओं, सूक्ष्म प्लास्टिक एवं एंटीबायोटिक प्रतिरोधी जीन जैसे उभरते प्रदूषकों पर भी चर्चा की गई। उन्होंने देशी एवं आनुवंशिक रूप से संशोधित सूक्ष्मजीवों के माध्यम से मृदा उर्वरता एवं फसल उत्पादकता बढ़ाने पर चल रहे अनुसंधान की जानकारी दी।

# भारत के लिए आज 'करो या मरो' का मुकाबला

## ग्रुप-8 के अपने दूसरे मैच में जिम्बाब्वे से होगी टक्कर, हारा तो सेमीफाइनल की रेस से बाहर

**एजेंसी, चेन्नई**

दक्षिण अफ्रीका से रविवार को 76 रन से हार के बाद भारत का नेट रनरेट (माइनस 3.80) खराब हो गया है, जिससे सेमीफाइनल की उम्मीद बनाए रखने के लिए यह मुकाबला हर हालत में बड़े अंतर से जीतना होगा। इसके लिए पारी की शुरुआत और तीसरे नंबर की समस्या से पार पाना होगा। विश्व कप से पहले सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन शानदार फॉर्म में थे, जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया था, लेकिन पेट के संक्रमण के बाद से अभिषेक की लय खो गई है। ईशान और तिलक के सामने भी विरोधी टीमों ने पावरप्ले में ऑफ स्पिनरों का उपयोग किया है। ऐसे में शीर्ष तीन में दाहिने हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन को शामिल करने की संभावना है, हालांकि वह खुद बहुत अच्छे फॉर्म में नहीं हैं। गेंदबाजी में भारत को चिंता करने की जरूरत नहीं है लेकिन पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के तीन विकेट 20 रन पर चटकाने के बाद उसे सात विकेट पर 187 रन बनाने का मौका दे दिया जिस पर विचार करना होगा। (अनंत ज्ञान)



मैच का समय : शाम सात बजे से

### संभावित टीमें

**भारत :** सुयकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, संजू सैमसन (विकेटकीपर), मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह।

**जिम्बाब्वे ।** सिकंदर रजा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, ग्रीम क्रेमर, बेन कुरेन, ब्रैड इवांस, क्लाइव मदांडे, टिनोटेंडा मापोसा, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, टोनी मुनयोंगा, ताशिंगा मुसेकिवा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, डायोन मायर्स, रिचर्ड एनगारवा ।

### इंडिया के शीर्ष बल्लेबाजों को बनाने ही होंगे रन

**इस** टूर्नामेंट में अभिषेक शर्मा चार मैचों में 15 रन ही बना सके हैं, जबकि उनका स्ट्राइक रेट 75 और औसत 3.75 रहा। सवाल यह है कि आक्रामक बल्लेबाजी की स्वाभाविक शैली को तिलांजलि देकर क्या वह कुछ रन बना सकेंगे। अभिषेक की शैली में ही खेलने वाले इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने अपने खेल में बदलाव किया और पाल्लेकेल में पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाया। उनकी पारी देखकर ही शायद अभिषेक को ऐसा कुछ करने की प्रेरणा मिले। वहीं, तिलक वर्मा को भी अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। अभिषेक के खराब फॉर्म के कारण तिलक को ईशान का बखूबी साथ देना चाहिए था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। ईशान 193 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं लेकिन दूसरे छोर से उन्हें साथ नहीं मिल पा रहा। सूर्यकुमार यादव ने 180 रन बनाए हैं, लेकिन उनका स्ट्राइक रेट 127 रहा है जो उनके टी20 कैरियर के 161 के स्ट्राइक रेट से काफी कम है ।

## अहमदाबाद में आज कैरेबियाई बल्लेबाजों का बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण से होगा सामना

**एजेंसी, अहमदाबाद।** टूर्नामेंट में अब तक अपराजेय रही वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीमें टी-20 विश्व कप सुपर आठ के मुकाबले में वीरवार को आमने सामने होंगी तो आक्रामक कैरेबियाई बल्लेबाजों को बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण से पार पाना होगा। दक्षिण अफ्रीका ने खिताब की प्रबल दावेदार भारतीय टीम को पिछले मैच में इसी मैदान पर 76 रन से हराया था जबकि वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को मुंबई में 107 रन से मात दी। वेस्टइंडीज के पास बेहतरीन आक्रामक बल्लेबाज हैं जो अपने दम पर मैच जिताने का माद्दा रखते हैं। अब उनका सामना हालांकि दक्षिण अफ्रीका के ऐसे गेंदबाजी आक्रमण से होगा, जिसने रविवार को भारतीय बल्लेबाजों को नाकों चने चबवा दिये थे। मार्को यानसेन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडि ने मिलकर लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है । दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज भी कमतर नहीं है और डेविड मिलर ने अक्सर संकटमोचक की भूमिका निभाई है। भारत के खिलाफ पावरप्ले में कई विकेट गंवाने के बाद उन्होंने पारी को संभाला। इस महा मुकाबले में व्यक्तिगत टक्कर पर भी नजरें होंगी मसलन शिमरोन हेटमायेर कैसे रबाडा की गेंदों को खेलते हैं या रोवमैन पॉवेल को महाराज की फिरकी कितना परेशान कर पाती है। (अनंत ज्ञान)

### संभावित टीमें

**वेस्टइंडीज:** शाई होप (कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, मैथ्यू फोर्डे, शिम्रोन हेटमायर, जेसन होल्डर, अकील होसेन, शमर जोसेफ, ब्रैंडन किंग, गुडाकेश मोती, रोवमैन पॉवेल, शेरफेन रदरफोर्ड, क्वेंटिन सैम्पसन, जेडन सील्स, रोमारियो शेफर्ड।

**दक्षिण अफ्रीका:** एडेन मार्क्रम (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकिलटन, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, मार्को यानसन, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, केशव महाराज, कॉर्बिन बॉश, एनरिक नार्किया, क्वेना मफाका, जॉर्ज लिंडे, जेसन स्मिथ।

मैच का समय : दोपहर 3 बजे से

# स्पोर्ट्स विंडो

## ऑस्ट्रेलिया-बांग्लादेश सीरीज : डार्विन और मैके में होंगे मुकाबले

**एजेंसी, मेलबर्नः** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को अगस्त 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट श्रृंखला के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। वर्ष 2003 के बाद पहली बार बांग्लादेश टीम का ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट दौरा होगा। इस बार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पारंपरिक टेस्ट केंद्रों से हटकर मुकाबलों के लिए नए स्थानों का चयन किया है। पहला टेस्ट क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा मारारा स्टेडियम, डार्विन में आयोजित किया जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट ग्रेट बैरियर रीफ एरिना, मैके में खेला जाएगा। डार्विन को वर्ष 2004 के बाद पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी का अवसर मिलेगा। इससे पहले 2003 में डार्विन में खेले गए पहले टेस्ट में बांग्लादेश भी शामिल था। वहीं मैके स्थित ग्रेट बैरियर रीफ एरिना पहली बार किसी पुरुष टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। अब तक इस मैदान पर पुरुष वर्ग के केवल तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले गए हैं–1992 में भारत और श्रीलंका के बीच एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था, जबकि पिछले वर्ष ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मुकाबले आयोजित हुए थे। (अनंत ज्ञान)

## आकर्षी कश्यप जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में पहुंचीं

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप ने मंगलवार को जर्मन ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज आकर्षी कश्यप ने क्वालीफायर मुकाबले में चीनी ताइपे की ली यू-ह्सुआन को 21-10, 21-15 से एकतरफा अंदाज में हराया। मुकाबला पूरी तरह आकर्षी के नियंत्रण में रहा। अब मुख्य ड्रॉ में उनका सामना एक अन्य चीनी ताइपे खिलाड़ी हुआंग यू-ह्सुन से होगा। इस 2,50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले टूर्नामेंट में भारत के दिग्गज शटलर किदांबी श्रीकांत और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा भी भाग ले रहे हैं। मुकाबले की शुरुआत ली यू-ह्सुआन ने सकारात्मक अंदाज में की, लेकिन 4-4 की बराबरी के बाद आकर्षी कश्यप ने लगातार अंक जुटाते हुए 9-4 और फिर 16-8 की बढ़त बना ली। उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम किया। दूसरे गेम में ली यू-ह्सुआन ने थोड़ी चुनौती पेश की और 8-14 से पिछड़ने के बाद स्कोर 12-14 तक पहुंचाया, लेकिन आकर्षी कश्यप ने उन्हें वापसी का मौका नहीं दिया। (अनंत ज्ञान)

## आईआईएस दंगल चैंपियनशिप में निशु और यश ने बिखेरा जलवा

**एजेंसी, हिसार।** इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) दंगल चैंपियनशिप 2026 का समापन शानदार अंदाज में हुआ, जहां अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता निशु और यश ने अपने-अपने भार वर्ग में खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरीं। आईआईएस द्वारा पारले-जी के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता में रिकॉर्ड 300 से अधिक प्रविष्टियां मिलीं, जबकि करीब 240 पहलवानों ने नौ भार वर्गों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन शहीद मदन लाल धींगरा बहुउद्देशीय हॉल, गिरी सेंटर, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में किया गया। 53 किलोग्राम वर्ग की पहलवान निशु, जिन्होंने हाल ही में सर्बिया के नोवी साद में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, पूरे टूर्नामेंट में शानदार लय में नजर आईं और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं 74 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में दिल्ली का प्रतिनिधित्व कर रहे यश ने दमदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। निशु को 31,000 रुपये और यश को 51,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। (अनंत ज्ञान)

### क्रोएशिया की खूबसूरत वॉलीबॉल खिलाड़ी

क्लारा परिक क्रोएशियाई राष्ट्रीय वॉलीबॉल टीम की एक अहम और खूबसूरत खिलाड़ी हैं। वह उस टीम का हिस्सा थीं, जिसने 2016 एफआईवीबी महिला क्लब विश्व चैंपियनशिप और 2021 यूरोपीय वॉलीबॉल लीग में रजत पदक जीता था।




## शतरंज में बेईमानी उतनी नहीं जितनी दिखाई जाती है : गुकेश

**एजेंसी, प्राग**

विश्व चैंपियन डी गुकेश ने साफ तौर पर कहा है कि शतरंज मे बेईमानी की समस्या उतनी बड़ी नहीं है जितनी उसे पेश किया जा रहा है। गुकेश आनलाइन खेल को प्रभावित करने वाले बेईमानी के खतरे के खिलाफ रूसी ग्रैंडमास्टर ब्लादीमिर क्रामनिक की विवादास्पद मुहिम के पक्षधर भी नहीं हैं।



पूर्व विश्व चैंपियन क्रामनिक ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) पर मानहानि का मुकदमा दायर किया है चूंकि फिडे ने अमेरिका के दिवंगत ग्रैंडमास्टर डेनियल नारोदित्स्की और चेक खिलाड़ी डेविड नवारा के खिलाफ धोखेबाजी के आरोपों के लिए उन्हें फटकारा था। नारोदित्स्की की असामयिक मौत काफी चर्चा में रही और उनका आखिरी वीडियो स्ट्रीम भी जिसमें उन्होंने क्रामनिक के आरोपों के कारण मानसिक तनाव की बात की थी । हाल ही में आई एक मेडिकल रिपोर्ट में हालांकि कहा गया कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई थी। गुकेश ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के लिये आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'मैं किसी भी तरह के अनुचित खेल के खिलाफ हूं। यह ऐसी समस्या है जो देखने में आई है। मैंने न तो कभी बेईमानी की है और उम्मीद करता हूं कि कोई ऐसा नहीं करता होगा।' उन्होंने कहा ,'मुझे लगता है कि लोग इस समस्या को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं, इतनी समस्या है नहीं । क्रामनिक के आरोपों की बात करें तो अधिकांश से मैं इत्तेफाक नहीं रखता। मुझे लगता है कि शतरंज जगत में और समरसता और शांति होनी चाहिए।' इससे पहले दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन, फिडे अध्यक्ष अर्काडी डीवोरकोविच और भारत के अर्जुन एरिगेसी तथा निहाल सरीन ने भी क्रामनिक की आलोचना की थी क्योंकि वह अपने आरोपों के पक्ष में सबूत नहीं दे सके थे।

## धवन की पूर्व पत्नी को लौटाने होंगे 5.7 करोड़

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन की पूर्व पत्नी आयशा मुखर्जी को 5.7 करोड़ रुपए लौटाने होंगे। धवन ने यह पैसा आयशा को तलाक के बाद सेटलमेंट के रूप में दिया था, लेकिन दिल्ली हाईकोर्ट का मानना है कि धवन की ओर से प्रॉपर्टी सेटलमेंट के रूप में दी गई यह रकम भारतीय कानून के हिसाब से सही नहीं है।



लिहाजा ऑस्ट्रेलिया की फैमिली कोर्ट का फैसला भारत पर लागू नहीं होगा। रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली की फैमिली कोर्ट के जज देवेंद्र कुमार गर्ग ने अपने आदेश में कहा है कि आयशा ऑस्ट्रेलिया की अदालत के फैसले के तहत शिखर धवन से 16.9 करोड़ रुपए की डिमांड नहीं कर सकती हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, भारतीय फैमिली लॉ एक्ट 1975 के तहत प्रॉपर्टी सेटलमेंट का नियम भारतीय मैट्रिमोनियल लॉ और हिंदू मैरेज एक्ट 1955 के साथ ही मेल खाता है। लिहाजा आयशा ने प्रॉपर्टी सेटलमेंट नियम के तहत जो 5.7 करोड़ की रकम ली है, उसे शिखर धवन को लौटाना होगा। (अंनत ज्ञान)

## शास्त्री ने भारतीय टीम को अतिरिक्त स्पिनर लेकर उतरने की दी सलाह

**एजेंसी, चेन्नई**



पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ चरण के पहले मुकाबले में मिली हार भारत के लिए खतरे की घंटी रही है और अब उसे टीम संयोजन पर पुनर्विचार करना होगा। दक्षिण अफ्रीका से रविवार को 76 रन से मिली पराजय के बाद भारत को अब बृहस्पतिवार को जिम्बाब्वे से खेलना है। पिछले टी20 विश्व कप से चले आ रहे 12 मैचों में जीत के सिलसिले पर भी इससे रोकलग गई। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू के ताजा अंक में कहा ,'आपने लगातार 12 मैच जीते तो एक खराब दिन तो आना ही है, लेकिन मुझे खुशी है कि यह जल्दी आ गया।

यह भारत के लिये जरूरी खतरे की घंटी रहा। इससे अब टीम को रणनीति और संयोजन पर फिर से विचार करना होगा।' उन्होंने कहा ,'उन्होंने पिछले अनुभव से सबक ले लिया होगा कि चीजों को हलके में नहीं लेना है। एक और मैच हारने से काफी दबाव बन जाएगा।' शास्त्री ने भारतीय टीम को अतिरिक्त स्पिनर लेकर उतरने की सलाह दी।

उन्होंने कहा , 'अक्षर पटेल को वापिस लाना ही होगा। आपको उसके अनुभव की जरूरत है । मैं तो कहूंगा कि अक्षर और वॉशिंगटन सुंदर दोनों खेल सकते हैं क्योंकि किसी दिन कोई गेंदबाज तो खराब फॉर्म में होगा है। जैसे रविवार को वरूण चक्रवर्ती था।'

उन्होंने कहा ,'अक्षर खेलता है तो आठवें नंबर पर बल्लेबाजी करेगा। पांचवें नंबर पर हार्दिक पंड्या और छठे पर शिवम दुबे हैं। सुंदर सातवें नंबर पर है तो अक्षर पांचवें पर भी आ सकता है । अगर टी20 क्रिकेट में आठ बल्लेबाज भी नहीं चल पा रहे तो कुछ तो गलत है । ऐसे में एक अतिरिक्त गेंदबाज का विकल्प अहम है।' (अनंत ज्ञान)

## आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप
### सेमीफाइनल और फाइनल मैचों की टिकट बिक्री शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों के टिकट 24 फरवरी को शाम 7 बजे से बिक्री के लिए उपलब्ध हो गए हैं। टिकट आधिकारिक वेबसाइट **tickets.tw®worldcup.com** पर उपलब्ध होगी। फैंस 4 मार्च को होने वाले पहले सेमीफाइनल, 5 मार्च को दूसरे सेमीफाइनल और 8 मार्च को खेले जाने वाले फाइनल मैच के लिए टिकट खरीद सकते हैं। अगर भारत का मुकाबला सेमीफाइनल में पाकिस्तान के साथ नहीं होता है, तो टीम इंडिया के सेमीफाइनल में पहुंचने मुकाबला 5 मार्च को मुंबई में हो सकता है। अगर भारत का मुकाबला सेमीफाइनल में पाकिस्तान के साथ नहीं होता है, तो टीम इंडिया के सेमीफाइनल में पहुंचने मुकाबला 5 मार्च को मुंबई में हो सकता है। पहले सेमीफाइनल के लिए वेन्यू फिलहाल तय नहीं, वह टीमों के सेमीफाइनल में पहुंचने के आधार पर तय किया जाएगा। यानी यह मैच या तो कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होगा या कोलकाता के ईडन गार्डन्स में। यह पूरी तरह से इस बात पर निर्भर करेगा कि कौन सी टीमें सेमीफाइनल में पहुंचती हैं। वहीं, दूसरा सेमीफाइनल 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना तय है। अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचता है और उसका मुकाबला भारत से होगा, तो यह 4 मार्च को कोलंबो में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## चैंपियंस लीग : बोडो/ग्लिम्ट ने इंटर मिलान को 2-1 से हराकर किया बड़ा उलटफेर

### नॉर्वे के क्लब ने पहली बार अंतिम-16 में किया प्रवेश

**एजेंसी, मिलान**

नॉर्वे के क्लब बोडो/ग्लिम्ट ने मंगलवार को सैन सिरो स्टेडियम में खेले गए प्लेऑफ के दूसरे चरण में पिछले सत्र के उपविजेता इंटर मिलान को 2-1 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इस जीत के साथ बोडो/ग्लिम्ट ने कुल 5-2 के अंतर से मुकाबला अपने नाम करते हुए पहली बार चैंपियंस लीग के अंतिम-16 चरण में जगह बना ली। पहले चरण में बोडो में 3-1 की जीत से बढ़त बनाने वाली नॉर्वेजियन टीम ने दूसरे चरण में भी दबदबा बनाए रखा।




मैच के 58वें मिनट में येन्स पेट्टर हाउगे ने गोलकीपर द्वारा रोके गए शॉट पर रिबाउंड को गोल में बदलकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके 14 मिनट बाद हाकॉन एवजेन ने सटीक दाएं पैर के शॉट से स्कोर 2-0 कर मुकाबला लगभग तय कर दिया। आर्कटिक सर्कल क्षेत्र से आने वाली इस टीम की इस सत्र में परीकथा जैसी यात्रा रही है।

अंतिम दो मुकाबलों में मैनचेस्टर सिटी और एटलेटिको मैड्रिड पर शानदार जीत दर्ज कर टीम प्लेऑफ में पहुंची थी। इंटर के खिलाफ पहले चरण की जीत के बाद बोडो/ग्लिम्ट ने लगातार तीसरी जीत हासिल की और वही शुरुआती एकादश दूसरे चरण में भी उतारी। (अनंत ज्ञान)

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे चंबा के पंकज

**अनंत ज्ञान, सुनील पहाड़ी, सलूणी।** जिला चंबा की तहसील सलूणी के गांव खरोठी के होनहार धावक पंकज बसंत ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। राजधानी नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पंकज ने 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही 100 मीटर और 200 मीटर स्पर्धाओं में भी उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक हासिल किए।



पंकज ने अपनी प्रारंभिक खेल तैयारी धर्मशाला में की। कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन प्राप्त किया और वहां अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। प्रतिस्पर्धा के दौरान उन्होंने बेहतरीन समय के साथ दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गांव खरोठी सहित पूरे जिला चंबा में उत्सव जैसा माहौल है। पंकज बसंत का चयन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हो चुका है। वे शीघ्र ही अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उनकी इस उपलब्धि ने युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का नया अध्याय लिख दिया है। खेल प्रेमियों को विश्वास है कि पंकज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी स्वर्णिम सफलता हासिल कर देश और प्रदेश का नाम ऊंचा करेंगे।

## द हंड्रेड टूर्नामेंट : राष्ट्रीयता के आधार पर बाहर नहीं किए जाएंगे खिलाड़ी : ईसीबी

### प्रदर्शन, उपलब्धता और टीम की जरूरतों के आधार पर की जाएगी सिलेक्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तानी खिलाड़ियों को द हंड्रेड टूर्नामेंट की चयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार के भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मंगलवार को यह स्पष्ट किया। हाल ही में ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थीं कि भारत के स्वामित्व वाली कुछ फ्रेंचाइजियां राजनीतिक तनाव के कारण पाकिस्तानी खिलाड़ियों को नजरअंदाज कर सकती हैं।

बीबीसी की एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि आठ टीमों की इस प्रतियोगिता में शामिल चार भारतीय स्वामित्व वाली फ्रेंचाइज़ियां— मैनचेस्टर सुपर जायंट्स, एमआई लंदन, साउदर्न ब्रेव और सनराइजर्स लीड्स — अगले महीने होने वाली नीलामी में पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर विचार नहीं कर रही हैं। द हंड्रेड के आगामी सीजन के लिए कुल 67 पाकिस्तानी खिलाड़ियों (63 पुरुष और 4 महिला) ने अपना नाम चयन हेतु पंजीकृत कराया है।

ईसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा, 'इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड तथा द हंड्रेड की सभी आठ फ्रेंचाइजियां इस बात की पुनः पुष्टि करती हैं कि यह प्रतियोगिता समावेशी, स्वागतयोग्य और सभी के लिए खुली रहेगी। सभी टीमें चयन केवल क्रिकेट प्रदर्शन, उपलब्धता और टीम की जरूरतों के आधार पर करेंगी।'

गौरतलब है कि कूटनीतिक तनाव के चलते पाकिस्तानी खिलाड़ी वर्ष 2009 के बाद से इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा नहीं ले पाए हैं। अब जब आईपीएल मालिक विभिन्न देशों की लीगों में भी टीमों के मालिक हैं, तो आशंका जताई जा रही थी कि अन्य टूर्नामेंटों में भी पाकिस्तानी खिलाड़ियों के अवसर सीमित हो सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### खिलाड़ियों की 11-12 मार्च को लंदन में होगी नीलामी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन भी उन लोगों में शामिल रहे जिन्होंने इन अफवाहों के बाद ईसीबी से हस्तक्षेप की मांग की थी। वॉन ने कहा, 'वे इस लीग के मालिक हैं और ऐसा होने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। यदि क्रिकेट को देश का सबसे समावेशी खेल बनाना है, तो इस तरह की स्थिति स्वीकार्य नहीं हो सकती।'

## जम्मू-कश्मीर ने दूसरे दिन बनाए 527 रन

**एजेंसी, हुबली।** जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी खत्म होने से पहले आठ बार की चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में छह विकेट पर 527 रन बना लिए। जम्मू-कश्मीर ने सुबह दो विकेट पर 284 रन से आगे खेलते हुए अच्छी पिच का फायदा उठाया जिसमें कन्हैया वधावन और कप्तान पारस डोगरा ने 70-70 रन बनाए।

शुभम पुंडीर ने 121 रन बनाकर पहले ही लय बना दी थी, जबकि यावर हसन (88) और अब्दुल समद (61) ने अर्धशतक बनाए। साहिल लोत्रा ने सातवें नंबर पर नाबाद 57 रन बनाकर 50 रन का आंकड़ा पार करने वाले छठे बल्लेबाज बने। उनके साथ आबिद मुश्ताक 20 रन बनाकर खेल रहे हैं। कर्नाटक के लिए तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 90 रन देकर तीन विकेट लिए। (अनंत ज्ञान)

## मुक्केबाजी — दो दिग्गज बॉक्सर एक बार फिर होंगे आमने-सामने

# मेवेदर-पैकियाओ में मुकाबला 19 सितंबर को

**एजेंसी, लास वेगास**

मुक्केबाजी की दुनिया के दो सबसे बड़े दिग्गज फ्लॉयड मेवेदर जूनियर और मैनी पैकियाओ एक बार फिर प्रोफेशनल रिंग में आमने-सामने होंगे। इस ऐतिहासिक री-मैच की घोषणा कर दी गई है, जो 19 सितंबर को लास वेगास के अत्याधुनिक 'द स्फीयर' में होगा। दोनों खिलाड़ी 11 साल बाद एक बार फिर आमने-सामने होंगे।

◆ **मेवेदर का 50-0 का परफेक्ट रिकॉर्ड, पैकियाओ ने पिछले साल की थी रिंग में वापसी**

इससे पहले 2 मई 2015 को हुई उनकी पहली भिड़ंत ने कमाई और व्यूअरशिप के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे।

उस फाइट से 410 मिलियन डॉलर (करीब 2680 करोड़ रुपए) का रेवेन्यू जनरेट हुआ था जबकि टिकट विंडो से 72.2 मिलियन डॉलर (करीब 470 करोड़) की कमाई हुई थी। वह मुकाबला मेवेदर ने अपने नाम किया था।



अमेरिका के मेवेदर ने हाल ही में रिंग में वापसी की पुष्टि की। 49 वर्षीय मेवेदर 2017 में कोनोर मैक्ग्रेगोर को हराने के बाद 50-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ रिटायर हुए थे। वहीं, फिलीपींस के 47 वर्षीय पैकियाओ ने भी 2025 में मारियो बैरियोस के खिलाफ ड्रॉ खेलकर रिंग में वापसी की है। उन्होंने करियर में 73 फाइट में से 62 जीती हैं। (अनंत ज्ञान)